आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 42 | उज्जैन, गुरुवार 26 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# मध्यप्रदेश की भोजशाला में मिले 800 साल के सबूत

## संस्कृत शिलालेख में शिक्षा केंद्र के प्रमाण, अरबी में सुल्तान का नाम मिला, हाईकोर्ट ने मांगे दावे-आपत्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की धार स्थित भोजशाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट पर दो हफ्ते के भीतर अपनी आपत्तियां और सुझाव देने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी, जहां दाखिल जवाबों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। एएसआई ने हाईकोर्ट के आदेश पर 22 मार्च 2024 से करीब 100 दिन तक परिसर और उससे 50 मीटर की परिधि में जांच, सर्वे और सीमित उत्खनन किया। टीम में पुरातत्वविद्, अभिलेखविद्, रसायनविद् और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे।



### शिक्षण केंद्र की संभावना जताने वाले शिलालेख मिले

रिपोर्ट में 12वीं से 20वीं सदी तक के शिलालेखों के प्रमाण मिले हैं। इनमें संस्कृत-प्राकृत के साथ नागरी लिपि के लेख और अरबी-फारसी में लिखे शिलालेख शामिल हैं। कुछ शिलालेख धार्मिक गतिविधियों का संकेत देते हैं तो कुछ शिक्षण केंद्र होने की संभावना जताते हैं।

### कुछ पत्थरों पर लिखावट मिटाकर दोबारा इस्तेमाल के संकेत

रिपोर्ट के मुताबिक, भोजशाला परिसर में 56 अरबी-फारसी शिलालेख मिले, जिनमें दुआएं, नाम और धार्मिक वाक्य हैं। वहीं, 12वीं-16वीं सदी के संस्कृत-प्राकृत शिलालेख भी मिले, जिनमें पारिजातमंजरी-नाटिका और अवनिकर्मसातम जैसे उल्लेख शामिल हैं। कुछ पत्थरों पर लिखावट मिटाकर दोबारा इस्तेमाल किए जाने के संकेत भी मिले हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यह स्थल अलग-अलग कालखंडों में धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक उपयोग में रहा। ब्रिटिश काल से लेकर अब तक इसके संरक्षण के प्रयासों का भी जिक्र है।

### परमार राजा के गुरु की लिखी नाटिका का मिला उल्लेख

शिलालेखों में पारिजातमंजरी नाटिका, अवनिकर्मसातम और नागबंध जैसे लेख मिले हैं। इनका जिक्र एएसआई की पुस्तकों एपिग्राफिया इंडिका और कॉर्पस इंसक्रिप्शनम इंडिकारम में भी है। पारिजातमंजरी नाटिका को धार के परमार वंश के राजा अर्जुनवर्मन के गुरु मदन ने लिखा था। प्रस्तावना में बताया गया है कि इस नाटक का पहला मंचन देवी सरस्वती के मंदिर में हुआ था। एक शिलालेख में प्राकृत भाषा के दो काव्य मिले हैं, जिनमें हर एक में 109 पद्य हैं। पहले काव्य का नाम अवनिकर्मसातम है। माना जाता है कि इसकी रचना महाराजाधिराज भोजदेव ने की थी।

### पढ़ाई-लिखाई और व्याकरण वाले शिलालेख भी मिले

पश्चिमी स्तंभशाला में मिले नागबंध शिलालेख पढ़ाई-लिखाई और व्याकरण के नजरिए से महत्वपूर्ण माने गए हैं। इनसे संकेत मिलता है कि यह स्थान कभी शिक्षण केंद्र रहा होगा। माना जाता है कि इसकी स्थापना राजा भोजदेव ने कराई थी। जांच के दौरान 13वीं सदी के आसपास के करीब 50 शिलालेखों के टुकड़े मिले। साथ ही एक प्रतिमा के आधार का टूटा हिस्सा भी मिला। कई पत्थर की पट्टिकाओं पर लिखावट जानबूझकर मिटाई गई थी और बाद में इन्हें निर्माण कार्य में इस्तेमाल कर लिया गया। इसके अलावा 34 छोटे-छोटे खुदे हुए नाम भी मिले हैं। इनमें कुछ नाम 13वीं सदी के हैं, जबकि ज्यादातर 16वीं सदी के बताए गए हैं।

# विधानसभा में अदाणी माइंस, गोवंश पर हंगामा

## बीजेपी विधायक बोले- पेड़ कटाई से सिंगरौली में नुकसान नहीं, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा- 90 डिग्री ब्रिज होना गलत नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज आठवां दिन है। सदन में सिंगरौली में अदाणी माइंस, निराश्रित गोवंश को लेकर हंगामा हुआ। वहीं पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 90 डिग्री पुल को तकनीकी रूप से सही करार दिया।

सिंगरौली में अदाणी समूह की कोल माइंस के लिए पेड़ कटाई के मामले में भाजपा विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि पेड़ कटाई से सिंगरौली का एक पैसे का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कोल माइंस के लिए पेड़ काटना जरूरी है, क्योंकि बिना कोयले के बिजली और बिना बिजली के पानी संभव नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि पेड़ कटाई के बजाय विस्थापन और मुआवजे के



मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। सिंगरौली के प्रदूषण पर उन्होंने कहा कि वे वहीं के निवासी हैं। असली समस्या जमीन, विस्थापन और मुआवजे की है, जिस पर सरकार काम कर रही है। अदाणी को खदान मिलने पर उन्होंने कहा कि खदान नीलामी प्रक्रिया से मिलती है और अदाणी के अलावा एस्सार, जेपी और नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड जैसी कंपनियां भी वहां काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जहां उद्योग होगा, वहां प्रदूषण होगा, लेकिन उसके रोकथाम के लिए सरकार प्रयास कर रही है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस मामले को लेकर गंभीर हैं।

### कांग्रेस विधायक ने उठाया निराश्रित गोवंश का मुद्दा

- कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश से किसानों की फसलें नष्ट होने और यातायात बाधित होने की स्थिति पर ध्यान आकर्षित किया।
- कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि निराश्रित गोवंश से परेशान होकर किसान अपने खेतों में करंट लगा देते हैं, जिससे अनजाने में गोवंश की मौत हो जाती है।
- कई बार बच्चे भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। सरकार के गोशाला बनाने पर उन्होंने कहा कि दुबई और ऑस्ट्रेलिया की जो कंपनियां यहां आने को तैयार हैं, वे गोवंश की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि गो मांस के उद्देश्य से आना चाहती हैं।
- इधर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बोले- सरकार गोशालाएं खोलना चाहती है और मेरी जानकारी के अनुसार, इसके लिए लगभग चालीस रुपए प्रति पशु दिए जा रहे हैं।
- उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बड़े उद्योगपतियों या बाहरी कंपनियों को इसमें शामिल करने की योजना है। क्या बाहरी कंपनियां हिंदू रीति-रिवाज और संस्कृति को समझ पाएंगी और क्या वे गोमाता को उसी श्रद्धा से मानेंगी।

### पीएम मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे

# इजराइली पीएम नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर किया रिसीव

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया।

पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे। मोदी आज इजराइल की संसद को भी संबोधित करेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय



समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। मोदी के इस दौरे पर भारत और इजराइल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजराइली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा।

# मंदसौर में ड्रग्स बनाने का केमिकल जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वायडी नगर थाना क्षेत्र के एक मकान से भारी मात्रा में ड्रग्स बनाने का संदिग्ध केमिकल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में टीम ने विजय हाउसिंग सोसायटी स्थित एक मकान पर छापा मारकर करीब 1886.6 किलोग्राम केमिकल जप्त किया। यह कार्रवाई मकान मालकिन द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद की गई, जिन्होंने अपना मकान प्रतापगढ़ निवासी श्रेयांस मोगरा को किराए पर दिया था।

जानकारी के अनुसार, मकान मालकिन ललिता जैन ने पुलिस को आवेदन देकर अपना मकान वापस सुपुर्दगी में दिलाने की मांग की थी। जब उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा की टीम ने मौके पर पहुंचकर ताला तोड़ा, तो अंदर रखे नीले, हरे और पीले ड्रमों से रसायनों की तीक्ष्ण गंध आ रही थी। जांच करने पर इन ड्रमों में मादक पदार्थ विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाला तरल संदिग्ध केमिकल पाया गया। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से सारा माल जप्त कर आरोपी श्रेयांस मोगरा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# 590 करोड़ बैंक घोटाले में मैनेजर सहित 4 गिरफ्तार

## हरियाणा सरकार को 7 महीने पहले लगी थी भनक, एसीएस ने लेटर भेज अलर्ट किया

एजेंसी ▸▸ पंचकूला

हरियाणा के सरकारी डिपार्टमेंट के खातों में 590 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पंचकूला में एंटी करप्शन ब्यूरो के चीफ एएस चावला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने बताया कि 23 फरवरी





को पंचायत विभाग से एक लेटर मिला था, जिसमें गबन की जानकारी दी गई थी। इसके बाद एसीबी में मुकदमा नंबर 4 दर्ज किया गया। इस मामले में एसीबी ने देर रात रिभव ऋषि और अभय को गिरफ्तार किया। रिभव आईडीएफसी बैंक का मैनेजर है, जबकि अभय बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर था। इन्होंने ही इस घोटाले की प्लानिंग की थी। दोनों को एसीबी ने राउंड अप किया गया। जांच में पता चला कि एक स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट के खाते में करीब 300 करोड़ रुपए गए थे। इसके अलावा, अव स्मॉल फाइनेंस बैंक में भी पैसा गया। अभय की पत्नी के भाई अभिषेक को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया है। वहीं, इस फ्रॉड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सरकार को पिछले साल जुलाई में ही इस गड़बड़ी की भनक लग गई थी। इसे लेकर वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों को लेटर लिखकर अलर्ट भी किया था।

# महिला और उसके 3 बच्चों की गला रेतकर हत्या, पति फरार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के समयपुर बादली क्षेत्र से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां बुधवार को एक घर के अंदर महिला और उसके तीन मासूम बच्चियों के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चारों की हत्या किसी धारदार हथियार से गला रेतकर की गई। पुलिस को इस बात का शक है कि इस जघन्य हत्याकांड को महिला पति ने अंजाम दिया है। वह अभी फरार है। यह दर्दनाक घटना समयपुर बादली के चंदन पार्क से सामने आई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां पर एक घर के अंदर चार शव मिले हैं। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कमरे का मंजर देखकर हैरान रह गई। महिला और उसके तीन नाबालिग बच्चियों की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी।

# ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत

एजेंसी ▸▸ मिनास गैरैस

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में स्टेट ऑफ कैलैमिटी घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है। सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थायी शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है। मेयर ने तीन दिन का शोक घोषित किया है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि यह फरवरी शहर के इतिहास की सबसे ज्यादा बारिश वाली रही है।

# अमेरिका में तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

## 5 लाख घरों की बिजली गुल, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं।

सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई।



सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

## देश विदेश

### बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफ्री से अपने संबंधों की जिम्मेदारी ली

**वाशिंगटन।** बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर जिम्मेदारी ली है। रॉयटर्स के मुताबिक, गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टी की। उन्होंने बताया कि हालिया टाउन हॉल बैठक में गेट्स ने कर्मचारियों के सामने इस मुद्दे पर खुलकर बात की और माफी मांगी। रिपोर्ट के मुताबिक गेट्स ने कर्मचारियों से कहा कि एपस्टीन के साथ समय बिताना और फाउंडेशन के अधिकारियों को उन बैठकों में ले जाना बहुत बड़ी गलती थी। रिपोर्ट में टाउन हॉल की रिकॉर्डिंग का हवाला दिया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को एपस्टीन से जुड़ी फाइल्स जारी की थी। इससे पता चला था कि एपस्टीन की सजा पूरी होने के बाद भी गेट्स उनसे कई बार मिले थे। इन बैठकों का मकसद चैरिटी गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा बताया गया।

### महिलाओं पर नस्लीय कमेंट करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और उसके पति हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को एससी/एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने कपल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले मंगलवार को हर्ष सिंह ने न्यूज एजेंसी से कहा कि हम शर्मिंदा हैं। ये सब कुछ हीट ऑफ द मोमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों और दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है।

### कंगना रनोट मानहानि केस में 10 मार्च को सुनवाई



बठिंडा में वकीलों की हड़ताल के कारण बढ़ी तारीख, किसान आंदोलन से जुड़ा मामला

**बठिंडा।** मंडी से सांसद कंगना रनोट के खिलाफ मानहानि मामले की अगली सुनवाई अब 10 मार्च को बठिंडा कोर्ट में होगी। बठिंडा कोर्ट में वकीलों की हड़ताल के कारण शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, जिसके चलते अगली तारीख तय की गई है। किसान महिला बेबे महिंदर कौर के वकील रघबीर सिंह बहनीवाल ने बताया कि अगली सुनवाई पर उनकी ओर से दो गवाह पेश किए जाएंगे, जिनमें एक किसान नेता भी शामिल होंगे। इसके साथ ही, कंगना रनोट के पासपोर्ट सरेंडर करने की अर्जी पर भी कोर्ट सुनवाई करेगा। वकील बहनीवाल ने कोर्ट में कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्होंने यह भी बताया कि बेबे महिंदर कौर और उनका परिवार न्याय के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। बता दे कि यह मामला दिल्ली में कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन से जुड़ा है। उस दौरान, बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया निवासी बेबे महिंदर कौर ने याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कंगना रनोट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके खिलाफ एक पोस्ट डाली थी। कंगना रनौत ने कथित तौर पर अपनी पोस्ट में कहा था कि ऐसी महिलाएं धरने पर 100-100 रुपये लेकर आती हैं। इसी टिप्पणी के बाद से बेबे महिंदर कौर ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था। कुछ समय पहले कंगना रनोट ने सुप्रीम कोर्ट में इस केस को खत्म करने की अपील की थी, लेकिन शीर्ष कोर्ट ने इसे अस्वीकार कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट से झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को राहत

**रांची/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ ईडी की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह मामला झारखंड के कथित जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग प्रकरण और श्वष्ठ के समन का पालन न करने से संबंधित है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने ईडी से कहा कि उन्होंने समाचार पत्रों में पढ़ा है कि एजेंसी ने बड़ी संख्या में बल्क शिकायतें दाखिल की हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि एजेंसी को अपनी ऊर्जा उन मामलों पर केंद्रित करनी चाहिए, जिनसे ठोस और रचनात्मक परिणाम निकल सकें। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### नासिक तीन दिन में 5 बार भूकंप के झटकों से थर्राया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले के सीमावर्ती इलाकों में पिछले तीन दिनों से धरती के कांपने का सिलसिला थम नहीं रहा है। हरसूल और पेठ क्षेत्र में रविवार से लेकर मंगलवार तक लगातार पांच बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि ये सभी झटके कम तीव्रता के थे, लेकिन बार-बार हो रही इस भूगर्भीय हलचल ने स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है और पूरे जिले में चिंता का माहौल है। नासिक के मेरी स्थित भूकंप मापन केंद्र के अनुसार, रविवार शाम से शुरू हुआ यह सिलसिला मंगलवार सुबह तक जारी रहा। रिकॉर्ड के मुताबिक, रविवार शाम 7.49 बजे और रात 9.35 बजे 1.5 रिक्टर स्केल के दो झटके महसूस किए गए।

"कैंसर, किडनी रोग और महिलाओं में रक्ताल्पता पर विशेष फोकस के साथ जनस्वास्थ्य को समर्पित
डॉ. ए.के. द्विवेदी का व्यापक एनीमिया जागरूकता अभियान 9826042287





समाज में एनीमिया के सभी प्रकार के मरीजों के लिए व्यापक जनजागरूकता लाने वाले वरिष्ठ होम्योपैथिक विशेषज्ञ वर्तमान में भारत सरकार के Central Council for Research in Homoeopathy (आयुष मंत्रालय) के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य हैं। वे North Eastern Institute of Ayurveda & Homoeopathy, शिलांग (मेघालय) - आयुष मंत्रालय की साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी के सदस्य तथा Devi Ahilya Vishwavidyalaya, इंदौर के कार्यपरिषद सदस्य भी हैं। "Prevention is better than cure" के संदेश के साथ यह अभियान जनस्वास्थ्य को केंद्र में रखकर संचालित किया जा रहा है। जनजागरूकता से संबंधित साहित्य भी Hindi Granth Academy द्वारा प्रकाशित किया गया है। राज्यपाल द्वारा शुभारंभ - 20 लाख लोगों तक पहुँचने का लक्ष्य Shri Mangu Bhai Patel द्वारा 12 दिवसीय एनीमिया जागरूकता रथ अभियान का शुभारंभ Devi Ahilya Vishwavidyalaya परिसर में किया गया। यह अभियान 17 फरवरी से 1 मार्च तक संचालित होकर इंदौर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 20 लाख लोगों तक पहुँचने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। अभियान निम्न संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है:

- Sansad Seva Prakalp
- Ayush Medical Welfare Foundation
- Advanced Homoeopathic Society

कार्यक्रम में सांसद Shankar Lalwani, कुलगुरु प्रो. Rakesh Singhai, कुलसचिव Prajjwal Khare सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। एनीमिया के प्रमुख कारणों पर विशेष फोकस विशेषज्ञों ने बताया कि एनीमिया केवल पोषण की कमी से ही नहीं, बल्कि कई गंभीर रोगों के कारण भी होता है। कैंसर उपचार के दौरान कीमोथेरेपी/रेडियोथेरेपी के कारण हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स कम हो जाते हैं, जिससे गंभीर एनीमिया एवं पैनसाइटोपेनिया की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। क्रोनिक किडनी डिजीज (CKD) किडनी की दीर्घकालीन बीमारी में शरीर पर्याप्त एरिथ्रोपोइटिन नहीं बना पाता, जिससे लाल रक्त कणों का निर्माण कम हो जाता है और एनीमिया विकसित होता है। ब्लीडिंग पाइल्स लगातार या बार-बार होने वाला रक्तस्राव धीरे-धीरे शरीर में आयरन की कमी और गंभीर एनीमिया का कारण बन सकता है। अनियमित माहवारी एवं अत्यधिक रक्तस्राव महिलाओं में अत्यधिक या लंबे समय तक मासिक रक्तस्राव (Menorrhagia) एनीमिया का प्रमुख कारण है। किशोरियों और प्रजनन आयु की महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। ''समय रहते जांच अत्यंत आवश्यक'' और होम्योपैथिक चिकित्सा के लिए संपर्क कीजिए : 9826042287

एडवांस्ड होम्यो-हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च प्रा.लि. इन्दौर
8/9, मयंक अपार्टमेंट, मनोरमागंज, गीता भवन मंदिर रोड, इन्दौर (म.प्र.)
Mob. 99931-90140, 98935-19287 Clinic 07314064471
Watch us on YouTube
Call for Homeopathy Treatment 98260 42287
E-mail : drakdindore@gmail.com

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### अब बारी-बारी से विभागों को सामने लाया जाए...




महाआयोजन की के लिए शेष बचे दिनों की अब उलटी गिनती शुरू होने को है। निर्माण कार्यों को जमकर अंजाम दिया जा रहा है। विभिन्न विभाग अपने अपने काम एवं उनके पूर्ण होने की स्थिति को लेकर कमर कसकर मैदान में डटे हुए हैं। धडाधड कामों को अंजाम देने के लिए बराबर वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं और समन्वय भी बना रहे हैं। हजारों करोडों के कामों को अंजाम दिया जा रहा है। आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या के मान से सभी व्यवस्थाएं जुटाई जाना है। विभागीय स्तर पर इन कामों को समय पर पूर्ण करने के लिए भी कश्मकश चल रही है। धरातल पर आकार ले रहे कामों को लेकर सीधे विभागीय स्तर पर कार्यों की जानकारी सीधे तौर पर चौथा स्तंभ को उपलब्ध करवाने की भी अब शुरूआत होना चाहिए। इसके लिए चौथास्तंभ से जुडे विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए पूर्ववत तैयारियों के साथ चौथा स्तंभ के प्रतिनिधियों के समक्ष जानकारी रखी जाना चाहिए। इससे देश के साथ ही साथ विदेशों तक भी इसका प्रचार प्रसार होगा और महाआयोजन में आगंतुक विदेशी मेहमानों का भी चाव बनने लगेगा। इस बार का महाआयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण होने वाला है इनमें एआई भी एक मुद्दा बनेगा । चौथा स्तंभ के प्रतिनिधियों में खुसूर-फुसूर है कि निर्माण कार्यों के साथ ही विभागीय अधिकारी उसकी उपयोगिता बताएंगे और महाआयोजन में उसके उपयोग के बाद की स्थिति में शहर विकास में उसका योगदान बताएंगे और उसका प्रचार प्रसार होगा तो देश भर में इससे श्रद्धालु अवगत होंगे। इससे श्रद्धालु में व्यवस्थाओं का चाव बनेगा और बडी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। जल्द ही ऐसे किसी आयोजन को लेकर चौथास्तंभ के विभाग को रूपरेखा बनाकर इसे अमल में लाना चाहिए।अन्यथा जंगल में मोर तो नाच ही रहा है।

### ट्रैंडिंग




### ज्योतिषाचार्य शर्मा ने कराया पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के परिवार में पाणि ग्रहण संस्कार



**उज्जैन।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी के परिवार में पानी ग्रहण संस्कार कराते हुए पंडित ज्योतिषाचार्य ओम प्रकाश शर्मा उज्जैन के द्वारा विवाह संस्कार संपन्न कराया गया और पूर्व राष्ट्रपति जी से मिलना हुवा बाबा महाकाल की बहुत बड़ी कृपा की हमारे भारत के राष्ट्रपति जी पूरे परिवार से मिलना हुआ भगवान महाकाल से ही प्रार्थना करेंगे कि वह हमेशा स्वस्थ रहें मस्त रहें स परिवार के ऊपर महाकाल बाबा की कृपा बनी रहे हमेशा।

एक हेक्टेयर जमीन जरूरी लेकिन जिम्मेदार ध्यान देने को तैयार नहीं, ना नियम की पार्किंग न ही 18 मीटर चौडा रोड फिर भी एक दिन की वसूली लाखों की

# मैरिज गार्डन बनाम अधिकारियों के प्रश्रय का धंधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मैरिज गार्डन बनाम अधिकारियों के प्रश्रय का धंधा वर्तमान में शादी के सीजन में जमकर चल रहा है। नियम तो व्यवस्थित पार्किंग का है और 18 मीटर की रोड भी जरूरी है लेकिन ये सब कागजों में सिमट कर रह गए हैं और होटलों में मैरिज गार्डन बनाकर प्रतिदिन की लाखों रूपए की वसूली का काम जिम्मेदारों की नाक के नीचे अंजाम दिया जा रहा है। इस विकृति को दूर करने की बजाय जिम्मेदार यदा-कदा मूक दर्शक बनकर यहां के आयोजन में शरीक होना पसंद कर रहे हैं।

मैरिज गार्डन का व्यवसाय वर्तमान में भरपूर चल रहा है। प्रति सीजन शादियों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है जो अब इस स्तर तक पहुंच रहा है कि कई लोगों को मैरिज गार्डन ढूंढने पर भी किराए पर नहीं मिलता है। होटलों जिन पर भी नियम लागू होते हैं वे भी नियमों को ताक में रखकर आयोजनों को लेकर लाखों रूपए बटौर रहे हैं और इससे उत्पन्न होने वाली समस्या को आमजन सह रहा है।

### नियम लागू हो तो 90 फीसदी ताले डलें

मैरिज गार्डन के नियमों पर अगर नजर मारी जाए और कागजों से बाहर निकाल कर उन्हें लागू किया जाए तो हालात यह हो जाएं की 90 फीसदी पर ताले डालने की नौबत आ जाए। नियमों को फाईलों में दबाकर बैठे जिम्मेदार इसका पूरा लाभ अर्जित कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मैरिज गार्डन पर ही ये नियम लागू होते हैं। धर्मशालाएं भी इसके दायरे में हैं। साथ ही गली-मोहल्लों और छोटी कॉलोनियों में मैरिज गार्डन और धर्मशालाएं नहीं चल सकती। मप्र भूमि विकास नियम 2012 यह नियम दिसंबर 2014 में प्रशासन के अमल में आया । इसके मापदंड के अनुसार मैरिज गार्डन के लिए न्यूनतम भूमि एक हैक्टेयर होना अनिवार्य है। मैरिज गार्डन के सामने की ओर सडक की न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर होना चाहिए। परिसर का न्यूनतम हिस्सा सामने की ओर 40 मीटर। मैरिज गार्डन में सबसे महत्वपूर्ण है पार्किंग व्यवस्था। नियमानुसार 35 फीसदी स्थान मैरिज गार्डन का पार्किंग के लिए छोडा जाना आवश्यक है। नियमानुसार जमीन उपलब्ध होने पर सबसे पहले उसका डायवर्सन प्रशासन के राजस्व विभाग में कराया जाता है। इसके बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की मंजूरी भी जरूरी है। इसके बाद नगर निगम से फायर एंड पार्किंग की मंजूरी भी ली जाती है। मैरिज गार्डन की मंजूरी के आवेदन को नगर निगम ट्रैफिक पुलिस के पास एनओसी के लिए भेजता है और ट्रैफिक पुलिस की राय के बाद ही परमिशन आगे बढ़ती है।

### ये भी है लफडा

शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन संचालक नगर निगम में जमीन के व्यावसायिक उपयोग की दर से टैक्स जमा कराते हैं। यह खुलासा नहीं किया जाता है कि उस जमीन पर मैरिज गार्डन का संचालन हो रहा है। कुछ गार्डन ऐसे भी हैं जो यह टैक्स भी नहीं जमा कर रहे हैं।

### होटलों, रेस्टोरेंट में शादी नियम विरुद्ध

इधर यह भी सामने आ रहा है कि नियमों को धता बताते हुए जिम्मेदारों की आंखों में धूल डाली जा रही है। कई होटल बनाम रेस्टारेंट पर शादी की दावत और अन्य रस्में भी निभाई जा रही हैं जिसमें 50 से लेकर 200 मेहमान सीधे तौर पर शरीक हो रहे हैं। लेकिन, 2021 में जारी हुए नियमों के अनुसार 50 लोग मौजूद होकर आयोजन करते हैं तो उसे मैरिज गार्डन माना जाएगा। मतलब रेस्टोरेंट के लाईसेंस पर मैरिज गार्डन भी शहर में चलाए जा रहे हैं। इसे लेकर भी जिम्मेदार नियमों का पालन करवाने की अपनी भूमिका निर्वहन करने में अक्षम ही दिखाई दे रहे हैं।

### सीजन में एक भी प्रकरण नहीं

स्थिति यह है कि शादी के इस सीजन में न तो नियम विरूद्ध चल रहे मैरिज गार्डन और न ही होटल बनाम रेस्टोरेंट पर जिम्मेदार कार्रवाई कर सके हैं। खास तो यह है कि स्थानीय शासन को ही इसमें आय का फटका लग रहा है और वही इसे लेकर गंभीर नहीं हैं।

एण्डटीवी के 'हे भगवान- कितना बदल गया इंसान!' सीरियल की उज्जैन में हुई शूटिंग

## मीडिया से रूबरू हुए कलाकार तरुण खन्ना और जयशंकर त्रिपाठी ने बताए अपने आध्यात्मिक अनुभव



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हल्के-फुल्के और पारिवारिक मनोरंजन के अपने वादे को कायम रखते हुए एण्डटीवी ने अपनी आगामी डिवाइन ड्रैमेडी 'हे भगवान- कितना बदल गया इंसान की शूटिंग उज्जैन में की। एक ऐसी कहानी, जो आस्था, बदलते मानवीय मूल्यों और दैवीय हस्तक्षेप को दर्शाती है, की शुरूआत के लिए महाकाल की नगरी और पवित्र महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए प्रसिद्ध उज्जैन से बेहतर स्थान कोई और नहीं हो सकता था।

उज्जैन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो आम भारतीय जीवन में पौराणिक स्पर्श को सहजता से पिरोता है। जिस शहर में कहानी घटित होती है, वहीं शूटिंग करने से महेश शर्मा (जयशंकर त्रिपाठी) की ईमानदारी, विश्वास और अप्रत्याशित दैवीय मार्गदर्शन की यात्रा को वास्तविकता और भावनात्मक गहराई मिली। महादेव की भूमिका निभा रहे तरुण खन्ना उस दैवीय शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मानवता को देखती है और उसका मार्गदर्शन करती है।

### उज्जैन में शूटिंग का खास अनुभव रहा

टीम ने उज्जैन शिप्रा नदी के घाटों, मंदिरों के आसपास और शांत नदी तटों पर शूटिंग की, जहाँ की सादगी और पवित्र ऊर्जा कहानी का मूल स्वर बन गई।

अपने अनुभव साझा करते हुए महादेव का किरदार निभा रहे तरुण खन्ना ने कहा उज्जैन में शूटिंग करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। चूँकि, हमारी कहानी इसी पवित्र शहर पर आधारित है, ऐसे में यहाँ फिल्मांकन करने से वह प्रामाणिकता मिली, जो सेट पर संभव नहीं होती। यहाँ के लोगों और संस्कृति के बीच रहकर मैं कहानी से और गहराई से जुड़ पाया। उज्जैन की आध्यात्मिक ऊर्जा अत्यंत शक्तिशाली है, जिसने महादेव के किरदार से मेरा संबंध और मजबूत किया। इस शेड्यूल की खास बात यह भी रही कि मैंने अपना जन्मदिन इसी पावन नगरी में मनाया। पैक-अप के बाद मैं अक्सर मंदिरों में जाकर कुछ शांत पल बिताता था और वहाँ की शांति को महसूस करता था।

शो में ईमानदार वकील महेश शर्मा की भूमिका निभा रहे जयशंकर त्रिपाठी ने कहा, उज्जैन में शूटिंग होने से मुझे महेश के सत्य और नैतिकता जैसे मूल्यों से और गहराई से जुड़ने का मौका मिला। यहाँ की आस्था और श्रद्धा का वातावरण किरदार की यात्रा को और अधिक वास्तविक बनाता है। स्थानीय लोगों की सादगी और आत्मीयता काफी प्रेरणादायक रही। शूटिंग के दौरान मैंने स्थानीय संस्कृति को करीब से महसूस किया, चाहे घाटों पर लोगों से बातचीत करना हो या फिर पारंपरिक पोहा और जलेबी का स्वाद लेना। यह अनुभव मेरे लिए व्यक्तिगत और आत्मिक दोनों स्तर पर खास रहा।

'हे भगवान- कितना बदल गया इंसान!' का प्रीमियर जल्द ही एण्डटीवी पर होगा और इसे विशेष रूप से हिंदी जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा।

## शयन आरती में 250 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क




### मुख्यमंत्री से संध्या आरती व शयन आरती का शुल्क वापस लेने की मांग

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लगाये गये संध्या आरती एवं शयन आरती में 250 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क लगाकर दर्शनार्थी भक्तों के प्रति अन्याय पूर्ण निर्णय लिया है जिसको वापस लिये जाने हेतु राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट युवा संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रबंध समिति के इस निर्णय से उज्जैन ही नहीं, बाहर से आने वाले भक्तों में भी रोष व्याप्त है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मंदिर को व्यापार का केन्द्र बनाया जा रहा है। भक्तों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाकर भक्तों में भेदभाव किया जाना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। जिसके लिए सभी भक्तगण सर्वमान्य रूप से विरोध प्रकट करते हैं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लिये गये मनमाने निर्णय में हस्तक्षेप कर इसे वापस लेने का निर्देश जारी करें, जिससे महाकाल के भक्तगणों को राहत मिल सकें। इसमें राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापति, जिला संयोजक रवि वर्मा, अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी, सहसंयोजक कृष्ण मालवीय, मीडिया प्रभारी जितेंद्र परमार ने सहभागिता की।

पूरे देश में एक लाख वेलनेस सेंटर खोलने की घोषणा की गई

# हिंदू महासम्मेलन में महिलाओं को बांटे ओजस्विनी यंत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



म.प्र. की सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन जिले में हिंदू महासम्मेलन के समापन पर महिलाओं को छेड़छाड़ से बचाने के लिए एक ओजस्विनी यंत्र बांटे गए। पूर्व विहिप अध्यक्ष और राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने ओजस्विनी यंत्र के बारे में बताते हुए कहा कि इस यंत्र से महिलाएं सुरक्षित रहेगी। आपने इस दौरान पूरे देश में एक लाख वेलनेस सेंटर खोलने की भी घोषणा की है।

राष्ट्रीय हिन्दू परिषद संस्थापक डॉ.प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में शुरू हुए दो दिवसीय हिंदू महासम्मेलन के समापन पर महिलाओं को ओजस्विनी यंत्र वितरित करते हुए डॉ.तोगड़िया ने बताया कि रिचार्जेबल ओजस्विनी यंत्र का बटन दबाते ही 200 लोगों को एक साथ लगने वाले बिजली के करंट जैसा झटका लगता हैं। हालांकि इससे किसी की जान नहीं जाएगी।

### ओजस्विनी यंत्र वितरित किए गए

गौरतलब है क्षिप्रा नदी के निकट बड़ा उदासीन अखाड़े के शहनाई गार्डन में शुरू हुए हिंदू महासम्मेलन में महिलाओं को वितरित किए गए ओजस्विनी यंत्र एक इलेट्रानिक डिवाइस है, जिसे महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को सबक सिखाने के लिए तैयार किया गया है। यह यंत्र महिलाएं अपने पर्स में आसानी से रख सकेंगी। हालांकि इसके प्रयोग से किसी की जान नहीं जाएगी, सिर्फ बिजली के करंट जैसा तगड़ा झटका लगेगा।

### एक लाख महिलाओं को बांटेंगे यंत्र

डॉ.तोगड़िया ने बताया कि महिलाओं को छेड़छाड़ से बचाने के लिए तैयार किए गए ओजस्विनी नामक यंत्र उनकी मंशानुसार गुजरात के एक उद्योगपति ने बनाया गया है। यंत्र का नाम ओजस्विनी हिम्मत वायर रखा गया है, जिसकी लागत 800 रुपए है, लेकिन सम्मेलन में मात्र 600 रुपए में दिया जा रहा है, जिसे इच्छुक महिलाएं राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओजस्वी संगठन से प्राप्त कर सकते है।

### एक करोड़ हिन्दू परिवारों को जोड़ेंगे

डॉ.तोगड़िया कहा कि आज से ह्रहिंदू ही आगेह्न महासम्मेलन का शुभारंभ हुआ है, जिसमें शहर के कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने बताया कि एक लाख हनुमान चालीसा पाठ, ह्रगुरु प्रमाणह्न व ऑडियो हनुमान चालीसा के माध्यम से 1 करोड़ हिंदू परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य है। आगामी चरणों शहरों में एकत्रित सामग्री को आदिवासी क्षेत्रों में वितरित किया जाएगा।

### स्वस्थ रहने के गुर सिखाए

दो दिवसीय हिंदू महासम्मेलन में देश भर से हजारों लोग शामिल हुए। डॉ तोगड़िया ने उन्हें हिंदुत्व एकता के साथ स्वस्थ रहने के गुर सिखाए। आपने वहां मौजूद लोगों को बताया कि दैनिक दिनचर्या में संतुलित आहार, भोजन में नमक की उचित मात्रा तथा अन्य आवश्यक पोषक तत्वों के सेवन से आसानी से स्वस्थ रह सकते है।

# होलाष्टक के कारण 8 दिन के लिए मांगलिक कार्यक्रम बंद

विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश नहीं हो सकेंगे, 3 मार्च के बाद शुरू होंगे शुभ कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक का आरंभ माना जाता है अर्थात पूर्णिमा के ठीक 8 दिन पहले का अनुक्रम अष्टक की श्रेणी में आता है। इस बार होला अष्टक की शुरूआत 24 फरवरी से हो चुकी है जो 3 मार्च तक रहेगा। मान्यता है कि होलाष्टक में विवाह कार्य नहीं किए जाते हैं। इस दौरान लोक परंपरा से जुड़े फाग उत्सव की धूम रहेगी।

ज्योतिषाचार्य अमर डब्बेवाला ने बताया कि होलाष्टक से पूर्णिमा पर्यंत होलिका के 8 दिन विशेष प्रभाव के रहते हैं पौराणिक मान्यता के अनुसार यह 8 दिन संभलने वाले भी माने जाते हैं अर्थात इन आठ दिनों में तंत्र-मंत्र से जुड़े या अभिचार तंत्र से जुड़े अनुक्रम भी किए जाते हैं तो स्वयं की सुरक्षा के लिए अपने ईष्ट की आराधना इन आठ दिनों में की जा सकती है। इस 8 दिनों में विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश जैसे कार्य नहीं हो सकेंगे।

होलाष्टक के बारे में प्रांत और क्षेत्रीय आधार पर अलग-अलग प्रकार की परंपराएं लागू है। जिसमें ऋतु चक्र का परिवर्तन और मानसिकता में अलग-अलग प्रकार की वैचारिकता का आवागमन होता है क्योंकि यह बसंत से संबंधित और पतझड़ से संबंधित रितु काल का संधि काल भी बताया जाता है। होलाष्टक का समापन 3 मार्च को चंद्र ग्रहण की पूर्णता के साथ समाप्त होगा 4 मार्च से पुनः अलग-अलग प्रकार से मांगलिक कार्य की शुरूआत की जा सकेगी।

### होलाष्टक से लेकर पूर्णिमा तक यह व्रत रहेंगे

- 27 फरवरी आमलकी एकादशी एवं सर्वार्थ सिद्धि योग
- 28 फरवरी को बुध अस्त होंगे पश्चिम दिशा में
- 1 मार्च को प्रदोष व्रत और रवि पुष्य
- 2 मार्च को होलिका का पूजन प्रदोष काल में
- 3 मार्च को धुलेंडी पर्व और चंद्र ग्रहण इसी के साथ होलाष्टक समाप्त

# होली की सुन्दरता मे निखार लाए प्राकृतिक गुलाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

**(राहुल शुक्ल)**

रंगो का त्योहार होली आपसी प्रेम व सद्भाव का पावन संदेश देता है पर इसकी सुन्दरता समाहित है सुरक्षा व सावधानी में। हमे कोशिश करना चाहिए कि होली के रंगों से किसी अपने की त्वचा खराब न हो,सिरदर्द ,एलर्जी या अन्य शारीरिक पीडा न हो। सावधानी के साथ होली खेलने से इस त्योहार का रंग व मिठास गहरी होती है। प्रयास करें कि हर्बल गुलाल से सूखी होली खेली जाए ।बाजार मे अरारोट वाली हर्बल गुलाल उपलब्ध है किन्तु इसकी शुद्धता को लेकर संशय बना रहता है। शुद्ध हर्बल गुलाल तो घर पर ही तैयार की जा सकती है।



### रंगों के हिसाब से सामग्री

सबसे पहले निश्चित करना होता है कि आप किस रंग की गुलाल बनाना चाह रहे हैं। नीचे कुछ प्राकृतिक सामग्री रंग के अनुसार बताई गई है :

- पीला रंग -- हल्दी
- हरा रंग --- मेंहदी
- गुलाबो रंग -- चुकंदर
- लाल रंग --- लाल चंदन , गुडहल
- नारंगी रंग ---गेंदा या टेसू के फूल

बेस या आधार --- सभी रंग की गुलाल बनाने के लिए बेस अरारोट या बेसन या महीन पिसा हुआ आटा रहेगा।

### कैसे तैयार करें हर्बल गुलाल

यदि पीली गुलाल बनाना है तो एक कप बारीक पिसी हुई हल्दी लेकर दो कप अरारोट या मैदा मे अच्छे मिला लीजिए। चटक रंग के लिए हल्दी पाउडर की मात्रा थोडी ज्यादा भी की जा सकती है। इस मिश्रण को बारीक छन्नी से छान लें और पीली गुलाल तैयार।

यदि हरी गुलाल बनाना हो तो एक कप मेंहदी पाउडर और एक कप बेसन या कार्न फ्लोर लें और इसे मिक्सी मे अच्छे से पीस लें फिर छानकर रख लें , हरे रंग की गुलेल तैयार है।

यदि लाल गुलाल तैयार करना है तो थोडी मेहनत करना होगी। चुकंदर को कद्दुकस या किसनी से पहले छोटे टुकडे करें फिर पानी मे उबाल लें। इसे सुखा लें फिर मिक्सी मे बारीक पीस लें। इस पाउडर मे थोडा सा लाल चंदन का पाउडर मिला लें और अब इस रंगीन पाउडर को दो कप बेसन या अरारोट मे मिला लीजिए, लाल हर्बल गुलाल तैयार। इसी तरह नारंगी गुलाल बनाने हेतु गेंदा के फूलों की पंखुड़ियों को धूप मे सूखाकर महीन पीस लें और फिर इसे बेसन मे मिला लें, छन्नी से छानकर इसे तैयार रखें अपने प्रियजन के गाल पर लगाने के लिए।

### थोडे से प्रयास हमारे और होली सुरक्षित

होली ,प्रेम व सौहार्द का पारंपरिक त्योहार है। सुरक्षित ढंग से होली खेलना हमारा नैतिक दायित्व है। इसकी सुन्दरता और बढ जाती है जब हम इसे सावधानी के साथ हर्बल गुलाल से खेलें। अपनो की सुरक्षा और होली दोनो ही संभव है जब हम घर मे हर्बल गुलाल बनाकर अपने प्रियजनों के चेहरे को रंगीन गुलाल से सजा दें।रासायनिक रंग त्वचा व आंख के लिए बहुत ही खतरनाक होते हैं।

**अंकिता चौहान, मक्सीरोड।**

### सूखी होली सर्वश्रेष्ठ

होली पर्व की परंपरा रही है कि इस दिन सूखे गुलाल से रंग खेला जाता है । यदि हर्बल गुलाल से इस त्योहार को मनाया जाए तो पर्व की खूबसूरती मे चार चांद लग जाते हैं।भगवान कृष्ण ने फूलों से होली खेली ऐसे आख्यान धर्मग्रन्थों मे हैं।

**कृष्णा देवी, विद्यानगर।**

## आपकी खबरें...

### 1.31 करोड़ के नोटों से सजा उज्जैन का शिव मंदिर



**उज्जैन।** उज्जैन जिले के बड़नगर स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले के दौरान भगवान शिव का अनोखा श्रृंगार किया गया है। करीब 1 करोड़ 31 लाख रुपए के नोटों से भगवान शिव और मंदिर को सजाया गया है। मंदिर में नोटों की माला, मुकुट और लड़ियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में हर साल महाशिवरात्रि के बाद मेला लगता है। इस साल मेला 14 फरवरी से शुरू हुआ है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। नोटों से किया गया यह विशेष श्रृंगार गुरुवार 26 फरवरी तक श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रहेगा।

मंदिर के पुजारी संदीप पठोर के अनुसार, नोटों की माला, मुकुट और लड़ियों की सजावट तैयार करने में सात कलाकारों की टीम को करीब तीन दिन का समय लगा। कलाकारों ने बड़ी मेहनत और कलात्मक ढंग से नोटों की सजावट कर मंदिर को भव्य रूप दिया है।

### भारत को नीचा दिखाना कांग्रेस की फितरत, देश कभी माफ नहीं करेगा

**डाक सेवकों के सम्मेलन में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार**

**उज्जैन।** ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन में शिरकत करने यहां आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर कड़ा हमला बोलते हुए उन पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। सिंधिया ने कहा कि जहाँ एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'भारत गौरव' का आयोजन हो रहा था, जिसमें 25 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 130 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, वहीं कांग्रेस ने अपनी हरकतों से भारत माता के मस्तक पर कलंक लगाने का काम किया है।

प्रेस से चर्चा के दौरान श्री सिंधिया ने विरोध प्रदर्शन के तरीकों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि टी-शर्ट उतारकर "नंगा नाच" करना भारतीय संस्कृति और गरिमा के विरुद्ध है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की इस ओछी राजनीति से अब उनके सहयोगी दल जैसे सपा, बसपा और डीएमके भी किनारा कर चुके हैं और सभी ने इसकी निंदा की है। सिंधिया के अनुसार, देश की जनता कांग्रेस को पहले ही नकार चुकी है, और अब खुद कांग्रेस नेता अपनी हरकतों से पार्टी के बचे-कुचे अस्तित्व को खत्म करने में जुटे हैं। पूरा देश कांग्रेस के इस व्यवहार से स्तब्ध है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की उन्होंने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण रूप से भारतीय डाक विभाग के माध्यम से उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर तथा श्री ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर की प्रसादी आमजन तक पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के द्वारा किया गया। इसके अलावा उज्जैन के प्रसिद्ध स्थानों के संकलन पर आधारित पिक्टोरियल पोस्ट कार्ड का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

## उज्जैन में अभी तक 1 लाख 48 हजार किसान गेहूँ उपार्जन पंजीयन के लिए पहुंचे

# 4 लाख 42 हजार से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कराया पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक 4 लाख 42 हजार 288 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन जरूर करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपए अधिक है।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अभी तक, उज्जैन में एक लाख 48 हजार 905, इंदौर संभाग में 54 हजार 587, ग्वालियर में 9695, चम्बल में 4692, जबलपुर में 39 हजार 885, नर्मदापुरम में 34 हजार 181, भोपाल में एक लाख 9 हजार 134, रीवा में 13 हजार 260, शहडोल में 2551 और सागर में 25 हजार 398 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### किसानों को करें एसएमएस

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि विगत रबी एवं खरीफ के पंजीयन में जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित कराने तथा समिति/ मंडी स्तर पर बैनर लगवाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

### पंजीयन की नि :शुल्क व्यवस्था

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

### पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है।

## निगम-मंडलों में नियुक्तियों की तैयारी पूरी, सत्ता-संगठन ने तय किया क्राइटेरिया

# परफॉर्मेंस के आधार पर ही मिलेगी राजनीतिक कुर्सी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र में भाजपा के नेताओं का निगम-मंडलों में नियुक्ति का लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। इन नियुक्तियों की तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

राजनीतिक नियुक्तियों के लिए सत्ता और संगठन ने क्राइटेरिया कर दिया है। जिसके अनुसार, निगम-मंडल और प्राधिकरणों में नियुक्ति केवल परफॉर्मेंस के ही आधार पर होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि पार्टी में सत्ता का पद हो या संगठन का, सभी महत्वपूर्ण होते हैं।

हमारे यहां मोर्चे की कार्यसमिति घोषित होना शुरू हो चुकी है। प्रकोष्ठ और निगम मंडल में नियुक्तियां होनी है, - हमारी सारी तैयारी है। किसी को प्रदेश कार्यसमिति में लेना है, किसी को निगम मंडल में तो किसी को प्रकोष्ठ में हमारी तैयारी पूरी है।

सारी चीजें आगे पीछे ही होंगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निगम-मंडल सिर्फ लेना है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियां प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं होतीं, बल्कि संगठनात्मक संतुलन और आगामी चुनावी रणनीति से भी जुड़ी होती हैं। ऐसे में पार्टी नेतृत्व कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता।

### सबको संतुष्ट कर पाना चुनौती

असल में मोहन सरकार को भी दो साल होने जा रहे हैं, लेकिन निगम मंडल में नई नियुक्तियों के लिए कतार में खड़े कार्यकर्ताओं का इंतजार बढ़ता जा रहा है।

खंडेलवाल का कहना है कि हमारा ये मानना है कि हमारा कार्यकर्ता किसी ना किसी जिम्मेदारी में रहे ये चिंता हम कर रहे हैं।

असल में इस बार मंत्री पद से वंचित रहे विधायकों के अलावा वो दिग्गज भाजपाई भी कतार में हैं, जो चुनाव हार गए हैं। जिस हिसाब से कतार है, ऐसे में सबको संतुष्ट कर पाना संभव भी नहीं। प्रदेश के निगम मंडल में 46 पद रिक्त हैं, जिनमें नियुक्तियां की जानी है।

सत्ता के नजरिए से देखें तो प्रमुख शहरों के प्राधिकरणों में भी नियुक्तियां की जाएगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल इससे पहले जिला प्रभारियों की बैठक के दौरान ये बता चुके हैं कि निगम-मंडल के लिए क्राइटेरिया क्या रहेगा? उन्होंने इस बैठक में ये स्पष्ट कर दिया था कि जो जिला प्रभारी बने हैं, उनके लिए भी रास्ता खुला हुआ है। क्राइटेरिया केवल परफार्मेस का करेंगे।

### राष्ट्रीय स्तर तक विचार-विमर्श हो चुका है

सूत्र बताते हैं कि छोटी टोली से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक विचार-विमर्श हो चुका है। अब अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व की सहमति के बाद ही होगा। कई दावेदार इन दिनों अपने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर समर्थन जुटाने में लगे हैं।

खासतौर पर वे नेता, जिन्हें पिछली बार मौका नहीं मिल पाया था, इस बार अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं।

अब सबकी नजर दिल्ली में होने वाली संभावित बैठक पर टिकी है। संभावना जताई जा रही है कि हाईकमान की अंतिम मुहर के बाद मध्यप्रदेश में खाली पड़े निगम-मंडलों में नियुक्तियों की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि किन नेताओं को जिम्मेदारी मिलती है और किसे अभी और इंतजार करना पड़ता है।

### पार्टी हाईकमान से अंतिम चर्चा करेंगे मुख्यमंत्री

लंबे समय से लंबित निगम-मंडल नियुक्तियों को लेकर अब अंतिम दौर की चर्चा चल रही है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री स्तर पर लगातार बैठकों का दौर जारी है, वहीं पार्टी दफ्तर में भी संगठन पदाधिकारियों के साथ नामों पर मंथन किया गया है।

माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली जाकर पार्टी हाईकमान से अंतिम चर्चा के बाद ही आधिकारिक सूची जारी हो सकती है।

पिछले कई महीनों से प्रदेश के कई नेता राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब संकेत मिल रहे हैं कि यह इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कई वरिष्ठ और संगठन के प्रति लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ताओं को निगम-मंडलों में समायोजित किया जाएगा।

कुछ नामों पर सहमति बन चुकी है, जबकि कुछ पदों को लेकर अब भी अंतिम सहमति बनना बाकी है। पार्टी की रणनीति संतुलन साधने की बताई जा रही है-क्षेत्रीय, सामाजिक और संगठनात्मक समीकरणों को ध्यान में रखकर नियुक्तियां की जाएंगी।

# पेयजल लाइन में मिल रहा अस्पताल के सीवेज का पानी, नहीं लिया सबक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी उज्जैन के क्षीरसागर क्षेत्र में इन दिनों लोगों के घरों में पानी नहीं, बल्कि 'मौत का तरल' बह रहा है। शहर के प्रतिष्ठित चरक अस्पताल की लापरवाही और निगम की उदासीनता ने वार्ड क्रमांक 25 के हजारों रहवासियों को गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर धकेल दिया है। पिछले 15 दिनों से क्षेत्र के नलों में अस्पताल के सीवेज का बदबूदार और दूषित पानी आ रहा है, जिससे स्थानीय लोग बीमार पड़ रहे हैं।

हैरत की बात यह है कि जिस अस्पताल पर लोगों को स्वस्थ करने की जिम्मेदारी है, वही क्षेत्र में संक्रमण फैला रहा है। जानकारी के अनुसार, सिविल अस्पताल का सीवेज चैंबर मेडिसिटी बनाने को डिस्मेंटल किया जा चुका है, और न्यू चरक अस्पताल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) न होने के कारण गंदा पानी सीधे पेयजल लाइनों में मिल रहा है। नगर निगम प्रतिदिन इस सीवेज को खाली करने की 'खानापूर्ति' तो कर रहा है, लेकिन रिसाव रोकने में पूरी तरह विफल है।

### इंदौर की 'भागीथपुरा त्रासदी' से भी नहीं लिया सबक

यह स्थिति ठीक वैसी ही है जैसी कुछ समय पूर्व इंदौर के भागीथपुरा में देखी गई थी, जहां दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान चली गई थी। क्षेत्रीय पार्षद डॉ. योगेश्वरी ने इस मुद्दे पर महापौर, स्वास्थ्य अधिकारी और निगमायुक्त को कई बार आगाह किया है, हालांकि हालात में कुछ बदलाव नहीं हो रहा।

पार्षद ने बताया कि 'मेरे वार्ड के लोग 15 दिनों से नर्क जैसी स्थिति में हैं। पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि हाथ धोना भी मुश्किल है। पीने के लिए बाहर से बोतल बंद पानी खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है।' यही बात क्षीर सागर निवासी वीरेंद्र ने भी कही।

### व्यवस्था पर तीखे सवाल

- जब सीवेज प्लांट नहीं था, तो चैंबर को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के क्यों हटाया गया?
- जनता के टैक्स के पैसे से चलने वाला निगम, लोगों को पानी खरीदने पर क्यों मजबूर कर रहा है?
- क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है?

# सिंहस्थ मेला क्षेत्र से हटाए अवैध निर्माण, नगर निगम ने लिया एक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ मेला क्षेत्र में बिना अनुमति बने निमार्णों पर नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को भी क्षेत्र में बने निमार्णाधीन भवन को गिराया गया। सिंहस्थ को लेकर उज्जैन और आस-पास के इलाके में कई विकासकार्य चल रहे हैं। ऐसे में अवैध निमार्णों पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है।

**सिंहस्थ-2028 की तैयारी ढाबा रोड चौड़ीकरण के साथ हुई तेजः** धार्मिक नगरी उज्जैन में बुनियादी ढांचे के विस्तार और आगामी सिंहस्थ 2028 की सुगम व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम ने बड़े स्तर पर विकास कार्य प्रारंभ कर दिए हैं। छत्रीचौक पानी की टंकी से ढाबा रोड होते हुए सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण का महत्वपूर्ण कार्य इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**शिप्रा नदी तक श्रद्धालुओं का पहुंचना आसान होगाः** यह परियोजना शहर के आंतरिक यातायात को सुव्यवस्थित करने और शिप्रा नदी तक श्रद्धालुओं की पहुंच को बाधा मुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय बात स्थानीय नागरिकों और भवन स्वामियों का अभूतपूर्व सहयोग है।

गेबी साहब हनुमान मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की ओर जाने वाले इस मार्ग पर, कई भवन स्वामियों ने शहर के विकास में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वयं ही अपने मकानों के चिह्नित हिस्सों को हटा रहे हैं। प्रशासन ने नागरिकों की इस पहल की सराहना की है, जिससे कार्य की गति में तेजी आई है।

# ग्रहण का नहीं पड़ेगा असरः 2 मार्च को होलिका दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 2 मार्च को होलिका दहन और 3 मार्च की भस्म आरती में गुलाल अर्पित कर होली मनाई जाएगी। चंद्रग्रहण के बावजूद मंदिर में दर्शन व्यवस्था जारी रहेगी।

होली पर्व को लेकर इस वर्ष तिथियों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। चंद्रग्रहण के कारण 3 और 4 मार्च को लेकर अलग-अलग मत सामने आ रहे हैं, लेकिन महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में होली उत्सव पर ग्रहण का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंदिर प्रशासन ने 2 और 3 मार्च को पारंपरिक रूप से होली मनाने का कार्यक्रम तय किया है।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि बाबा महाकाल के दरबार में ग्रहण का विशेष प्रभाव नहीं होता। ग्रहण काल में भी दर्शन व्यवस्था निरंतर जारी रहती है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च की शाम को होली सजाई जाएगी और सांध्य आरती में बाबा महाकाल को गुलाल अर्पित किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे विधिवत होलिका दहन किया जाएगा।

3 मार्च की सुबह होने वाली भस्म आरती में भी प्रतिदिन की तरह पूजन-अर्चन होगा, लेकिन विशेष रूप से बाबा महाकाल को गुलाल अर्पित कर होली का पर्व मनाया जाएगा। पंडित शर्मा ने स्पष्ट किया कि ग्रहण काल के दौरान केवल गर्भगृह में पूजन-अर्चन निषिद्ध रहेगा, जबकि श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। ग्रहण अवधि समाप्त होने के बाद नियमित पूजा क्रम फिर से प्रारंभ हो जाएगा।

### हर्बल गुलाल और शक्कर की माला चढ़ेगी

विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में इस वर्ष भी परंपरानुसार 2 मार्च को संध्या आरती के बाद होलिका दहन किया जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार, संध्या आरती में बाबा महाकाल को हर्बल गुलाल अर्पित किया जाएगा और शक्कर की माला चढ़ाई जाएगी। इसके बाद ओंकारेश्वर मंदिर के सामने विधिवत पूजन-अर्चन के साथ होलिका दहन किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित व्यवस्था का पालन करते हुए दर्शन करें और पर्व को श्रद्धा व अनुशासन के साथ मनाएं।

# उमिया मोबाइल की ओपनिंग में सड़क बनी पार्किंग, राहगीर परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर। शहर में इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है, नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई हो रही है और आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जा रही है। लेकिन इसी बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरी ट्रैफिक व्यवस्था और नियमों की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामला इंदौर के ऊषा नगर क्षेत्र स्थित रंजीत हनुमान मंदिर के सामने का है, जहां रविवार को उमिया मोबाइल नामक दुकान के नए शोरूम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। ग्राहकों और परिचितों की भीड़ के कारण सड़क पर अचानक भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान के बाहर न तो पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था की गई थी और न ही ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कोई गार्ड या जिम्मेदार व्यक्ति तैनात था। नतीजतन, दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया। कुछ देर के लिए स्थिति ऐसी बनी कि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में पहले से ही ट्रैफिक का दबाव रहता है, वहां बिना अनुमति और बिना प्रबंधन के इस प्रकार का आयोजन करना गैर-जिम्मेदाराना है। एक ओर जहां ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने पर आम नागरिकों के चालान काट रही है, वहीं इस तरह की घटनाएं नियमों की अनदेखी का खुला उदाहरण बनती नजर आती हैं।

गौरतलब है कि शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बड़े अधिकारी स्वयं सड़कों पर उतरकर व्यवस्था संभाल रहे हैं और लोगों से सहयोग की अपील कर रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी आयोजन से पहले ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी तय नहीं करनी चाहिए?

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि सड़क पर अव्यवस्था और आमजन को होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग इस मामले को संज्ञान में लेकर कोई कार्रवाई करता है या नहीं। फिलहाल, रविवार का यह उद्घाटन ट्रैफिक व्यवस्था पर भारी पड़ता नजर आया।


अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



श्रीमती शांतिदेवी पुरोहित

धर्मपत्नी - ब्रह्मलीन पं.निरंजनलाल जी पुरोहित

(पूर्व अध्यक्ष- सनाढ्य ब्राह्मण हितकारिणी सभा)

का देवलोकगमन दिनांक 24/02/2026 मंगलवार को प्रातः 04 बजे हो गया है। जिनकी

पुष्पांजलि सभा

गुरुवार 26 फरवरी | शाम 05 बजे

निज निवास "अलख निरंजन" मंछामन गणेश कॉलोनी, बगीचे के सामने उज्जैन पर रखी गई हैं।

शोकसंतप्त परिवार

सुपुत्र - पं.देवेन्द्र पुरोहित (पत्रकार एवं संपादक- परशुराम दर्शन), पं.रवींद्र पुरोहित,

भतीजे - पं.ओमप्रकाश पुरोहित, डॉ.कमलकांत पुरोहित, डॉ.अरुण पुरोहित, पं.सोमेश्वर पुरोहित,

सुपोत्र- पं.अर्पित पुरोहित, पं.राजेंद्र पुरोहित, पं.आशुतोष पुरोहित, पं.कृष्णा पुरोहित

परपोत्र- पं.वेदांश पुरोहित, पं.आदित्यराज पुरोहित एवं समस्त पुरोहित एवं परशुराम दर्शन परिवार,

समग्र ब्रह्जन, स्नेहीजन उज्जैन, इन्दौर, रतलाम | 9575438121 | 9827293338 | 9826344121

न्यूज-कॉलम



## श्री श्याम ध्वज यात्रा का भव्य आयोजन 28फरवरी को किया जाएगा

**मंडलेश्वर।** नगर एक बार फिर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होने जा रहा है। श्री श्याम अलबेली सरकार के पावन सानिध्य में श्री श्याम ध्वज यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा अपने चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर रही है, जो भक्तों की अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक है।यह पावन ध्वज यात्रा दिनांक 28 फरवरी, शनिवार को दोपहर 2,30 बजे मंडलेश्वर से प्रारंभ होकर पावन तीर्थ श्री सांवलिया धाम (धरगांव) तक पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ध्वज लेकर जयकारों के साथ शामिल होंगे। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, पुष्प वर्षा एवं स्वागत द्वारों से वातावरण भक्तिमय बना रहेगा।यात्रा के दौरान श्याम नाम की गूंज से नगर का वातावरण धर्ममय हो उठेगा। श्रद्धालु जन पारंपरिक वेशभूषा में, हाथों में ध्वज लिए, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यात्रा में सहभागिता करेंगे। विभिन्न स्थानों पर जलपान एवं प्रसादी की भी व्यवस्था की जाएगी।इस धार्मिक आयोजन का सफल संचालन श्री श्याम सेवा समिति मंडलेश्वर द्वारा किया जा रहा है। समिति ने समस्त श्याम प्रेमियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया है।यह ध्वज यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और धर्मभावना का संदेश भी देती है।

## 14 मार्च को होगी वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत



**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर के अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार इसके प्रचार-प्रसार के लिए पैरालीगल वोलेंनटियर्स की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में सचिव/न्यायाधीश श्रीमान प्रेमदीप सांकला ने पैरालीगल वोलेंनटियर्स को लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त दीवानी, समझौता योग्य, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, पारिवारिक प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, विद्युत प्रकरण, श्रम एवं रोजगार, बैंक मनी रिकवरी एवं प्रीलिटिगेशन संपत्तिकर बिजली व जल कर सहित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सुलह व समझौते के आधार पर किया जाएगा।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर सफल




**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा खकनार में 24 फरवरी मंगलवार को ग्राम पंचायत रगई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं का परामर्श दिया और उन्हें मौसमी विकारों से बचने की सलाह दी। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में और हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से इस स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर गेहूॅ पंजीयन के 21 केन्द्रो पर फसल का पंजीयन होगा

**बड़वानी ।** भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई- उपार्जन योजनांतर्गत पोर्टल पर चना विक्रय हेतु जिले में 20 फरवरी से प्रारंभ हुआ चना पंजीयन का कार्य 16 मार्च तक प्रारंभ रहेगा। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए पंजीयन किसानों द्वारा स्वयं के मोबाईल अथवा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रं से निःशुल्क पंजीयन की व्यंवस्था है। एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है । पंजीयन में खाता-खसरा या पावती की छायाप्रति, समग्र आईडी, मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड । सभी किसानों को आधार नंबर से लिंक बैंक खाते की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगी। ई- उपार्जन पोर्टल पर गेहूॅ पंजीयन 21 केन्द्र निर्धारित किये।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समस्त राजस्व विभाग के अमले को पिछले दिनों हुई बारिश के तहत सर्वे करवाने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना एवं फार्मर आईडी की प्रगति की समीक्षा कर प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगरानी कर अगले सप्ताह प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कहा कि एल 3 और एल 4 स्तर पर शिकायतें बढ़ रही हैं। वर्तमान एवं 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतो पर ध्यान दे। विभाग के स्तर से लंबित शिकायतों संतुष्टिपूर्ण निराकरण करवाना सुनिश्चित करे। साथ ही लोक सेवा प्रबंधक को निदेशित किया कि जिले के कुल 9 केन्द्रों का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओ की निगरानी करे।

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने जिला टीबी नियंत्रण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में टीबी स्क्रीनिंग और प्रबंधन हेतु टीबी के मामलों की सघनता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए हीट मैप का उपयोग किया जाए। चिह्नित मरीजों का तत्काल पंजीकरण सुनिश्चित कर उन्हें निक्षय पोर्टल पर जोड़ा जाए और समय उपचार व पोषण सहायता (निक्षय पोषण योजना) का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

क्रियाशील पंचायत भवनों के अंतर्गत जिले की २०१ चिन्हित पंचायतो में इस माह के अंत तक मैनपावर बढ़ाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही 718 क्रियाशील शाला भवनों में एएस/टीएस जारी करवा कर शीघ्र कार्य करवाने के निर्देश दिए।

सड़क सुरक्षा के अंतर्गत आरटीओ द्वारा बताया गया कि जिले में ब्लैक स्पॉट की संख्या 17 से 14 हो गई। कलेक्टर ने एनएचएआई, एमपीआरडीसी, पीएमजीएसवाई को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना के मुख्य कारणों का विश्लेषण करे ताकि अपेक्षाकृत सुधार कार्य किया जा सके। एनएचएआई को माइनर कार्यो के अंतर्गत रंबल स्ट्रिप एवं ब्लिंकर इत्यादि लगाने हेतु एवं मेजर कार्यो हेतु प्रस्ताव पर स्वीकृति अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक पीएम आवास, संकल्प से समाधान अभियान, शिक्षा विभाग के अंतर्गत नामांकन छात्रवृति आदि एवं निर्माण इत्यादि कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला,अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश, संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा सहित अन्य अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गुमशुदा 4 वर्षीय बालक को महाराष्ट्र से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**बड़वानी।** 22 फरवरी को थाना खेतिया क्षेत्र निवासी फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके 4 वर्षीय बालक को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए थाना खेतिया में अपराध क्रमांक 22/2026 धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत प्रभारी पुलिस अधीक्षक, बड़वानी धीरज बब्बर के निर्देशन एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना खेतिया की एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित तकनीकी एवं मैदानी कार्यवाही करते हुए संभावित स्थानों पर सर्च अभियान चलाया गया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने मात्र 3 घंटे के भीतर अपहत बालक को महाराष्ट्र राज्य के उबड़देव क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालक के सुरक्षित मिलने पर परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई तथा उन्होंने पुलिस की तत्परता की सराहना की। इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक सुरेन्द्र कनेश, उप निरीक्षक अजमेरसिंह अलावा, सहायक उप निरीक्षक अर्जुनसिंह मण्डलोई, आरक्षक क्रमांक 271 सुनील मुवेल एवं चालक आरक्षक क्रमांक 468 लीलाशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला पुलिस बड़वानी आमजन से अपील करती है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# जनसुनवाई में आई 47 जनशिकायतें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज जिले के कुल 47 आवेदको ने आवेदन शिकायतो के निराकरण हेतु आये। जिनकी सुनवाई कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा की गई। जिन आवेदनों का तत्काल मौके पर निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर एवं शेष के निराकरण के लिये समय सीमा तय कर आवेदनो का निराकरण करने के संबंधित विभाग के प्रमुखों को दिये गये ।

जनसुनवाई में ग्राम सजवानी के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम की शराब दुकानों को बंद करवाया जाये। क्योकि उनके परिजन उन दुकानो से शराब पीकर घर में लड़ाई झगड़े करते एवं मारपीट करते है।अतः ग्राम के राम मंदिर के आस-पास व सिलावद रोड़ की दुकाने बंद करवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने जिला आबकारी अधिकारी को आवेदन में निराकरण हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में ग्राम कसरावद बसाहट निवासी बुजुर्ग महिला श्रीमति जुलीबाई पति स्व. भगवान ने आवेदन देकर बताया कि उनका कच्चा मकान पुराना होकर बारिश में उसकी दीवारे गिर गई । अतः उनके मकान की दीवारे पक्की बनवाई जाये।

# पानसेमल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

थाना पानसेमल क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 15 फरवरी को फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक संदेही व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना पानसेमल में अपराध क्रमांक 34/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु पुलिस महानिरीक्षक, ग्रामीण जोन इंदौर द्वारा विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश प्राप्त होने पर प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उनके निर्देशन एवं एसडीओपी श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

सतत प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 64(1), 64(2)(एम), 87, 65(1) बीएनएस एवं 5एल/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। आरोपी विष्णु पिता विक्रम जाधव निवासी टाकली को दिनांक 24 फरवरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

इस कार्यवाही में निरीक्षक मंशाराम वगेन, उप निरीक्षक सुनील रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक मुकेश भालसे, आरक्षक 604 नवीन मेहता एवं महिला आरक्षक 319 सुनीता सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

# सीएमएचओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया

## दस्तक अभियान सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले में दस्तक अभियान का आयोजन 17 फरवरी से 22 मार्च तक किया जा रहा है । अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष आयु के बच्चों को विटामिन ए का घोल एवं आयरन फोलिक एसिड का अनुपूरण दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे व प्रभारी सी पी एच सी सलाहकार लोकेश वैष्णव द्वारा शहरी क्षेत्र रतलाम में संजीवनी क्लीनिक रामगढ़, रतलाम ग्रामीण के आयुष्मान आरोग्य मंदिर -कनेरी एवं टीकाकरण सत्र स्थल-मथुरी का निरीक्षण किया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर कनेरी पर भवन पूर्ण होने पर लाइट कनेक्शन पूर्ण कर शीघ्र ही इसे चालू करने के निर्देश ब्लाक मेडिकल आफिसर को दिए गए। रामगढ़ संजीवनी में डॉ स्वलेहा खान से जांच व उपचार संबंधी जानकारी ली । एएनएम लाड़ कुंवर से टीकाकरण संबंधित लॉजिस्टिक व समस्त रिकार्ड देखा गया । एएनएम व आशा कार्यकर्ता को निर्धारित गणवेश में रहने हेतु निर्देशित किया गया। केंद्र पर गर्भवती जांच संबंधी लाजिस्टिक हिमोग्लोबिनो मीटर , युरीन एल्ब्यूमिन कीट, वेट मशीन चाइल्ड, परीक्षण टेबल , साइड स्क्रीन उपलब्ध करा कर सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निष्पादन नियम अनुसार करने के लिए निर्देशित किया गया।

# 99 आवेदनों पर हुई सुनवाई, अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके आवेदन प्राप्त किए। जनसुनवाई में कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से समाधान कराया गया, जबकि शेष आवेदनों के समयसीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में धराड़ निवासी ईश्वरलाल पिता नंदलाल ने पूर्व में मिल रही किसान सम्मान निधि बंद होने पर उसे पुनः प्रारंभ करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस संबंध में तहसीलदार रतलाम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

सिलावटों का वास निवासी नरेन्द्र कुमावत ने अपने पुत्र की समग्र आईडी में माता-पिता का नाम सुधारने के लिए 14 जनवरी 2026 को किए गए ऑनलाइन आवेदन पर अब तक स्वीकृति नहीं मिलने की शिकायत की। इस प्रकरण में नगर निगम आयुक्त को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।ढोढर निवासी मांगूदास पिता प्रहलाददास बैरागी ने बताया कि वे ग्राम ढोढर तहसील जावरा स्थित शासन नियंत्रित देवस्थान कबीर मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा दे रहे हैं तथा 32 माह के मानदेय का भुगतान लंबित है। इस पर तहसीलदार जावरा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बाजना निवासी राजेंद्र पिता शान्तिलाल सुराना ने पेंक्रियाटाइटिस बीमारी के उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस संबंध में सीएमएचओ को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ को गढ़ने का काम करता है - अनंत पंवार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय में चंचल पाटीदार की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन सहकारिता प्रकोष्ठ सहसंयोजक प्रशिक्षण महाअभियान टोली सदस्य अनंत पवार , प्रशिक्षण अभियान संभाग प्रभारी दिलीप पाटोदिया, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, प्रशिक्षण अभियान जिला प्रभारी विनोद शर्मा , विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सह प्रभारी अंकित शुक्ला ने बताया कि उक्त जिला कार्यशाला विभिन्न विषयों के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यकताओं का पंजीयन किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम भारत माता व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया।

प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ को अनुशाषित बनाता है - अनंत पंवार ने पार्टी की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो समय-समय पर कार्यकताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हें प्रशिक्षित करती है। आगे उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ के लिए जरूरी है। जिससे कार्यकर्ताओ को गढ़ने का कार्य किया जाता है। एक अनुशाषित कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण वर्ग जरूरी है। आगे उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संभागीय प्रभारी दिलीप पटोदीया ने संगठन के मण्डल वर्ग पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने मंडल में होने वाले प्रशिक्षण वर्गों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। प्रशिक्षण शिविर को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा- चंचल पाटीदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि इस प्रशिक्षण अभियान को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा। प्रत्येक मण्डल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिसमें मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व जिले व क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

पंच परिवर्तन का उद्देश्य भारत को मजबूत, समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाना है। - राधेश्याम यादव वही दूसरे सत्र में विशेष अतिथि रहे जिला प्रभारी राधेश्याम यादव ने पंच परिवर्तन पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि पंच परिवर्तन एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य समाज में व्यापक परिवर्तन लाना है। जिसका लक्ष्य भारत को एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है। पंच परिवर्तन के पांच मुख्य पहलू हैं। जिसमे पहला सामाजिक समरसता, दूसरा कुटुंब प्रबोधन, तीसरा पर्यावरण संरक्षण, चौथा स्वदेशी तथा पांचवा नागरिक कर्तव्य।

## टेसू के फूल बने आकर्षक का केंद्र टेसू-पलाश के फूलों ने जंगल की बढ़ाई खूबसूरती

**सनावद।** इन दिनों क्षेत्र मे पलाश के पेड़ो पर हर तरफ लालिमा बिखरते टेसू के फूल लोगो के आकर्षक का केंद्र बने हुए है। इसी



तरह का नजारा ग्राम ढकलगांव, नलवा, बिजंलवाडा. ,नलवा-दसोडा मार्ग के छिमरीखेडा. व हिरापुर के जंगलों सहित आदि जगह पर टेसू के पेड़ों पर पलाश के पेड़ फूलो से छठा सिंदुरी दिखाई दे रहे है।जिससे वातावरण की सुंदरता बढ़ गई है। गुरूदयाल सेजगायां ने बताया कि सड़क किनारे लगे पलाश के पेड़ में आए फूलों ने सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। फूलों की खुबसुरती लोगों का मन आंनदित होकर होली के उत्साह को लेकर हिलोरे मार रहा है। पेड़ो पर पलाश फूल होली के कुछ दिन बाद तक रहते है। जिसके बाद झडना शुरू हो जाएंगे।एक जमाना था जब इन फूलों से तैयार रंगो से ही होली खेली जाती थी। इनका स्थान बाजार मे उपलब्ध केमिकल रंगो ने ले लिया है। इसके बावजूद जंगलों मे जहां-तहां पलाश के ये फाल्गुनी उल्लास का एहसास करा रहे है।

## पुलिस जनसुनवाई में 30 आवेदकों की शिकायतों पर सुनवाई

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में आयोजित हुई, जिसमें जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए 30 आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल ने प्राप्त शिकायतों पर संबंधित थाना प्रभारियों से प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई, लंबित मामलों की स्थिति एवं निराकरण की प्रगति के संबंध में चर्चा की गई। नई शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शीघ्र निराकरण करने तथा शिकायतकताओं को की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध

पश्चिम रेलवे
विद्युत कार्य
उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, डीआरएम कार्यालय, एनेक्स बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, दो-बत्तल, रतलाम (मध्य प्रदेश), 457-001, निविदा आमंत्रित करता है। निविदा संख्याः EL-C-RTM-2025-08-T, दिनांकः 23.02.2026। कार्य का नामः रोहल खुर्द-भाडीसुडा के बीच नागदा बाईपास लाइन और नाइखेरी-चिंतामन स्टेशन के बीच उज्जैन बाईपास लाइन के संबंध में उच्च और निम्न विद्युत क्रॉसिंग/लाइन उल्लंघनों का संशोधन एवं चालू करना। अनुमानित लागतः 4,71,25,495/-। निर्माण जमा राशिः 3,85,600/-। ऑनलाइन निविदा प्रारंभ तिथिः 02.03.2028। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 16.03.2026 दोपहर 3:00 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। सूचना बोर्डः किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, फर्में उपरोक्त कार्यालय पते पर व्यक्तिगत रूप से या कार्यालय के टेलीफोन नंबर 07412 233996 पर संपर्क कर सकती हैं; ईमेलः dyceecrtm@gmall.com
1168
facebook.com/WesternRly

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्र. 10
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजिस्टर्ड ऑनर- प्रभा खर्चे पत्नी बंसल पांडुरंग खर्चे दानग्रहिता- सुशील खर्चे पति बंसल खर्चे पता- 355, तिलक नगर इन्दौर पिन- 1001069262 अंतरण का आधार विक्रय पत्र संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-10 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्र. 10
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- योगेश पाल क्रेता- प्रतिभा रघुवंशी पति प्रदीप रघुवंशी पता- 508, ओशियन पार्क ब्लाक मेरीगोल्ड, इन्दौर पिन- 1001011009 अंतरण का आधार विक्रय पत्र संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-10 नगरपालिका निगम इन्दौर

# धार्मिक के लिए धैर्य जरूरी



किसी भी वस्तु, व्यक्ति या विचार की प्रकृति कुछ विशिष्ट गुणों और विशेषताओं से निर्धारित होती है। धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की पहचान भी उसके गुणों से ही होती है। वेदों और शास्त्रों में ऐसे अनेक गुणों का उल्लेख किया गया है, जो मनुष्य को वास्तविक अर्थों में धार्मिक बनाते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण गुण धैर्य है। धैर्य का अर्थ है, किसी भी परिस्थिति में विचलित न होना। परेशान होना, घबराना या अधीर हो जाना मनुष्य के लिए न तो उचित है और न ही हितकारी। एक धार्मिक व्यक्ति हर स्थिति में शांत रहता है। वह वर्तमान को समझता है और भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करता है। इसलिए धर्मपथ पर चलने वाले व्यक्ति के लिए धैर्य पहली और अनिवार्य शर्त है।

इसके बाद आता है दमन, जिसका वास्तविक अर्थ आत्मसंयम है। शास्त्रों में दमन और शमन, इन दो शब्दों का स्पष्ट अंतर बताया गया है। दमन का अर्थ है स्वयं पर नियंत्रण, जबकि शमन का अर्थ है, दूसरों या असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण। जो व्यक्ति समाज में अन्याय, अराजकता और असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध संघर्ष करता है, वह शमन करने वाला कहलाता है। जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं, वासनाओं, क्रोध और लोभ को नियंत्रित करता है, वही दमन करने वाला है। बिना आत्मसंयम के धर्म की कल्पना अधूरी है।

अस्तेय आचार-संहिता का एक अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्धांत है। अस्तेय का अर्थ होता है- चोरी न करना। शास्त्रों में चोरी के दो प्रकार बताए गए हैं- बाहरी और आंतरिक। दूसरों की जानकारी या अनुमति के बिना उनकी वस्तु, धन या अधिकार छीनना बाहरी चोरी है। आंतरिक चोरी मन के भीतर होती है। जैसे, ईर्ष्या, अनुचित लाभ की इच्छा या किसी का हक छीनने की मानसिक प्रवृत्ति। यद्यपि आंतरिक चोरी से किसी को प्रत्यक्ष हानि नहीं होती, फिर भी यह व्यक्ति को भीतर से चोर बना देती है। इसलिए अस्तेय का वास्तविक अर्थ है- विचार, वाणी और कर्म, तीनों स्तरों पर चोरी से बचना।

जब मनुष्य अपनी कर्मेंद्रियों और ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, तब उसे इंद्रियनिग्रह कहा जाता है। जीवन के हरेक स्तर पर मनुष्य अपनी इंद्रियों का उपयोग करता है, परंतु धार्मिक व्यक्ति वही है, जो उनका स्वामी हो, दास नहीं। हजारों पुस्तकें पढ़ लेने मात्र से वास्तविक ज्ञान नहीं आता, क्योंकि मानव स्मृति सीमित होती है। साधना द्वारा स्मृति-शक्ति को जाग्रत करना आवश्यक है। विद्या आत्मज्ञान है, जो मनुष्य को परमार्थ की ओर ले जाती है। सांसारिक सुखों तक सीमित ज्ञान अविद्या कहलाता है। व्यक्ति के लिए विद्या आवश्यक है। इसी तरह, व्यक्ति को क्रोध से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि क्रोध विवेक का नाश कर देता है।



## सम्पादकीय

# हवाई दुर्घटनाएं

महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत से जुड़ा विवाद अभी थमा भी नहीं है कि सोमवार की शाम झारखंड में रेड बर्ड एविएशन की एयर एंबुलेंस और मंगलवार की सुबह पोर्ट ब्लेयर के नजदीक पवनहंस हेलीकॉप्टर की दुर्घटनाओं ने उड्डयन क्षेत्र को लेकर हमारी चिंताएं बढ़ा दी हैं। पवनहंस हेलीकॉप्टर में सवार सातों यात्री खुशकिस्मत थे कि उनका विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, मगर अजित पवार व उनके सहयात्रियों की तरह एयर एंबुलेंस के सभी सवार अपनी जान से हाथ धो बैठे। विडंबना यह है कि एक जान बचाने के लिए भरी गई उड़ान ने सात लोगों की जिंदगी खत्म कर डाली। जैसे कि ब्योरे हैं, एक हादसे में 65 फीसदी झुलस गए संजय साव की जान बचाने के लिए परिवार वालों ने कर्ज लेकर छह लाख रुपये में रेड बर्ड एविएशन की सेवा ली थी, ताकि वे दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए उन्हें भर्ती करा सकें। यह परिवार इस त्रासदी को कभी न भुला सकेगा कि बीमार संजय के साथ उसके दो अन्य तीमारदार भी इसमें मारे गए।

हवाई सेवा सुरक्षित, त्वरित व पेशेवर परिवहन प्रणाली मानी जाती है और इसके लिए उपभोक्ताओं से भारी कीमत भी वसूली जाती है। इसमें यदि ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, एयर एंबुलेंस और पवनहंस हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के असली कारण जांच के बाद पता चलेंगे, मगर नागरिक उड्डयन विभाग के लिए यह आत्मचिंतन का समय है। अगर इसी तरह हादसे होते रहे, तो लोगों का इस क्षेत्र से भरोसा उठने लगेगा। विकसित भारत का सपना देख रहे देश के लिए यह अच्छी बात नहीं होगी। गौर कीजिए, पिछले एक दशक में अमेरिका में सालाना उड़ानों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, जबकि हमारे यहां कई हवाई अड्डों से नियमित उड़ानों के बंद होने की खबरें सुनाई देती हैं। इसलिए विमानन क्षेत्र की सुरक्षा संबंधी खामियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यह क्षेत्र लगातार नकारात्मक वजहों से सुर्खियां बटोर रहा है और इससे देश के संपूर्ण परिवहन क्षेत्र की छवि प्रभावित होती है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब इंडिगो विवाद ने देश-दुनिया में हमारी किरकिरी कराई थी। हजारों उड़ानें रद्द हुईं और मुसाफिरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इसलिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपने तंत्र को चाक-चौबंद करने के लिए काफी मेहनत करने की आवश्यकता है। एयर एंबुलेंस हादसे का एक पहलू यह भी है कि अगर रांची में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा होती, तो शायद यह नौबत ही नहीं आती।

## संसद की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण

# अविश्वास प्रस्ताव बनाम सब्सटेंसिव मोशन



अवधेश कुमार
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की राजनीति ऐसी अवस्था में पहुंची है जिसकी पहले कल्पना नहीं थी। यह भारत के संसदीय इतिहास की अत्यंत गंभीर स्थिति है जब लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस है तो उसके समानांतर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सब्सटेंसिव मोशन। राहुल गांधी के विरुद्ध सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सब्सटेंसिव मोशन लाने की मांग की है। भाजपा ने पहले राहुल गांधी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की बात की थी किंतु लगता है गंभीरता से विमर्श करके सब्सटेंसिव मोशन की पहल की है। सब्सटेंसिव मोशन विशेषाधिकार हनन से ज्यादा गंभीर हो सकता है। सब्सटेंसिव मोशन स्वतंत्र मूल प्रस्ताव है जिसमें सांसद के विरुद्ध स्पष्ट आचरण या निर्णय सामने आता है। इस पर बहस और मतदान होता है तथा पारित होने पर सदन का अधिकारिक रुख और मत प्रकट होता है। यानी संबंधित सांसद का आचरण और चरित्र सांसद के अनुकूल है या नहीं, इन्हें सांसद होना चाहिए या नहीं, इन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने देना चाहिए या नहीं आदि आदि। इसके आधार पर कार्रवाई हो सकती है और सदन की सदस्यता भी जा सकती है? चुनाव आयोग को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की अनुशंसा की जा सकती है। तो इसे कैसे देखा जाए? राहुल गांधी प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस इस पर या प्रतिक्रिया स्वाभाविक है कि हम डरने वाले नहीं है। 24 दिसंबर, 2005 को लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता कैसे गई थी? एक टेलीविजन चैनल ने स्टिंग किया और सांसदों पर धन लेकर प्रश्न पूछने का आरोप लगा। सब्सटेंसिव मोशन के तहत उन्हें बर्खास्त कर दिया गया और उन्हें आरोपों के उत्तर का भी अवसर नहीं दिया गया। इसमें मुख्य भूमिका कांग्रेस की ही थी।

अविश्वास अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिलने के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आना बंद कर दिया है।अविश्वास प्रस्ताव के बाद बहस और परिणाम तक लोकसभा अध्यक्ष सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते। तो उन्होंने यह निर्णय किया । यही बात सांसद या विपक्ष के नेता पर लागू नहीं होती। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव या सब्सटेंसिव प्रस्ताव स्वीकृत होने के बावजूद संबंधित सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया जा सकता है। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को बहस होने की संभावना है। यह देखना होगा कि सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होता है या नहीं। चूंकि भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बहुमत है इसलिए अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। यही बात सब्सटेंसिव मोशन के साथ लागू नहीं होता। बहुमत के आधार पर गठबंधन राहुल गांधी के विरुद्ध निश्चित मत और कार्रवाई तक का प्रस्ताव पारित कर सकता है। कांग्रेस के अंदर उनके समर्थकों में इससे कोई परेशानी नहीं दिखाई देती। उल्टे वे यह कहते हुए प्रफुल्ल होते हैं कि एजेंडा तो राहुल गांधी ही सेट कर रहे हैं और वह सब्सटेंसी मोशन पर बहस भी उन्हीं के इर्द-गिर्द रहेगी। अगर सोच ऐसी हो तो कल्पना की जा सकती है कि राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के रणनीतिकार किस दिशा में जा रहे हैं। बजट सत्र आरंभ होने के पहले दिन को छोड़कर आरंभ से अंत तक राहुल गांधी सदन के अंदर और बाहर सर्वाधिक चर्चा और बहस के विषय रहे। क्या इसे सही अर्थों में राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करना कहेंगे? लोकसभा में विपक्ष के नेता की दृष्टि से इसे बिल्कुल जायज माना जाएगा? क्या इससे राहुल गांधी अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति कर रहे हैं?

किसी एक नेता के विरुद्ध कार्रवाई होगी तो लोगों में उसके प्रति सहानुभूति पैदा हो सकती है और अनेक प्रश्न उठ सकते हैं। दूसरा पक्ष यह है जिस तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अभियान चला उसका क्या? उनकी बेटी के सिविल सर्विस पास होने तक पर प्रश्न उठाने वाले कौन थे? कांग्रेस की महिला सांसदों द्वारा उनको लिखा गया पत्र देखिए , चरित्रहनन है। और आपने अविश्वास प्रस्ताव तक ला दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट घेर कर कांग्रेस की महिला सांसद बैनर लिए खड़ीं थी। माहौल का ध्यान रखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा मैंने उनसे सदन में न आने का अनुरोध किया क्योंकि कुछ भी अप्रत्याशित हो सकता था। एपिस्टन फाइल को लेकर निराधार आरोप क्या चरित्रहनन नहीं है? इस फाइल में किसी का नाम आना उसके पाप में भागीदार का द्योतक नहीं हो सकता। एपिस्टन फाइल की मुख्य चर्चा अवयस्क बालक - बालिकाओं के साथ शर्मनाक यौनाचार के संदर्भ में है। यह जानते हुए कोई उसके संपर्क में है तोउसे दोषी माना जाएगा। जिस तरह राहुल गांधी और उनके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घसीटने की कोशिश कर रहे हैं उसे चरित्र हनन की राजनीति के अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता। संकेत में यह कहना कि प्रधानमंत्री दबाव में है क्योंकि अभी फाइल में माल बहुत है और अडाणी पर अमेरिका में केस हैं आदि आदि . क्या है? यही बताने की कोशिश हो रही है कि प्रधानमंत्री का दबाव है और इसीलिए वे देश का सौदा कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए ऐसी कठिन स्थिति पैदा करने की कोशिश है कि उन्हें फैसला लेने में ही समस्या हो। ओम बिरला यहां व्यक्ति नहीं लोकसभा अध्यक्ष जैसे गरिमापूर्ण पद पर हैं। हमारा व्यक्तिगत उनसे मतभेद हो सकता है, उनसे नापसंदगी भी होगी, पर पद का सम्मान करने और विश्वास करने का प्राथमिक दायित्व भी नेता और संसद न निभाएं तो इसे क्या कहेंगे? यह सब शर्मनाक है। हालांकि राहुल गांधी और सपा के अखिलेश यादव ने विश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किया। यह भी एक रणनीति होगी ताकि वे बोल सके कि हमने अध्यक्ष पद की गरिमा का ध्यान रख हस्ताक्षर नहीं किया।आपकी रणनीति हो सकती है कि किसी तरह उन्हें मनोवैज्ञानिक दबाव में रखो और अपना एजेंडासदन के माध्यम से प्रचारित और स्थापित करने की कोशिश करो। जब एक पक्ष सीमा का इस सीमा तक उल्लंघन करता रहेगा तो दूसरे पक्ष से भी प्रत्युत्तर उस रूप में आ सकता है। सांसद निशिकांत दुबे द्वारा प्रस्तुत पुस्तक जिनमें नेहरू परिवार के चरित्र पर प्रश्न खड़े किए गए हैं उसी की प्रतिक्रिया में आया था। आपने लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दिया, प्रधानमंत्री का भी चरित्रहनन किया, देश के प्रति उनकी निष्ठा के विरुद्ध दुष्प्रचार किया तथा अंततः ऐसी स्थिति पैदा की किए हुए राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में भाषण नहीं दे सके तो आपके विरुद्ध भी सब्सटेंसिव मोशन आ गया।

## रहस्य का रायता

शिवपालगंज की धरती पर जब भी कुछ रहस्यमयी होता है, तो समझ लीजिए कि या तो किसी की भैंस चोरी हुई है या फिर चुनाव आने वाले हैं। इस बार मामला जरा 'हाइब्रिड' था। कस्बे के बीचों-बीच बने पुराने डाकबंगले के कमरे नंबर 4 में पिछले तीन दिनों से एक रहस्यमयी परछाईं देखी जा रही थी। खिड़की पर भारी परदे गिरे थे और अंदर से ऐसी आवाजें आ रही थीं जैसे कोई प्रेतात्मा टाइपराइटर पर अपनी आत्मकथा लिख रही हो।

गंजामल जी, जो कस्बे के स्वयंभू जासूस और खाली वक्त में पटवारी थे, ने अपनी चपटी नाक पर चश्मा टिकाते हुए कहा, बेटा, ये मामूली भूत नहीं है। ये 'प्रजातांत्रिक भूत' है। सुन रहे हो अंदर से फाइलें पलटने की आवाज? ये आवाज व्यवस्था की अंतरात्मा की है।

देखते ही देखते डाकबंगले के बाहर मेले जैसा माहौल हो गया। बद्री पहलवान अपनी लंगोट कसकर आए थे ताकि अगर भूत कुश्ती के मूड में हो तो दो-दो हाथ हो जाएं। मास्टर साहब ने तर्क दिया कि यह विदेशी जासूस हो सकता है, जो हमारे कस्बे की धूल के नमूनों को चुराकर मंगल ग्रह पर भेजने की फिराक में है।

रहस्य की परतें तब और गहरी हो गईं जब स्थानीय दरोगा जी ने अपनी भारी भरकम तोंद संभालते हुए ऐलान किया, अंदर जो भी है, उसके पास राशन कार्ड नहीं है। और जिसके पास राशन कार्ड नहीं, उसे इस देश की हवा में सांस लेने का कोई अधिकार नहीं है। यह घुसपैठिया है! अगले दो घंटों तक योजनाएं बनीं। तय हुआ कि दरवाजा तोड़ा जाए। पूरा गंज उत्सुकता के मारे हिचकिचाहट और रोमांच के बीच झूल रहा था। क्या अंदर कोई आतंकवादी है? क्या कोई बाबा है जो नोट दुगने करने की मशीन चला रहा है? या शायद कोई ऐसा नेता जो भ्रष्टाचार के बोझ से थककर यहाँ 'एकांतवास' में है?

दरोगा जी ने ललकारा– कानून के लंबे हाथ तुम्हारी गर्दन तक पहुँच रहे हैं, बाहर आओ!

अंदर से कोई जवाब नहीं आया, बस टाइपराइटर की खट-खट तेज हो गई। माहौल में सस्पेंस इतना बढ़ गया कि बद्री पहलवान को पसीना आने लगा। आखिरकार, भारी भरकम लात मारकर दरवाजा तोड़ा गया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 फरवरी 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:55 सूर्यास्त 18:25
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - दसमी 24:34 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - मृगशिरा 12:11 उपरांत आर्द्रा
योग - प्रीति 22:33 उपरांत आयुष्मान
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 08 तारिख

**मेष-** व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**वृषभ-** निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**मिथुन-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**कन्या-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। यात्रा से लाभ होगा।

**तुला-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**वृश्चिक-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

**धनु-** लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मीन-** शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

### माँ कहती है

बच्चों पढ़ो तुम मन लगाकर,
माँ कहती है हमें ये अक्सर,
तुम हो साहसी ताकतवर,
भगाओ परीक्षाओं का डर ।
परीक्षाएं जीवन का हिस्सा,
मत बनाओं भय का किस्सा,
तुम्हारी मेहनत का ये शीशा,
दिखाती है तुम्हें सही दिशा ।
नहीं कदम उठाना नुकसानदेह,
जहाँ हो कोई भी प्रश्न या संदेह,
गुरुजनों से पूछो तुम निडर स्नेह,
तुम आनंद से भरपूर निःसंदेह ।
ईमानदारी से करो तुम पढाई,
अध्ययन में हो रूचि गहराई,
नित्य मेहनत ने तकदीर बनाई,
शिक्षा ने ही किस्मत चमकाई ।
त्याग दो परीक्षाओं का डर,
मत दो तन-मन को ये जहर,
भय को मत दो हवा भीतर,
तुम पर करता सब निर्भर ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# क्लिक की संस्कृति में खोता हुआ समाज और डिजिटल मंच पर किनारे पड़ा विवेक



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

डिजिटल दुनिया कभी ज्ञान, संवाद और रचनात्मकता की प्रयोगशाला मानी जाती थी। यह विश्वास था कि इंटरनेट लोकतंत्र को मजबूत करेगा, हाशिये पर खड़े लोगों को आवाज देगा और असली प्रतिभा को पहचान दिलाएगा। लेकिन आज जब हम स्क्रीन पर उँगली चलाते हैं, तो एक अलग ही सच सामने आता है। यहाँ हुनर से ज्यादा हंगामा बिकता है, विचार से ज्यादा विवाद और मेहनत से ज्यादा मीम। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों पर वायरल होना सफलता की कसौटी बन चुका है। सवाल यह नहीं कि लोग मशहूर क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि हम किस तरह की मशहूरी को पुरस्कार बना रहे हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्म का पूरा ढांचा ध्यान के व्यापार पर टिका है। जितनी देर आप स्क्रीन पर टिके रहेंगे, उतना अधिक मुनाफा पैदा होगा। इस गणित में शोर सबसे सस्ता और असरदार हथियार है। ऊँची आवाज, उग्र भाषा, भड़काऊ हावभाव और अति-नाटकीयता – यही वह मुद्रा है जिसे एल्गोरिद्म सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। जो व्यक्ति ठहराव से, तर्क से और संयम से बात करता है, वह भीड़ में गुम हो जाता है, जबकि तमाशा करने वाला मंच के बीचोंबीच बैठा होता है।

यह केवल कंटेंट की समस्या नहीं है, बल्कि प्रोत्साहन की है। जब प्लेटफॉर्म वही दिखाते हैं जो क्लिक दिलाता है, तो रचनाकार भी वही बनाने को मजबूर होता है। इस दौड़ में गुणवत्ता पीछे छूट जाती है और उत्तेजना आगे बढ़ती जाती है। धीरे-धीरे यह एक आदत बन जाती है, और आदत अंततः संस्कृति में बदल जाती है।

कभी हुनर का अर्थ था – अभ्यास, अनुशासन और धैर्य। आज हुनर का मतलब है ट्रेंड पकड़ लेना। कोई सड़क पर नाचकर मशहूर है, कोई गालियाँ देकर बोल्ड कहलाता है, कोई निजी जीवन को सार्वजनिक तमाशा बनाकर रियल होने का दावा करता है। असली प्रश्न यह नहीं कि ये लोग क्यों देखे जा रहे हैं, बल्कि यह है कि समाज किस तरह के आदर्श गढ़ रहा है।

यह नया मापदंड युवाओं के मन में एक खतरनाक संदेश बैठा रहा है – कि शॉर्टकट ही सफलता है। अगर आप शांत हैं, तो आप उबाऊ हैं। अगर आप गहरे हैं, तो आप अप्रासंगिक हैं। यह सोच न केवल कला और ज्ञान का अपमान है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जहरीली है। युवा खुद को लगातार तुलना के आईने में देखने को मजबूर है, जहाँ आत्मसम्मान लाइक्स और व्यूज की संख्या से तय होता है।

डर इस बात का है कि आने वाली पीढ़ी किताबें ज्ञान के लिए नहीं, बल्कि कंटेंट के लिए पढ़े। इतिहास, साहित्य और दर्शन अब सीखने के साधन नहीं, बल्कि विवाद पैदा करने की सामग्री बनते जा रहे हैं। लंबी सोच, संदर्भ और नैतिकता – इन सबको बोरिंग कहकर किनारे किया जा रहा है। जबकि सच यह है कि ज्ञान कभी त्वरित नहीं होता। वह समय मांगता है, धैर्य मांगता है और असहज सवालों से जूझने की ताकत मांगता है।

आज सच बोलने वाले के पास अक्सर सन्नाटा होता है। उसकी बातों में सनसनी नहीं होती, उसके निष्कर्ष तुरंत तालियाँ नहीं बटोरते। दूसरी ओर, तमाशा करने वालों के पास मेला होता है – लाइक्स, शेयर, फॉलोअर्स और ब्रांड डील्स। यह असंतुलन खतरनाक है, क्योंकि समाज शोर से नहीं, संवाद से आगे बढ़ता है। जब संवाद की जगह शोर ले लेता है, तो बहस तमाशा बन जाती है और असहमति दुश्मनी। युवावर्ग इस पूरे परिदृश्य में सबसे ज्यादा उलझन में है। एक ओर रोजगार की अनिश्चितता, दूसरी ओर डिजिटल चमक का झूठा वादा। उसे बताया जा रहा है कि पहचान पाने का सबसे तेज रास्ता विवाद है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## आर्थिक विकास आकलन...!

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी हैं अर्थव्यवस्था,
घरेलू खपत, सुधारों व तेज आर्थिक वृद्धि अवस्था।
भविष्य में देश 'तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था' का दर्जा,
यह मुकाम हासिल होगा इसमें नहीं कोई भी हर्जा।
आर्थिक विकास के आंकड़ों से जुड़े हुए आकलन,
पैमाने में 'महंगाई' को स्थिर करें पहलू के संकलन।
एक तरफ विकास की चमकती हुई तस्वीर हैं पेश,
दूसरी तरफ महंगाई की स्थिति बयां नया परिवेश।
इस वर्ष के शुरूआत में ही महंगाई में हुई बढ़ोतरी,
खाद्य सामग्री एवं जरूरी वस्तुओं के दाम चढ़ोतरी।
महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब व मध्य वर्ग,
भोजन, ईंधन व स्वास्थ्य का सरकार समझ लें दर्द।
(संदर्भ-आर्थिक विकास के दावे तेज।)

## अफसरों की शहादत का शोर ?

आज का सिनेमा युद्ध, शहादत व सेना केंद्रित,
कहानियाँ पूरी तरह होना चाहिए थी विकेंद्रित।
देशभक्ति के नाम पर बन रही फिल्मों का शोर,
उस असली सैनिक की आवाज पहुँचे चहूँओर।
सीमा पर खड़ा होकर लड़ता रहता हैं सिपाही,
बॉर्डर की जमीं 1-1 इंच की रक्षा देता गवाही।
माना हर पात्र के साथ न्याय करना संभव नहीं,
लेकिन उसे क्रेडिट तो बड़े पर्दे पर दो हर कहीं।
अब कहानी कहने के तरीके चाहे बदल गये हो,
'चरित्र-चित्रण' में लेखक-निर्देशक का न्याय हो।
सैनिकों की बहादुरी में न हो अफसरों का शोर?
उनकी शहादतों के साथ न हो अन्याय घनघोर।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

## धर्म-आस्था

# धुलेंडी के उल्लास में तीन मार्च को खंडग्रास चंद्र ग्रहण का अनूठा संयोग

रंग, उमंग और उल्लास के प्रतीक महापर्व धुलंडी के दिन इस वर्ष आकाश में एक विलक्षण खगोलीय दृश्य साकार होने जा रहा है। 3 मार्च मंगलवार को जब संपूर्ण क्षेत्र सहित नगर अबीर-गुलाल की सुगंध से सराबोर होगा, उसी संध्या वर्ष का पहला खंडग्रास चंद्र ग्रहण अपने रहस्यमय विस्तार के साथ आकाश मंडल पर अंकित होगा। यह अनोखा संयोग रंग और ग्रहण, आनंद और संयम श्रद्धालुओं एवं खगोल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का विषय बना हुआ है।

जहां एक ओर जनमानस होली के रंगों में डूबकर उल्लास के शिखर को छूने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रहण के कारण धार्मिक मर्यादा, सूतक नियम एवं आध्यात्मिक अनुशासन को लेकर गहन चर्चा और सजगता का वातावरण बन गया है।

### सूतक काल

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण से पूर्व लगने वाला सूतक काल विशेष पवित्रता एवं संयम की अपेक्षा करता है। इस अवसर पर सूतक काल सुबह 06:20 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण की समाप्ति 06:47 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में देशभर के अधिकांश मंदिरों में कपाट (पट) बंद रहेंगे। मंदिरों में पूजा, दर्शन एवं भोग अर्पण पूर्णतः वर्जित रहेगा। ग्रहण समाप्ति के पश्चात मंदिरों की विधिवत धुलाई, शुद्धिकरण एवं अभिषेक के उपरांत ही पुनः संध्या आरती एवं दर्शन प्रारंभ होंगे। यह ग्रहण भारत सहित पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, रूस और पाकिस्तान समेत अनेक देशों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। भारत में इसकी पूर्ण दृश्यता के कारण धार्मिक प्रभाव एवं सूतक काल पूर्णतः मान्य रहेगा।

### राशियों पर ग्रहण प्रभाव

यह खंडग्रास चंद्र ग्रहण विशेष रूप से मेष, कर्क, तुला एवं मकर राशि के जातकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इन राशियों के लोगों को मानसिक तनाव,कार्यों में बाधा, आर्थिक उलझन, निर्णय क्षमता में भ्रम जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड सकता है। पं. पारीक ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार ग्रहण काल में ईश्वर का नाम जप करने से नकारात्मक प्रभावों से रक्षा होती है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को ग्रहण काल में घर के भीतर रहने, नुकीली वस्तुओं के प्रयोग से बचने एवं मानसिक शांति बनाए रखने की सलाह दी गई है।

### सूतक काल में क्या करें, क्या न करें

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, सूतक काल में वातावरण में सूक्ष्म स्तर पर नकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि मानी जाती है, अतः निम्न सावधानियां आवश्यक हैं।

### क्या न करें

देव पूजन, मूर्ति स्पर्श एवं मंदिर दर्शन,भोजन पकाना व ग्रहण करना, कोई भी मांगलिक कार्य या शुभारंभ

### क्या करें

मंत्र जप, ध्यान, स्वाध्याय तुलसी पत्र भोजन सामग्री में डालना, मानसिक शांति एवं संयम बनाए रखना

### विज्ञान की दृष्टि से चंद्र ग्रहण

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चंद्र ग्रहण तब घटित होता है जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के मध्य आकर सूर्य के प्रकाश को चंद्रमा तक पहुंचने से रोक देती है ।परिणामस्वरूप पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड;ती है, जिससे वह गहरा लाल अथवा तांबे जैसा प्रतीत होता है। चंद्र ग्रहण मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं, पूर्ण चंद्र ग्रहण, आंशिक चंद्र ग्रहण, उपछाया चंद्र ग्रहण।

### ग्रहण की समय-सारिणी

ग्रहण प्रारंभः सायं 05:59 बजे
ग्रहण समाप्तः सायं 06:47 बजे
कुल अवधिः लगभग 48 मिनट
सूतक प्रारंभः सुबह 06:20 बजे
उग्रता और अव्यवस्था से दूर रहें

हिंदू उत्सव समिति सारंगपुर नगर अध्यक्ष डा. ध्रुव भल्ला ने नगरवासियों से अपील की है कि रंगोत्सव के आनंद में धार्मिक परंपराओं का सम्मान करें। ग्रहण काल में संयम, सौहार्द एवं शांति बनाए रखें।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,800 चांदी- टंच- 2,63,000 पाट- 2,62,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## संत गाडगे महाराज की 150 जयंती मनाई

**कानड़।** रजक समाज द्वारा संत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम सोमवार को पचलाना रोड़ पर आयोजित किया गया। जयंती समारोह की शुरूआत संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद, राधेश्याम बरेठा अध्यापक द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति है, इसलिए सभी को संगठित होकर समाज के लिए कार्य करना चाहिए। समाज के लोगों ने बाबा के बताए स्वच्छता, सेवा को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाबूलाल करवा , प्रकाश बरेठा, दिनेश बरेठा, रामेश्वर बरेठा, अशोक करवा, सूरज बरेठा, विष्णु बरेठा,दिपक बरेठा, जितेन्द्र बरेठा, रोहित बरेठा, सहित रजक समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विमुक्त जाति छात्रावास में बच्चों को भर पेट भोजन नहीं मिल रहा है



**खिलचीपुर।** शासकीय बालक प्री-मैट्रिक विमुक्त जाति छात्रावास में बच्चों को अभी मुक्त जाति छात्रावास सामने आया है रविवार को बच्चों की शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. जांच में सामने आया कि बच्चों को खाने में सिर्फ दो रोटियां दी जाती हैं और सोने की जगह परछत से टॉयलेट का गंदा पानी टपकता है. भूखे बच्चों की स्थिति देखकर तहसीलदार ने तुरंत होटल से खाना मंगवाकर ुा उन्हें खिलाया. वर्तमान में तहसीलदार ने बच्चों के बयान लेकर पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट आगे कार्रवाई के लिए कलेक्टर को भेजी थी।

## अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव



**नलखेड़ा।** अग्रवाल समाज महिला मंडल के तत्वाधान में दिनांक 23 फरवरी को भाग उत्सव का विशाल कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 2 में स्थित समाज के नवनिर्मित धर्मशाला में आयोजित किया गया कार्यक्रम में दो महिलाओं को राधा एवं कृष्ण के रूप में सजाकर मंच पर बिठाया तथा उनके फूलों की होली खेली गई। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी के चित्र का पूजन अर्चन कर मंच पर विराजित राधा कृष्ण के सॉन्ग जमकर फूलों की होली खोली गई तथा महिलाओं ने भजन के साथ नृत्य कर होली के गीत गाए गए अंत में राधा कृष्ण की आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम समाप्ति पर सल्फहर का आयोजन भी रखा गया उक्त कार्यक्रम महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अनीता मित्तल के नेतृत्व में आयोजित किया गया इस मौके पर समाज की श्रीमती रेखा गोयल उषा मंगल रुचि गोयल प्रीति मित्तल सुरभि गोयन अनीता गोयल उषा मंगल रुचि गोयन प्रीति मित्तल सुरभि गोयन अनीता गोयन मीना मित्तल रानू मित्तल जागृति मंगल आदि महिलाएं उपस्थित थी

## मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन की बैठक संपन्न



**बड़नगर।** भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन की एक बैठक किला प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश सचिव राहुल मालवीय, जिलाध्यक्ष पंकज डूंगरिया एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राहुल मालवीय ने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी विभागों में काम करने वाले ठेका कर्मचारी आउटसोर्स कर्मचारी को हरियाणा सरकार की तर्ज पर निगम मंडल आयोग बनाकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए एवं जीवन निर्वाह लायक वेतन मिले। इस मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में चल रहा है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

सुसनेर में जुआ फड़ पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

# 32 आरोपी गिरफ्तार, 2.52 लाख नकद जब्त, नवागत थाना प्रभारी की सख्ती से मचा हड़कंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



क्षेत्र में अवैध जुआ गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने सुनियोजित रणनीति के तहत जंगल क्षेत्र में संचालित जुआ फड़ पर दबिश देकर कानून व्यवस्था के प्रति अपनी सख्ती का स्पष्ट संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में सोमवार मंगलवार की रात्रि में की गई इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में भय का माहौल देखा गया। पुलिस की तत्परता और रणनीतिक घेराबंदी के चलते मौके पर मौजूद सभी आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली।

मौके से बड़ी मात्रा में नगद राशि और जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई।पुलिस ने पूरी कार्रवाई को विधिसम्मत तरीके से अंजाम देते हुए पंचनामा और वीडियोग्राफी की प्रक्रिया भी पूरी की। जंगल क्षेत्र में संचालित जुआ फड़ पर सुनियोजित दबिश देकर 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से ?2,52,000 नगद राशि एवं तीन ताश की गड्डियां जब्त की गई हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश पब्लिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### लंबे अंतराल के बाद बड़ी कार्रवाई

क्षेत्र में जुआ गतिविधियों की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं, लेकिन इतने बड़े स्तर पर एक साथ गिरफ्तारी पहली बार देखने को मिली है। डग रोड स्थित आडे खाल के पास कंठाल नदी किनारे जंगल में अंदर-बाहर नामक जुआ बड़े पैमाने पर संचालित हो रहा था। इस कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

### सुनियोजित रणनीति से घेराबंदी

23 फरवरी की रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल टीम गठित की। जंगल क्षेत्र और अंधेरे का लाभ उठाकर आरोपियों के फरार होने की आशंका को देखते हुए चारों ओर से घेराबंदी की गई। दबिश के दौरान सभी आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया। कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर पंचनामा तैयार किया गया तथा जब्त नकदी और सामग्री को विधिवत मालखाना में जमा कराया गया।

### आरोपियों को सिविल अस्पताल लाए

गिरफ्तारी के बाद सभी 32 आरोपियों को मंगलवार की शाम करीब 5 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच बस द्वारा सिविल अस्पताल लाया गया। वहां उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया ताकि कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित हो सके। इसके बाद आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई। अस्पताल परिसर में भी पुलिस की कड़ी निगरानी रही।

**इनका कहना**

मुखबिर की सूचना पर सुनियोजित तरीके से टीम गठित कर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध जुआ गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और आगे भी इसी प्रकार सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा।

**अक्षय सिंह बैंस**
**थाना प्रभारी सुसनेर**

### नवागत थाना प्रभारी की सख्ती की चर्चा

नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक अक्षय सिंह बैस द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद यह पहली बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। चार्ज संभालते ही अवैध गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाने से आमजन में सकारात्मक संदेश गया है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की तत्परता और सक्रियता की सराहना की है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून के प्रति विश्वास मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष वार्षिक शिविर प्रारंभ

# युवाओं को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ने का सशक्त माध्यम रासेयो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर




शासकीय जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विशेष सात दिवसीय वार्षिक शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत कमलिया में किया गया। शिविर में शिशु मंदिर शुजालपुर मंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं को भी सहभागिता का अवसर प्रदान किया गया।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना रहे। विशेष अतिथि प्रो. बी के त्यागी, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ स्वयंसेवक जितेन्द्र पंवार एवं ग्राम सरपंच हुकुम सिंह परमार उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय गोलू खन्ना ने दिया तथा स्वागत शिविर संचालक देवेंद्र कुंभकार, प्रीतम सिंह परमार, प्रवीण कुमार नागजी, मनीष सिसोदिया और संतोष सोलंकी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शिविर की रूपरेखा की जानकारी जितेन्द्र पंवार ने प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि आलोक खन्ना ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज और राष्ट्र सेवा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रो. बी के त्यागी ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे सात दिनों तक ग्रामवासियों के बीच रहकर स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर सकारात्मक संदेश दें। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ समाज से जुड़कर राष्ट्र सेवा करना विद्यार्थियों के लिए गौरव का अवसर है, जो उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

इस अवसर पर प्रो. प्रवीणा धारीवाल, शिशु मंदिर प्राचार्य विनोद कुमार चंद्रवंशी, सुनील जैन, डॉ. तुषार यादव, डॉ. सुनील मेवाड़ा, डॉ. बी एल चोरडिया, उमेश पांडेय, जयेश मालवीय, ओमप्रकाश परमार सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहा सिसौदिया व राधिका राठौर ने किया। शिविर नायक का दायित्व मनोहर सिंह तथा नायिका का दायित्व शिवानी कुशवाहा को सौंपा गया। आभार योगेंद्र सिंह चौहान ने माना।



## एसआईआर सर्वे पूर्ण होने पर बीएलओ ने जताया आभार, कलेक्टर का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में गुना जिले में एसआईआर सर्वे 2025-26 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर मंगलवार विभिन्न बीएलओ द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीएलओ साथियों ने पुष्पहार एवं शाल-श्रीफल भेंट कर कलेक्टर कन्याल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि किसी भी चुनौतीपूर्ण कार्य को टीम वर्क के माध्यम से सहज रूप से पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एसआईआर सर्वे का सफलतापूर्वक संपन्न होना आप सभी के समर्पण, मेहनत और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सर्वे कार्य के दौरान मिले सहयोग और मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर श्री कन्याल का आभार प्रकट किया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मोहम्मद जफर शेख पिता मोहम्मद रफीक जाति शेख (मुसलमान) निवासी ग्राम सादवा कृषक ग्राम कनासिया तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि ग्राम कनासिया तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे न. 535 रकबा 0.26 है. इस प्रकार कुल सर्वे नं 01 कुल रकबा 0.26 है. स्थित है। जिसकी बयाना राशि दे दी गई है शीघ्र ही उक्त व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित होना है। यदि उक्त व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का कोई हित ऋण, दान, गिरवी, अनुबंध आदि हो तो वह मय लिखित दस्तावेज के कायार्लीन समय में मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपति 05 दिवस के अन्दर दर्ज करवाये अन्यथा बाद अवधि उक्त व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि का विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार के हित मे सम्पादित करा लिया जावेगा तथा किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नहीं कि जावेगी।

दिनांक : 24/02/2026

**पक्षकार द्वारा अभिभाषक**
**महेन्द्रसिंह बड़ाल एडव्होकेट पता कोर्ट गैट के पास, तराना**
**मोबा. 9893951566**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कमलसिंह आंजना पिता लक्ष्मणसिंह आंजना एवं नितिन राठौर पिता संजय राठौर निवासीगण ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 373/1/2/2 रकबा 0-1100 हेक्टर में से 3225 स्क्वेयर फीट भूमि स्थित ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन जो रोड़ से लगी है, को क्रय करने का अनुबंध कर सौदा चिट्ठी संपादित करवा ली है तथा शिघ्र ही शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा संपादित कराया जाना है यदि उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर किसी भी बैंक, संस्था, अथवा निकाय का कोई ऋण भार हों या अन्य किसी प्रकार से लेख आदि किया हुआ हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी लेखी आपत्ति मय प्रमाण के कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा अपने हित में संपादित करां लेवेगें तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा समस्त लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शून्य माने जावेगे। इति
दिनांक- 25/02/2026 उज्जैन

**कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट**
**कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन.**
**मो. 98260-50947**
**कार्यालय समय प्रातः 10 से 11:30 तक**

**जाहिर सूचना**

इस जाहिर सूचना के द्वारा हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि कस्बा उन्हेल तहसील जिला उज्जैन में मुस्लिम समाज के मृत व्यक्तियों की मय्यते दफनाने के लिए कदीम रियासत ग्वालियर कालीन कब्रस्तान होकर कस्बा व तहसील के राजस्व रिकार्ड कदीम में दर्ज चला आ रहा है। यही चालू कब्रस्तान कार्यालय कलेक्टर जिला उज्जैन की वक्फ सम्पतीयो का वर्ष 1994 ई. से पूर्व का वक्फ कानूनी कमिशनर शासन सर्वे पश्चात के द्वारा अन्तिम रूप से वक्फ कब्रस्तान वाके कस्बा उन्हेल तहसील व जिला उज्जैन खसरा नम्बर 2462 रक्बा 2.258 तथा सर्वे न. 2464 रक्बा 0.230 है. और सर्वेनम्बर 2737 है. रकबा 1.087 है. कुल किता तीन योग रक्बा 3.575 है. वक्फ कब्रस्तान भूमि घोषित कर कार्यालय मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भौपाल में दिनांक 13/09/1985 ई. को वक्फ सम्पति पंजीयन क्रमांक औकाफ रजिस्टर 57 में/366 पर पंजी किया जा चुका है। जिस पर वक्फ गर्वन कानुन होते है। कदीम समय के इस कब्रस्तानों का उपयोग मुस्लिम समुदाय द्वारा किया जाता रहा है। उक्त कब्रस्तान सर्वे नम्बरान और उनके रक्बो की भूमि अंन्तिम रूप से वक्फ घोषित होकर शासनका वक्फ सम्पत्तियों का शासकिय राज पत्र में दावे आपत्तियों की सुनवाई पशचात दिनांक 13/09/1985 घोषित होकर के राजपत्र में सरल कमांक 366 पर प्रकाशित किया जा चुका है।

लेकिन दिनांक 13/09/1985 ई. के राज पत्र में उक्त कब्रस्तान उन्हेल की सर्वे न. 2462 रक्बा 2.258 है. भूमी के अंकित होने के स्थान पर त्रुटिवश 0.258 है. ही प्रकाशित हो जाने से मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भौपाल के ततकालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उक्त त्रुटि को वक्फ कब्रस्तान रिकार्ड अनुसार सूधार कर उनका विधिवत प्रकाशन दिनांक 24 मार्च 2006 ई. का मध्यप्रदेश राज पत्र भाग 3 (1) में शुध्दी पत्र शीर्षक से करा दिया है। व इसकी सुचना विधिवत जिला कलेक्टर उज्जैन को देदी गई है।

कब्रस्तान खसरा न. 2462 रक्बा 2.258 है. में वर्तमान में 4 इमली तथा 4 बड एक पीपल 4 नीम व 4 गुल के बड़े वृक्ष है। दो प्राचीन मजारे में एक मजार मोहम्मद खेदर शाहबाबा तथा दुसरा काली कमली वाले शाहबाबा का है। कदीम एक बावडी एक कुआ के अलावा मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भौपाल द्वारा समय समय पर रजिस्टर्ड की गई प्रबंध कमेटियों ने मय्यते व जायरीन के लिए 50/70 फिट का शेड बनवाया और पानी के दो ट्युब वेल खुदवाकर कब्रस्तान में पानि पाईपलाइन बिछा कर हरियाली कायम की है। वर्तमान में उक्त कब्रस्तान की सर्वेनम्बर व उनके रक्बो की वक्फ भूमियों की सुरक्षा प्रबंध के लिए मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भौपाल में वक्फ बोर्ड भौपाल के द्वारा रजीस्ट्रेड वक्फ प्रबंध कमेंटी कब्रस्तान शाकिर मोहम्मद पिता श्री गनी मोहम्मद की अध्यक्षता तथा सोहेल खॉन पिता श्री नोशाद खान सचिव रजि. कर प्रबंध सौंपा है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी गैर सरकारी संस्था कार्यालय या अन्य व्यक्ति उक्त वक्फ कब्रस्तान उन्हेल की वक्फ भूमियों या उसके किसी भाग के रक्बों को परिवर्तित करने अथवा उसके स्वरूप को उदेश्यो को बदलने की गैर कानूनी कोशिश न करे। और न ही वक्फ भूमियों को किसी भी प्रकार से अतिक्रमण अथवा अंतरित करने का प्रयास न करे। वक्फ भूमियो पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अंतरण अथवा उसके रक्बों के साथ छेडछाड तबदीली वक्फ बोर्ड भौपाल में दर्ज रिकार्ड तथा कदीम राजस्व रिकार्ड के मुकाबले में कानुनन शुन्यमाना जावेगा। सूचित हो। दिनांक 21/2/2026

**शाकिर मोहम्मद**
**अध्यक्ष**
**रजि. वक्फ प्रबंध कमेटी**
**वक्फ कब्रस्तान उन्हेल जिला उज्जैन**

**सोहेल खान**
**सचिव**
**रजि. वक्फ प्रबंध कमेटी**
**वक्फ कब्रस्तान उन्हेल जिला उज्जैन**

## पूर्व पार्षद लक्ष्मीबाई पटेल का निधन



**मक्सी।** नगर की वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस की पूर्व पार्षद श्रीमती लक्ष्मीबाई पटेल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है। स्वर्गीय श्रीमती पटेल मक्सी नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंदरसिंह पटेल की धर्मपत्नी, वीरेंद्रसिंह गुर्जर (गुड्डू) एवं डॉ. नरेंद्रसिंह गुर्जर की माताजी तथा उमेश,मयंक, मोहक की दादीजी थीं। वे सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी रहीं। उनके निधन का समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता, मिडिया जगत के लोग, रिस्तेदारो एवं नगरवासीयो ने शोक संवेदना व्यक्त करने एबी रोड पुलिस थाने के सामने स्थित उनके निवास पहुंचे। मक्सी मुक्तिधाम पर आयोजित अंतिम संस्कार में बडी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। शोकसभा का संचालन वपत्रकार शरद रावल ने किया।

## बावड़ी वाली दरगाह के खादिम बाबा हाजी कय्यूम शाह का इंतकाल



**ब्यावरा।** जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजगढ़ और ब्यावरा के बीच स्थित बावड़ी वाली दरगाह के खादिम सुठालिया रोड ब्यावरा निवासी बाबा हाजी कय्यूम शाह का बुधवार को इंतकाल हो गया। मय्यत का दफन राजगढ़ रोड़ ब्यावरा स्थित कब्रस्तान में नमाज जौहर के बाद किया। भूरा, वसीम, वाजिद और मजीद शाह के वालिद साहब जनाब हाजी कय्यूम बाबा हर वक्त जरूरतमंदों लोगों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते थे वे एक मिलनसार व धार्मिक व्यक्तित्व के धनी थे। अल्लाह तआला अपने हबीब के सदके तुफैल से मरहूम हाजी कय्यूम बाबा के सगीरा व कबीरा गुनाह माफ फरमाये व जन्नतुल फिरदौस में आले से आला मकाम अता फरमाएं व घर वालों को सब्र करने की तोफीक अता फरमाएं।

## डाक सेवकों सम्मेलन में शामिल हुए



**महिदपुर रोड।** उज्जैन में उज्जैन तथा इंदौ र तथा उज्जैन डिविजन के डाक सेवकों के सम्मेलन में नगर के पोस्ट ऑफिस सहित आसपास के छह अन्य बी ओं में पदस्थ डाक सेवक कार्यक्रम में शामिल होने उज्जैन पहुंचे जानकारी देते हुए स्थानीय पो स्ट ऑफिस में पदस्थ डाक सेवक तान्या मकवाना तथा ऋषिका परि हार ने बताया विभाग द्वारा दूर संचा र एवं डाक विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में महिदपुर रोड डेलची बुजुर्ग टूटिया खेड़ी बेरछा सगवाली बपैया तथा झुटावद बीओ में पदस्थ डाक सेवक कार्यक्रम में शामिल होने उज्जैन पहुंचे विभागीय कार्यक्रम में केंद्रीय दूर संचार मंत्री ज्योति रादित्य सिंधिया इंदौर के सांसद शंकर लालवानी सांसद अनिल फिरोजिया सहित मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ने उपस्थित होकर डाक सेवकों की समर्पण भावना तथा ग्रामीण अंचल में सेवाओं की सराहना करते हुए हौसला बढ़ाया।

## नीतेश जोशी जय के नए कविता संग्रह तुम्हारे लिए को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार



**बड़नगर।** नगर के प्रसिद्ध साहित्यकार नीतेश जोशी के नए कविता संग्रह तुम्हारे लिए को अंतरराष्ट्रीय एमिली डिस्कन पुरस्कार प्राप्त हुआ है । बुकलिफ पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह कविता संग्रह जोशी की 21 प्रेम कविताओं का साझा संकलन है। जिसको अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। पूर्व में भी साहित्यकार जोशी का सम्मान कई संस्थाओं के द्वारा किया गया है । ज्ञात रहे साहित्यकार नीतेश जोशी साहित्य क्षेत्र में मध्य भारत का ऐसा सशक्त और प्रतिष्ठित नाम हैं, जिन्हें किसी औपचारिक परिचय की आवश्यकता नहीं है। वे एक ठेठ संस्कारित एवं साहित्यिक परिवार की पृष्ठभूमि से आते हैं, जहाँ शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदना का माध्यम रहे हैं। पारिवारिक वातावरण में प्राप्त साहित्यिक संस्कारों ने उनके रचनात्मक व्यक्तित्व को गहराई, संतुलन और भावनात्मक प्रामाणिकता प्रदान की है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सूचना क्र. / 197 / लो.नि.वि. / 26 — देवास, दिनांक :- 17.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर आ.ई.डी. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_483152_1 | वार्ड क्र. 07 उत्तम नगर पानी की टंकी के आसपास बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस, 20,42,000/- | 5,000/- 15,315/- | 04.03.2026 |
| 2 | 2026_UAD_483149_1 | वार्ड 39 गोया मैदान में फेंसिंग कार्य। (द्वितीय निविदा) | 45 दिवस 3,45,000/- | 2,000/- 3,450/- | 04.03.2026 |
| 3 | 2026_UAD_483141_1 | वार्ड 05 महांकाल कॉलोनी से किंग स्टेट कॉलोनी होते हुए प्रताप नगर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 90 दिवस, 24,25,000/- | 5,000/- 18,188/- | 18.03.2026 |
| 4 | 2026_UAD_483145_1 | वार्ड 30 स्टेशन रोड गुरुद्वारे के पास सामुदायिक भवन का शेष निर्माण। | 60 दिवस, 16,00,000/- | 2,000/- 12,000/- | 18.03.2026 |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, देवास**

## न्यूज कॉलम

### मदनलाल मालवीय, गणपत लाल डाबी और प्रवीण चौहान का स्वागत



**बडनगर।** सर्व समाज के संगठनों द्वारा 24 फरवरी मंगलवार को बड़नगर की तीन प्रतिभाओं मदनलाल मालवीय, गणपत लाल डाबी और प्रवीण चौहान को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम भारतरत्न डॉ. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा कर सम्मानित हो रहे तीनों प्रतिभाओं ने माल्यार्पण किया, तत्पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी आत्माराम चोहान द्वारा तीनों को पगड़ी बांधकर तथा उपस्थित सभी संगठनों ने प्रतिभाओं को माल्यार्पण कर समाज कल्याण हेतु शुभकामनाएं दी। प्रतिमा स्थापना समिति अध्यक्ष व डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव जेके मालवीय ने बताया कि मदनलाल मालवीय को अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली में प्रदेश सचिव, गणपतलाल डाबी को भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री और प्रवीण चोहान को सेवियर सम्मान से मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किये जाने पर सभी सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप में परिसंघ तहसील अध्यक्ष ललित वर्मा, एससी, एसटी, ओबीसी, गरीब वर्ग जिलाध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम सोनगरा, भारतीय दलित साहित्य अकादमी जिलाध्यक्ष मोहनसिंह चौहान, अजाक्स के संभागीय संयुक्त सचिव रतन गोयल एवं हरिराम डाबी, भाजपा ग्रामीण मंडल पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी, ग्रामीण मंडल महामंत्री प्रेम कुमार गुजरवाडिया, रविदास समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संजय राय, डॉ. संतोष बारोड़ बलाई समाज कल्याण समिति के रमेश चौहान द्वारा प्रतिभाओं को पुष्पमाला पहनाकर कर सम्मानित किया गया।

### गायत्री परिवार की तहसील स्तरीय संगठनात्मक समिति का गठन



**आगर मालवा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं परम वंदनीय माताजी के जन्म शाताब्दी समारोह के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य और गायत्री शक्ति पीठ भोपाल के निर्देशानुसार आगर मालवा में तहसील स्तरीय संगठनात्मक इकाई का गठन उपजोन प्रभारी प्रभाकर सोनाने एवं परिवृजक पुरुषोत्तम साहू की उपस्थिति में किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से आरसी शर्मा सेवानिवृत्त उपयंत्री को तहसील समन्वयक, ओमप्रकाश राठौर एवं डॉ. नारायणसिंह बगाना को तहसील सह समन्वयक अन्य परिजनों को विभिन्न समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया है। साथ ही जिला समिति हेतु रजनीश स्वर्णकार एवं नीता यादव का नाम प्रस्तावित किया गया है। जानकारी देते हुए पूर्व तहसील समन्वयक बालकृष्ण पाटीदार ने बताया कि शांतिकुंज के निर्देशानुसार केंद्र से लेकर ग्राम स्तर तक गायत्री परिवार की आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु गायत्री परिवार के नैष्ठीक परिजनों को दायित्व सौंपा जा रहा है, केंद्र के निर्देशानुसार समिति में पंद्रह सदस्य रहेंगे जो परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सामाजिक, शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ, पर्यावरण, कुरीति उन्मूलन, नशामुक्ति अभियान, युवा जोड़ो अभियान, नारी सशक्तिकरण तथा युग ऋषि द्वारा लिखित सदसाहित्य के प्रचार प्रसार का कार्य करेंगे।

आरोपी मौसा ने रिश्ते को किया तार-तार

# नाबालीग भांजी के साथ दुष्कर्म

## पुलिस ने आरोपी को 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



जिला उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में बालक बालिकाओं पर हो रहे गंभीर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्रसिंह परमार के मार्गदर्शन मे धाना बडनगर के थाना प्रभारी निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा बुधवार को नाबालीग बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी केसर सिंह निनामा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि 23 फरवरी को फरियादी/पीड़िता उम्र 17 साल 3 माह ने परिजनों के साथ थाना पर उपस्थित होकर रिपोर्ट किया की पीड़िता बालिका के मौसा केसर सिंह पिता आशाराम निनामा निवासी रेलापाडा थाना पेटलावद जिला झाबुआ ने ग्राम अमला में खेत पर मजदुरी कर लौट रही थी तभी मोसा केसर सिंह ने झोपड़ी में जबरजस्ती ले जाकर उसकी इच्छा के विरूद्ध खोटा काम (बलात्कार) किया है। फरियादीया पीड़िता की रिपोर्ट पर से थाना बड़नगर पर आरोपी केसर सिंह के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी बड़नगर द्वारा मामला नाबालिग लड़की का होने से मामले की गंभीरता को देखते हुये सूझ बूझ का परिचय देते हुये तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी को 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, उनि सुरेन्द्र सिंह गरवाल, उनि चांदनी पाटीदार, आर. शोभित शुक्ला, रोहित मालवीय, स्वरूप हिरवे, म.आर. ज्योती हाडा, सैनिक गोवर्धन डाबी की सराहनीय भूमिका रही।

## दर्जनों शिक्षकों को परीक्षा केंद्र पर करना पड़ा तैनात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरसौदकलां

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की 12वीं कक्षा में गणित का पेपर मंगलवार को हुआ। जिसमें खरसोदकला केंद्र पर बीस परीक्षार्थी के पीछे आठ लोगो की ड्यूटी लगाना पड़ी।

खरसोदकला परीक्षा केंद्र से जानकारी मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मंडल 12वीं गणित का पर्चा हुआ। पर्चे में केंद्र पर बीस विद्यार्थी नामांकित थे। जिसमें से एक गैर हाजिर रहा। जिसके पीछे एक केंद्राध्यक्ष एक सहायक केंद्राध्यक्ष एक लिपिक एक कलेक्टर प्रतिनिधि तीन भ्रत्य और एक पुलिस सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात थे। जबकि पिछले साल भी मात्र चार परीक्षार्थी के पीछे आठ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी?

प्राप्त जानकारी अनुसार खरसोद कला परीक्षा केंद्र पर चार शासकीय एंव एक प्रायवेट स्कूल के परीक्षार्थी नामांकित है। जिसमें खरसौदकलां सहित चामलेश्वर, अजडावदा एवं चिरोलाकलां को मिलाकर 20 बच्चे गणित विषय के है।

## होली के पहले 2 मार्च को सभी निजी बसों के पहिए रहेंगे जाम

### बस ऑपरेटरों ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर-मालवा

नई परिवहन नीति के विरोध में प्रदेश यूनियन के आव्हान पर 2 मार्च को सभी निजी बसों के पहिए जाम कर हड़ताल पर रहेंगे। आगर मालवा में भी बस संचालकों ने नई परिवहन नीति के विरोध में 2 मार्च को हड़ताल की चेतावनी दी है। यूनियन के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बस ऑपरेटरों के साथ मिलकर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

शर्मा ने कहा कि सरकार ने प्रति सीट टैक्स 12 से बढ़ाकर 18 रुपए कर दिया है जिससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। बस संचालकों का आरोप है कि प्रदेश सरकार की नई परिवहन नीति से सभी बस ऑपरेटर प्रभावित हुए हैं। शर्मा ने बताया कि हमारी मांग है कि 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन का प्रारूप वापस लिया जाए 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। वर्तमान में प्रदेश में बस संचालन की जो व्यवस्था लागू है उसे यथावत रखा जाए। बस संचालकों ने कहा कि हमारी संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे शीघ्र नहीं मानी गई तो जिले के समस्त बस ऑपरेटर 2 मार्च से बसों के पहिए जाम कर हड़ताल पर चले जाएंगे। बस संचालकों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा लाई जा रही नई नीति निजी बस व्यवसाय को गंभीर रूप से प्रभावित करेगी। इस नीति के तहत स्टेट केरेज परमिट जारी होने से निजी बस संचालकों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। बस ऑपरेटरों का आरोप है कि यह नीति छोटे बस ऑपरेटर को खत्म कर देगी। हम सरकार से प्रस्तावित नीति को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। यदि सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो 2 मार्च से बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

# समूहों से जुड़कर महिलाएं सशक्त बन रही : कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर-मालवा

आजीविका भवन परिसर में आयोजित आजीविका होली मेले का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा समूह की महिलाओं के साथ फूलों की होली खेलकर किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्ना बाई चैहान, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, आभा चौपड़ा, भरत प्रजापत एवं पंचायत सदस्य मुकेश केलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समूह उत्पादों की प्रदर्शनी- मेले में समूह महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इनमें प्रमुख रूप से गोबर से निर्मित गुलरिया एवं कंडे, कच्ची घानी तेल, हर्बल गुलाल, गुजिया एवं अन्य खाद्य सामग्री, मावा एवं घी, टेराकोटा उत्पाद, बैग, आदि उत्पाद शामिल रहे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा भी अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की सशक्त कड़ी हैं। समूहों से जुड़कर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि सामाजिक रूप से भी सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

वोकल फॉर लोकल की भावना को आत्मसात करते हुए महिलाएं अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन पर विशेष ध्यान दें, ताकि उनके उत्पाद जिले से बाहर भी पहचान बना सकें।उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे नवाचार अपनाएं, डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाएं। जिलाध्यक्ष मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि समूह से जुड़ने के पश्चात महिलाओं में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

## त्वरित कार्यवाही से 2 वर्षीय बालिका सकुशल दस्तयाब





दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर-मालवा

जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में आपातकालीन सेवाओं को अधिक संवेदनशील एवं सक्रिय बनाए रखने के क्रम में दिनांक 24/02/2026 को कोतवाली आगर क्षेत्र अंतर्गत एक महत्वपूर्ण घटना पर डायल 112 द्वारा त्वरित एवं सराहनीय कार्यवाही की गई। कोतवाली आगर की डायल 112 को शासकीय अस्पताल आगर से सूचना प्राप्त हुई कि गंगापुर निवासी धीरज पिता बालूसिंह की 02 वर्षीय बालिका अस्पताल परिसर से अचानक लापता हो गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम बिना विलंब के घटनास्थल शासकीय अस्पताल पहुँची तथा परिजनों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि बालिका रसीद कटवाने वाले काउंटर के पास से अचानक कहीं चली गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने अत्यंत सजगता एवं संवेदनशीलता के साथ अस्पताल परिसर में सघन तलाश अभियान प्रारंभ किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज तत्काल खंगाले गए, अस्पताल के प्रत्येक प्रवेश एवं निकास द्वार की जांच की गई। पुलिसकर्मियों द्वारा अस्पताल परिसर, वार्ड, प्रतीक्षालय एवं बाहरी क्षेत्र में लगातार मशक्कत की गई। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बालिका को अस्पताल के मुख्य द्वार के समीप सुरक्षित अवस्था में दस्तयाब किया गया। तत्पश्चात बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने से रोका जा सका। परिजनों द्वारा पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक शशि उपाध्याय, आरक्षक मेहरबान सिंह दांगी एवं डायल 112 चालक अनुप सिंह की महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका रही।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

डिप्टी चीफ सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन) वेस्टर्न रेलवे, रतलाम टेंडर नोटिस नंबरः एस एंड टी/सी/आरटीएम/120/2025-26, तारीखः 23.02.2026 आमंत्रित करते हैं। काम का नामः इंडोर और आउटडोर टेलीकॉम इक्विपमेंट की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, यूटिलिटी शिफ्टिंग, और कमीशनिंग, जिसमें ओएफसी और सिक्स क्वाड केबल्स की ट्रेंचिंग, लेइंग, जॉइंटिंग, और टर्मिनेशन, और एलएमएनआर स्टेशन पर पब्लिक सुविधाएं शामिल हैं, जिसमें ओआरएच भी शामिल है, यह काम रतलाम डिवीजन, वेस्टर्न रेलवे (मप्र.) के आईएनडीबी-डीडब्ल्यू-यूजेएन डबलिंग वर्क्स के संबंध में है। काम की अनुमानित लागतः 1,35,28,399/-. ईएमडी रु. 2,17,700/- बिडिंग शुरू होने की तारीखः 03.03.2026 आखिरी तारीख और समयः 17.03.2026 को 15.00 बजे। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1169

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## मोहल्ला परिवार की महिला मंडल ने फाग महोत्सव मनाया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड

कन्या शाला मार्ग स्थित मोहल्ला परिवार की महिलाओं तथा पुरुषों ने बुधवार को अपने परिजनों के साथ फाग महोत्सव मनाया इस दौरान सभी ने एक दूसरे को सूखा रंग गुलाल तथा फूलों के साथ एक दूसरे को लगाकर होली के पावन पर्व की शुभका मनाएं दी दिशांक भंडारी कृष्ण बने वहीं निया चौधरी राधा बनी जो सभी के आकर्षण का केंद्र थी भाग महोत्सव के दौरान डीजे की धुन पर सभी ने शानदार नृत्य कर फाग महोत्सव का आनंद लिया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा कमल खीची पिता बालाराम जी निवासी बरखेड़ा नजिक तहसील उन्हेल जिला उज्जैन कृषक ग्राम कोडोदिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम कंड़ोदिया तहसील माकड़ोन में स्थित भूमि के सर्वे न. 1801/1/1/2 रकबा 2.98 है। में से रकबा 1.50 हे. एवं सर्व न. 1801/1/2 रकबा 4.00 है. मे से रकबा 3.50 है। इस प्रकार कुल सर्वे नं 02 कुल रकबा 5.00 हे. (अक्षरी रकबा पाँच दशमलव शुन्य शुन्य हेक्टर) स्थित है जिसकी बयाना राशि दे दी गई है शीघ्र ही उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित होना है। यदि उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का कोई हित ऋण, दान, गिरवी, अनुबंध आदि हो तो वह मय लिखित दस्तावेज के कायालीन समय में मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपति 03 दिवस के अन्दर दर्ज करवाये अन्यथा बाद अवधी उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार के हित में सम्पादित करा लिया जावेगा तथा किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नही कि जावेगी।

दिनांक : 25 / 02 / 2026

**पक्षकार द्वारा अभिभाषक**
**महेन्द्रसिंह बडाल एडव्होकेट पता कोर्ट गैट के पास, तराना**
**मो. 9893951566**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी गणेश यादव पिता रमेशचंद्र यादव , निवासी - 196 / 1 , अलखधाम नगर , उज्जैन के एकांकी स्वामित्व , स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 187 / 1 / 2 रकबा 0 . 35 हैक्टर में से एक फार्महाउस, जिसका रकबा 0 . 0571 हैक्टर अर्थात 6150 वर्गफीट है , जो ग्राम कराडिया उर्फ नवाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है. जिसके पूर्व में अन्य का भूखण्ड, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में अनुबंधकर्ता की शेष भूमि, दक्षिण में - अनुबंधकर्ता की शेष भूमि है. को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर अनुबंध का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक , पेढी , निगम , वित्तीय संस्था , शासन , प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण , भार , मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक , हित , हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 25 - 02 - 2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट दुकान नंबर - सीएफ -7 , भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स , देवास रोड़ उज्जैन**
**मो. नं. 99264 66157**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महेन्द्र मालवीय एडवोकेट, कार्यालय 143 फस्ट फ्लोर सी-21 मॉल, रेस-कॉम नानाखेडा उज्जैन (म.प्र.) द्वारा उनके पक्षकार के हित में दिनांक 06.02.2026 को जाहिर सुचना देनिक अवंतिका समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित करवाई गई थी की उनके पक्षकार द्वारा भूखण्ड/भवन म्यूनिशिपल कमांक 113/2 का दक्षिण दिशा वाला भाग जिसका वर्तमान म्यू कमांक 113/2/2 का भाग जो की जयसिंहपुरा मार्ग पर स्थित है. को कय किये जाने का सोदा आप महोदय के पक्षकार ने अमर सिंह पिता रामचन्द्र चौधरी निवासी-भूखी माता चौक, भारत गैस गोदाम के पास, चिन्तामण ब्रिज से मुल्लापुरा रोड, उज्जैन से किया गया है, परन्तु उपरोक्त वर्णित भूखण्ड/भवन अर्जुन पिता अमर सिंह जी को उसके के दादा जी अम्बाराम (अमर सिंह के पिता) से प्राप्त हुआ तथा अम्बाराम जी को उनके पिता भगीरथ जी अर्थात अर्जुन के परदादा से प्राप्त हुआ है अर्जुन जन्म से ही उक्त भूखण्ड / भवन पर अमर सिंह के साथ निवासरत है उक्त भूखण्ड / भवन पेत्रक सम्पति होने के कारण सम्पति में अजुन चौधरी एवं अमर सिंह की अन्य दो सन्तान पुत्र सुनील एवं पुत्री पुजा का समानरूप से हक व अधिकार निहित है, अमर सिह द्वारा अवेध लाभ प्राप्त करने के उद्देश से उपरोक्त वर्णित भवन भूखण्ड का सोदा किया है जिसे विक्रय किये जाने का कोई हक अधिकार अमर सिंह को नही है उक्त के सम्बंध में प्रथक से सुचना पत्र भी प्रेषित किया है इस कारण उपरोक्त वर्णित विवादित सम्पति को किसी प्रकार से कोई भी कय विक्रय करने का सोदा न करे एवं कोई सोदा या अनुबंध किया गया हो तो उसे जहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर निरस्त करवा लेवे अन्यथा न्यायलीन कार्यवाही हेतु बाध्य होना पडेगा जिसमें लगने वाले समस्त हर्जे खर्चे व परिणाम कि जवाबदारी केता की रहेगी। इति दिनांक 26.02.2026

**दीपक प्रजापत (एडव्होकेट)**
**कार्यालय द्वितीय मंजिल 242, गीरीराज हेरिटेज, माधव क्लब रोड, उज्जैन मो. 9617631819**

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड पता- नानाखेड़ा कॉसमॉस मॉल के सामने उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 41 उत्तर/पूर्व दिशा वाला भाग स्थित द्रविड़ मार्ग गली न. 03 उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 60.18 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- द्रविड़ मार्ग गली न. 03, पश्चिम मे- भवन म्यु. क्रमांक 41 का भाग, उत्तर मे- भवन श्री सखानंद परिहार का, दक्षिण मे- कॉमन पैसेज 1.21 मीटर चैड़ा स्थित है। उक्त सम्पत्ति आंनद सिंह पिता श्री अरूणसिंह जी ने इसके पूर्वस्वामी गोविन्द सिंह एवं जसवंत सिंह पिता स्व. श्री जनकसिंह जी से रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र क्रमांक एमपी 432022019ए1766908 दिनांक 14/11/2019 के माध्यम से प्राप्त कि एवं आनंद सिंह ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आधार हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार का उक्त सम्पत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है, एवं पक्षकार कि जानकारी के अनुसार पूर्व का वसीयत पत्र क्रमांक 201 दिनांक 03/03/1997 का कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सूचना पुलिस थाना देवास गेट उज्जैन में दिनांक 25/02/2026 को की गई है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त मुल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आधार हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आधार हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3, तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर, चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. नं. 9301860352**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मुकेश अग्रवाल पिता स्व. श्री इंदरलाल जी अग्रवाल निवासी- ईडल्ब्युएस 144 सांदीपनी नगर आगर रोड उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 240 का पश्चिम/उत्तर दिशा वाला भाग तिरूपति एवेन्यु पंचक्रोशी मार्ग खण्डेलवाल नगर के पास आगर रोड उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत आधार हाउसिंग फायनेंस के अतिरिक्त किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 25/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, टप्पा खरसौदकलां तहसील-बड़नगर, जिला-उज्जैन, (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र./आर.सी.एम.एस/1153/ अ-6/2025-2026

एतद् सर्व साधाराण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौकुल पिता मांगीलाल जाति गारी निवासी ग्राम संदला तहसील खाचरौद तहसील खाचरौद जिला उज्जैन म.प्र. ने धारा 109, 110 म.प्र.भू.रा.सं. के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम भुवासा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित भूमि सर्वे नं. 538/1 रकबा 0.40 हेक्टेयर भूमि तथा सर्वे नं. 13 रकबा 0.84 हेक्टेयर भूमि ग्राम लिम्बास तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. मे आवेदक के मामा मांगीलाल पिता बगदीराम जाति गारी के नाम से स्थित है ग्राम भुवासा मे स्थित भूमि सर्वे नं. 538/1 रकबा 0.40 हेक्टेयर व ग्राम लिम्बास मे स्थित भूमि सर्वे नं. 13 रकबा 0.84 हेक्टेयर मे से रकबा 1/3 हिस्से के मान मृतक मांगीलाल पिता बगदीराम जाति गारी निवासी ग्राम भुवासा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के स्थान पर वसीयतनामा के अनुसार नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 27.02.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11:00 बजे नियत किया।

उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि वे विज्ञप्ति प्रकाशन की अवधि से नियत 7 दिवस में या तो स्वयं या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो मय दस्तावेज/प्रमाण के प्रस्तुत करें।

उक्त नियत अवधि स्थान पर उपस्थित ना हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

**नायब तहसीलदार**
**टप्पा खरसोदकला कला तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जमनाप्रसाद पिता माखनलाल निवासी ग्राम चापड़ा तहसील बागली जिला देवास म.प्र. का निवासी होकर, सर्व साधारण को सूचित करते है कि मेरा पुत्र राहुल जायसवाल पिता जमना प्रसाद जो कि आदतन झगडालु प्रवृत्ति का होकर अवैधानिक कार्य जैसे शराब बेचना, सट्टा खेलना, गांजा बेचना, शराब कारोबारियों से लडाई झगड़ा करना, शराबियों से लडाई करना तथा आये दिन मुझ से मेरी पत्नि से व अन्य लोगों से वाद विवाद करता रहता है तथा मेरे पुत्र के साथ उसकी पत्नी ज्योति जायसवाल पत्ति राहुल जायसवाल भी उसका साथ देती है। मेरे व मेरी पत्नि के अलावा मेरे अन्य पुत्र विजय जायसवाल और उसकी पत्नि सीमा जायसवाल व मेरी पुत्री कविता जायसवाल के विरूद्ध थाने में असत्य आधारो पर आवेदन देकर झूठे प्रकरणों में फसा देने की धमकी दे रही है तथा राहुल की पत्नि ज्योति जायसवाल द्वारा एक झूठा विडियो बनाकर डराने धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। मेरे निजी स्वामित्व का एक प्लाट जिस पर मेरे पुत्र राहुल द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, इस कारण हम लोगों के द्वारा अर्जित चल अचल संपत्ति को हड़पने का प्रयास कर रही है इसलिये हम लोग इस विज्ञप्ति के माध्यम से यह सूचित करते हैं कि, मेरे पुत्र राहुल एवं उसकी पत्नी का हम लोगों की चल अचल संपत्ति में आज दिनांक के पश्चात कोई हित व अधिकार नही रहेगा तथा हम उसे हमारी संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करते है तथा कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय मेर पुत्र व उसकी पत्नि से संव्यवहार करता है या पूर्व में किया गया हो तो उसके लिये मेरा पुत्र राहुल व उसकी पत्नि जिम्मेदार रहेगे उसमें हमारी कोई जवाबदारी नहीं रहेगी सूचित हो।

इति दिनांक 25 - 02 - 2026

**जमनाप्रसाद पिता माखनलाल निवासी ग्राम चापड़ा तहसील बागली जिला देवास म.प्र.**

न्यूज कॉलम



## ग्वालियर कृषि सम्मेलन में मंदसौर उद्यानिकी महाविद्यालय को प्रथम स्थान

**मन्दसौर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित तीन दिवसीय ह्यकृषि मंथन और कृषि सम्मेलन सह थिंक टैंक मीट में मंदसौर के उद्यानिकी महाविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। 22 से 24 फरवरी तक चले इस राज्य स्तरीय आयोजन की स्टॉल प्रदर्शनी में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि में सहायक प्राध्यापक डॉ. बी.के. कचोली, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. के.सी. मीणा और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। इस सम्मेलन के दौरान न केवल शोध और प्रदर्शन, बल्कि छात्रों की प्रतिभा भी उभरकर सामने आई। महाविद्यालय के तीन प्रतिभावान छात्रों अनुज नाथ चौहान, अमर चडार और सत्यम प्रजापति का चयन भारतीय कृषि एवं अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के एग्री-टेकाथियन के लिए किया गया है, जहाँ वे विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अतिरिक्त, पोस्टर प्रस्तुतिकरण में जयवीर साहू और फ्लोरिकल्चर विभाग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फल विज्ञान विभाग की पलक जैन और उनकी टीम को तृतीय स्थान मिला। इन सभी महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे ने पूरी टीम और विजेता छात्रों को बधाई दी। चित्र-

## धर्मधाम गीता भवन में भक्ति भाव के साथ मनाया फाग महोत्सव, रंग गुलाल से खेली होली



**मन्दसौर।** स्थानीय धर्मधाम गीता भवन में इस वर्ष भी फाग महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय संत श्री रामनिवास जी महाराज के आशीर्वाद एवं ज्योतिषज्ञ दीदी लाडकुंवर जी के मार्गदर्शन में गीता भवन महिला सत्संग मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गीता भवन के सत्संग हॉल में स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में विशेष सजावट की गई और भगवान की प्रतिमा के समक्ष भक्तों ने फूलों और अबीर-गुलाल के साथ होली खेली। इस अवसर पर धार्मिक उल्लास देखते ही बनता था, जहाँ भक्ति और रंगों का अद्भुत संगम हुआ। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में चार जोड़े छोटे व बड़े स्वरूपों में राधा-कृष्ण बने। इनमें पूजा बैरागी ने कृष्ण तथा सोनू मंडलोई ने राधा का रूप धारण किया, वहीं सुशान्त पाटीदार ने कृष्ण और नेहा तिवारी ने राधा का जीवंत स्वरूप प्रस्तुत किया। उपस्थित महिलाओं ने ढोलक की थाप पर पारंपरिक फाग गीत गाए और भजनों पर नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। आयोजन के दौरान सत्संग मंडल अध्यक्ष श्रीमती विद्या उपाध्याय, विद्या उपाध्याय, अंजू तिवारी, पुष्पा पाटीदार, पूजा बैरागी, चित्रा मंडलोई, अनुपमा बैरागी, सुमित्रा चौधरी, रानू विजयवर्गीय, नेहा निनामा, निकिता, रानी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शांतिबाई देवड़ा, अनिता शर्मा, विभा पंचारिया, सुनिता त्रिवेदी आदि उपस्थित थे। चित्र-

## पत्रकार सुरक्षा कानून पर विधानसभा में सरकार का असंतोषपूर्ण जवाब

### विधायक विपिन जैन के सवाल पर टालमटोल

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में पत्रकारों की सुरक्षा और उनके हितों से जुड़े पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर सरकार की स्थिति स्पष्ट न होना प्रतीत हो रहा है। मंदसौर विधायक



विपिन जैन द्वारा सदन में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार की ओर से कोई ठोस समय सीमा या कार्ययोजना पेश नहीं की। विधायक जैन ने स्पष्ट रूप से पूछा था कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून कब तक लागू किया जाएगा, जिसके जवाब में राज्यमंत्री धर्मेंद्र राव सिंह लोधी ने केवल प्रतिबद्धता और अध्ययन जैसे शब्दों का सहारा लिया। मंत्री ने बताया कि सरकार अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन कर रही है और विशेषज्ञों से सुझाव ले रही है, लेकिन वर्ष 2023 में गठित समिति की प्रगति या रिपोर्ट आने की तारीख पर चुप्पी साध ली। सदन में सरकार की ओर से कानून बनाने के बजाय अधिमान्य पत्रकारों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई, जिसे विधायक विपिन जैन ने मूल विषय से ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया। उन्होंने तर्क दिया कि प्रदेश में पत्रकारों पर लगातार हमले और धमकियों की घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसे में केवल सुविधाओं का बखान करना पर्याप्त नहीं है। विपक्ष का आरोप है कि डॉ. मोहन यादव सरकार पत्रकारों के सम्मान की बात तो करती है, लेकिन जब कानून के जरिए सुरक्षा देने की बात आती है तो अध्ययन के नाम पर समय बिताया जा रहा है।

## सुंदरकांड समिति ने मनाया फाग महोत्सव मनाया गया

**पिपलिया मंडी।** 24 फरवरी मंगलवार को फाग महोत्सव के तहत श्री स्टेशन बालाजी मंदिर समिति द्वारा खात्या खेड़ी मार्ग पर श्री तुरंत बालाजी मंदिर पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए राजेंद्र शर्मा ने बताया है कि नगर के भागवताचार्य पंडित माधव रामानुज शास्त्री द्वारा होली के तथा देव प्रकाश कसेरा सत्यनारायण मंत्री जगदीश गुप्ता राजेंद्र शर्मा किशोर मंत्री दिनेश पाटीदार मनोज कसेरा अंकित गेहलोत मोहित जैन ने भी सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। सभी भक्तों द्वारा फूलों से होली खेली गई। महिलाओं ने नृत्य किया। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त जनों ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। तत्पश्चात बालाजी की आरती कर मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया।

# राम मंदिर में गूंजे फाग के रंग, भजनों पर झूमीं महिलाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



सैलाना रोड स्थित राम मंदिर परिसर में मंगलवार दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक विशाल फाग उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजनकर्ता भगवती राधा एवं भगवान माधव रहे। कार्यक्रम में भजन गायिका श्रीमती नूतन भट्ट ने अपने सुमधुर कंठ से फाग उत्सव के पारंपरिक गीत एवं भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में बिरज में होली रे रसिया, होली रे रसिया, बरजोरी रे रसिया जैसे लोकप्रिय फाग गीतों की प्रस्तुति पर उपस्थित महिलाएं भावविभोर होकर झूम उठीं। भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के भजनों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया।

फाग उत्सव में महिलाओं ने ड्रेस कोड के रूप में लहंगा एवं लाल-पीली साडियां धारण कर सहभागिता की, जिससे पूरा मंदिर परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महिलाओं ने गरबा खेलते हुए गुलाल उड़ाया और भजनों के साथ झूमते-गाते उत्सव का आनंद लिया।

अंत में विधिवत आरती संपन्न की गई तथा प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में में समस्त भक्त जनों के साथ विशेष रूप से नगर निगम अध्यक्षा श्रीमती मनीषा शर्मा सहित महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की जानकारी नार्मदीय ब्राह्मण महासभा सचिव भजन गायिका श्रीमती नूतन भट्ट द्वारा प्रदान की।

### सीएमओ ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश

# बड़े बकायादारों पर होगी वैधानिक कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



नगर पालिका परिषद मन्दसौर के सीएम प्रेम कुमार सुमन ने आगामी 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्तीय वर्ष 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नपा के राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व अमले और सहायक राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों में वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएं। श्री सुमन ने कहा कि राजस्व संग्रहण नगर पालिका की कार्यप्रणाली का मुख्य आधार है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में सीएमओ ने जलकर की वसूली पर जोर देते हुए निर्देशित किया कि जो उपभोक्ता लंबे समय से राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उन्हें तत्काल सूचित किया जाए और यदि समझाइश के बाद भी राशि जमा नहीं होती है, तो नियमों के तहत उनके नल कनेक्शन विच्छेद करने की कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार संपत्ति कर के मामले में उन्होंने राजस्व अमले को बड़े बकायादारों की पृथक सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे बकायादारों को अंतिम सूचना पत्र जारी किए जाएं और कर जमा न करने की स्थिति में नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कुड़की या अन्य वैधानिक कदम उठाए जाएं। सीएमओ श्री सुमन ने कर्मचारियों को फील्ड पर सक्रिय रहकर शत-प्रतिशत वसूली के लक्ष्य की ओर बढ़ने को कहा ताकि विकास कार्यों के लिए आवश्यक निधि सुनिश्चित हो सके। बैठक में प्रभारी राजस्व अधिकारी मंगेश राव नवले सहित राजस्व शाखा के अन्य कर्मचारी और सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

## भारत-मॉरीशस संसदीय मैत्री समूह के सदस्य मनोनीत हुए सांसद

**मन्दसौर।** सांसद सुधीर गुप्ता को लोकसभा की महत्वपूर्ण ह्यभारत-मॉरीशस संसदीय मैत्री समूहह्न का सदस्य मनोनीत किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में गठित इस विशेष समूह का मुख्य उद्देश्य भारत और मॉरीशस के बीच विधायी सहयोग को बढ़ावा देना है। इस उच्च स्तरीय ग्रुप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ सांसद जगदंबिका पाल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद सुधीर गुप्ता का यह मनोनयन भारत और मॉरीशस के बीच न केवल राजनीतिक और सामरिक संबंधों को सुदृढ़ करेगा, बल्कि दोनों देशों के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान और द्विपक्षीय संवाद को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा। विशेष रूप से कृषि, उद्योग और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए यह समूह सेतु का कार्य करेगा। ऐतिहासिक रूप से मॉरीशस के विकास में भारतीय मूल के लोगों का अतुलनीय योगदान रहा है, ऐसे में इस मैत्री समूह की सक्रियता से दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंधों में और अधिक प्रगाढ़ता आने की उम्मीद है। यह वैश्विक मंच पर भारत की सॉफ्ट पावर और संसदीय प्रभाव को बढ़ाने की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## खेल में रतलाम का नाम रोशन करने वाली कृतज्ञा ने देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में किया टाप

**रतलाम।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में बेचलर आफ फिजिकल एजुकेशन के प्रथम सेमेस्टर में रतलाम की उड? परी ने टॉप किया। कृतज्ञा ने साबित किया है कि एक अच्छा खिलाड़ी एक अच्छा स्टुडेंट भी होता है।

एडवोकेट पिता एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि कृतज्ञा ने एथलेटिक्स में भी रतलाम शहर का नाम रोशन कर रही है। लगातार मध्य प्रदेश में विगत 8 वर्षों से हर्डल्स 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल विजेता रही है। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स में नेशनल और आल इंडिया की बेहतरीन प्लेयर में इसका नाम है।

विक्रम यूनिवर्सिटी में बी ए की टॉपर रही है। फिलहाल बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन के लिए देवी अहिल्या से कृतज्ञा अध्ययन कर रही है। वहां भी फर्स्ट सेमेस्टर में टॉपर रहकर उसने यह बताया है कि खेल और पढ़ाई लगन से की जाए तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं है।

### 6 निजी कंपनीयों ने 64 आवेदको का प्रारंभिक रुप से मेले में चयन

# आजिविका भवन में रोजगार मेला आयोजित हुआ, 112 बालक बालिकाओं का पंजीयन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड बाग जिला धार एवं जिला रोजगार कार्यालय धार द्वारा जिला रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 112 बालक एवं बालिकाओं का पंजीयन किया गया एवं रोजगार मेले में 06 निजी कंपनियों ने भाग लिय' तथा 6 निजी कंपनियों ने 64 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया । इस रोजगार मेले में 6 अलग अलग कम्पनियां आई थी जिसमें न्यू झील फैशन वेअरपूट लटड , प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड पीथमपुर, मराल ओवरसीज लिमिटेड खलघाट,बीमा पालिसी, केरियर काउंसलिंग कंपनी, परम कौशल कालेज सरदापुर, इनके द्वारा युवक युवतियों को कार्य के सबंधित विस्तार से समझाया भी गया इसमें खास कर के बीमा सखी भर्ती हेतु विशेष अभियान था । पंजीयनकर्ता ने अपनी इच्छा भी जताई कंपनियों में जाने की ओर अपने परिवार से कोई इच्छुक हो तो उन्हें भी पात्रता रहेगी । यह रोजगार मेला दोपहर तीन बजे तक चलता रहा रोजगार मेले में जिला प्रबंधक श्रीमती सरोज पाटीदार भी उपस्थित होकर मेले संबंधित विशेष जानकारी दी । दिनेश डोडिया ब्लाक प्रबंधक, सिमा चौहान सह प्रबंधक,सुनील परमार सह प्रबंधक ,ठाकूर सहाब सह प्रबंधक,नाजनीन शाह,अनीता सोलंकी, मुस्कान सोलंकी,निरज बृजवासी राकेश कम्प्यूटर आपरेटर आदि का सराहनीय सहयोग रहा ।

# आदिवासी आजाद पब्लिक स्कूल के बच्चों को कापी पैन वितरित

### शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर अपना भविष्य संवारे - क्रिया सेकेट्री



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग

नगर में संचालित हो रही निजी आदिवासी आजाद पब्लिक स्कूल गरीब ग्रामीण बच्चों को कम शुल्क में शिक्षा दी जाती है, वहां बच्चों में इतना टेलेंट हे कि बच्चे इंग्लिश भी फरार्टे से बोलते नजर आए । चित्रकला डांस वगेहरा में भी पिछे नहीं है । वहां के संचालक और शिक्षकों कि कड़ी मेहनत से बेहतर शिक्षा बच्चों को मील रही है । उनके इस टेलेंट को देखते हुए बाग की बेटी आर्टिकल लेखिका क्रिया निलेश सेकेट्री एवं पत्रकार शहजाद खान भारती द्वारा मंगलवार को संस्था में पहुंचकर बच्चों की पढ़ाई का जायजा लिया तो बच्चे बहुत ही सरल तरीके से अपना हुनर दिखाने लगे । जिन्हें कापी पेन एवं चाकलेट देकर सभी बच्चों का होंसला बढ़ाया गया । जिसे पाकर बच्चे बड़े खुश हुए और उनकी खुशी का ठीकाना नहीं रहा । इस दौरान क्रिया निलेश सेकेट्री ने बच्चों को समझाते हुए कहा की अभी आपकी उम्र पढ़ाई की हे अधिकतर शिक्षा पर ध्यान देकर अपना भविष्य सुधारे क्योंकी अभी एक बीमारी बच्चों में भयंकर चल रही हे मोबाईल की लत की खेर आपके पास तो अभी मोबाईल अलाउट नहीं है उसके बाद भी आगे चलकर इसकी लत अपने जीवन में नहीं आने दे । हलकि मोबाईल अच्छा भी हे अगर उसे सही तरीके से यूज किया जाए तो ओर अगर गलत तरीके से यूज करोगे तो गलत ही होगा इसलिए इससे जहां तक हो दूरी ही बनाकर रखें मुझसे भी मेरा मोबाईल नहीं छूटता हे फिर भी में उसे उतना ही यूज करती हूं जितना जरुरत है । आप अभी अच्छे से पढ़ाई में मन लगाएं अपने माता पिता और शिक्षकों की मेहनत का सपना साकार करें । इस दौरान संस्था की संचालक श्रीमती मनीषा मेम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था

## पीजी कॉलेज में विकसित भारत-2047 पर तीन दिवसीय संगोष्ठी

मन्दसौर। स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में आगामी 26, 27 एवं 28 फरवरी को एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का मुख्य केंद्र बिंदु ह्यविकसित भारत 2047-प्राप्ति एवं प्राप्तव्यह्न विषय रखा गया है। शुभारंभ 26 फरवरी को प्रातः 11 बजे शंख ध्वनि और स्वस्ति वाचन के साथ होगा। इस उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री विनोद सिरोही मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता भाजपा मध्यप्रदेश के प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया करेंगे। विशेष तौर पर एमआईटी बोस्टन, यूएसए से आए प्रो. एलेक्स हैंकी अपना मुख्य बीज वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

तीन दिनों तक चलने वाले इस बौद्धिक विमर्श में कुल छः तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिन प्रो. एलेक्स हैंकी और प्रो. रजनीश के. शुक्ल की अध्यक्षता में तकनीकी चचाएं होंगी, जिनमें दिल्ली और इलाहाबाद विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्वान अपने विचार साझा करेंगे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। दूसरे दिन डॉ. आदित्य गुप्ता और डॉ. क्षमा तिवारी विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता करेंगे और संध्या काल में अतिथियों के लिए भगवान पशुपतिनाथ लोक दर्शन एवं नगर भ्रमण की व्यवस्था की गई है। अंतिम दिन प्रो. एस.पी. पंवार और डॉ. सिंधु पौड़ियाल के मार्गदर्शन में देशभर से आए शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## कार से 150 किलोग्राम मछली जप्त, तीन आरोपी पकड़ाये

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के हरसोल रोड़ नारायणगढ़ पर तीन आरोपियों के कब्जे से मछली की चोरी कर अवैध रूप से परिवहन कर ले जाते हुए जब्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को नारायणगढ़ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही की। इस प्रकरण में आरोपी राजकरण उर्फ शेरू पिता हीरालाल बाछड़ा निवासी कड़ी आंत्री कुकड़ेश्वर, बंटीनाथ पिता मांगीलाल नाथ निवासी कुनवाला सभी जिला नीमच के कब्जे से एक मारूति सुजुकी अल्टो कार नं. एमपी 13 जेडएस 7785 से 1 क्विंटल 50 किग्रा मछली जब्त की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 5, फिशरीज एक्ट, बीएनएस की धारा 303(2) में प्रकरण दर्ज किया।

## सब्जी की बात को लेकर पुत्रों ने मॉ के साथ मारपीट

**मन्दसौर।** स्थानीय संजय हिल्स गली नं. 2 पर सब्जी को लेकर दो पुत्रों ने मॉ के साथ गाली गलोच क मारपीट की। पीड़िता ने अपने उपर घटित घटना की रिपोर्ट यशोधर्मन थाने पर की। पुलिस ने आरोपी पुत्रों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 24 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे की है। जिसकी रिपोर्ट फरियादिया कमलाकुंवर उर्फ टीकाकुंवर(50) पति लालसिंह जाति राजपूत ने की है कि घटना दिनांक को फरियादिया के दोनों लड़कों कमलसिंह व बज्जुसिंह ने सब्जी बात को लेकर उसके साथ मारपीट व गाली गलोच की व जान से मारने की धौंस दी।

## रोजगार मेले में 460 ने कराया पंजीयन, 347 का हुआ प्राथमिक चयन



**मन्दसौर।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त समन्वय से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला शासकीय एस.एन. उदिया महाविद्यालय, गरोठ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार एवं उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव द्वारा किया गया। रोजगार मेले में कुल 460 युवक एवं युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से मेले में उपस्थित 7 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 347 युवक-युवतियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन तथा नगर परिषद गरोठ द्वारा हितग्राहियों को स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत चेक वितरण भी किया गया। मेले में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए गए।

## उदयगढ़ में भगोरिया मेले की तैयारियों का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा



**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदयगढ़ भगोरिया में प्रस्तावित आगमन को लेकर उदयगढ़ में आयोजित होने वाले भगोरिया मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने भगोरिया स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई-केवाईसी एवं समग्र शिविर आयोजित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आगमन की संभावना को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा व्यवस्थित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल,तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## रतलाम में 9 नगरीय निकायों में हुई जल सुनवाई

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार पी ओ डूडा श्री अरुण पाठक के मार्गदर्शन में रतलाम जिले में स्वच्छ जल अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी 9 नगरीय निकायो में जल सुनवाई आयोजित की गई । जल सुनवाई में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।




## नपा को मिला मोबाइल प्यूरीफायर- कूलिंग वाटर टैंकर, आमजन को मिलेगा शीतल जल

**सारंगपुर।** शहरवासियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सांसद रोडमल नागर ने नगर पालिका परिषद सारंगपुर को अत्याधुनिक मोबाइल प्यूरीफायर एवं कूलिंग वाटर टैंकर प्रदान किया। टैंकर का नगर पालिका परिषद में नपाध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा विधि-विधान से पूजन कर जनसेवा की शुरूआत की गई। आगामी गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह टैंकर नगरवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। शहर के विभिन्ना वार्डों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों तथा धार्मिक आयोजनों में इस मोबाइल टैंकर के माध्यम से शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को लाभ मिलेगा, जहां पेयजल आपूर्ति में अस्थायी समस्या उत्पन्ना होती है या भीड वाले आयोजनों में पानी की अधिक आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, पार्षद गोपाल पाल, बाबू अहिरवार तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से टैंकर का पूजन कर इसे जनहित में समर्पित किया। नपाध्यक्ष ने इसे जनकल्याण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। वहीं सीएमओ रानवे ने कहा कि शीघ्र ही संचालन की रूपरेखा तैयार कर टैंकर को नियमित रूप से विभिन्ना वार्डों में भेजा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। मोबाइल प्यूरीफायर युक्त यह टैंकर आधुनिक जल शुद्धिकरण प्रणाली से सुसज्जित है। इसमें पानी को फिल्टर कर स्वच्छ बनाया जाएगा तथा कूलिंग सिस्टम के माध्यम से ठंडा कर वितरण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को सुरक्षित एवं ठंडा जल मिल सकेगा।

## हिंगलाज माता मंदिर में मनाया फाग उत्सव



**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी महिलाओं ने होली के उपलक्ष में फाग उत्सव मनाया। इस दिन महिलाओं ने भजन-कीर्तन का आयोजन कर एक दूसरे को प्रेम से रंग गुलाल लगाकर फाग उत्सव धूमधाम से मनाया। जानकारी माता पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

### पलाश के फूलों ने बढ़ाया इलाके का सौंदर्य

## फूलों से बनाया जाता है रंग, सारंगपुर के हर गांव में मिल जाएंगे पेड़



**सारंगपुर।** होका का पर्व के आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे आसपास के इलाके का सौंदर्य बढ़ने लगा है। पाडल्या-सारंगपुर, कांकरिया-सारंगपुर और नेशनल हाइवे की सडक मार्ग सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों के किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर आए फूलों ने सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। पलाश के फूल, पत्ते और लकड़ी स्वास्थ्य के लिए भी काफी महत्वपूर्ण होती है। इनसे कई रोगों की दवाई बनाई जाती है। टेसू के फूलों से होलिका पर्व पर रंग भी बनाया जाता है। टेसू के पेड़ सारंगपुर के हर गांव में हैं, जहां का वातावरण इन दिनों ऐसा लगने लगा है मानो पेड़ पर किसी ने दहकते अंगारे लगा दिए हैं। आमतौर पर वसंत ऋतु के समय में यह फूल खिलने लगते हैं। होली के आसपास यह फूल चरम पर आकर जंगल की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। रंग उत्सव आज मनाया जाएगा। प्रकृति ने इसकी तैयारी कर ली है।

## नगर परिषद पार्षदों ने समर्पण राशि के चेक सौंपे



**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर परिषद के पार्षदों ने समर्पण राशि के चेक सौंपकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। आगर में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम में पार्षदों ने चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान की, जिससे डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी जयदीप पटेल, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, दिलीप सकलेचा, बाबूलाल यादव, डॉ. सौरभ जैन, राकेश खुपवाला, प्रदीप सोनी, ईश्वर कावल, राणा जयदीप, युगल परमार, दिलीप जैन, जितेंद्र सांवला, अर्जुन जादमे, टोनी शेख, पवन शर्मा, प्रदीप बजाज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा संगठन प्रभारी नियुक्त किए गए दिलीप सकलेचा एवं बाबूलाल यादव का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों का यह समर्पण संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा तथा आगामी कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार सक्रिय भागीदारी बनी रहेगी। अंत में सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### किसान की मेहनत की कमाई सुरक्षित वापस

# नरसिंहगढ़ पुलिस ने 39 लाख की धोखा-धड़ी का किया खुलासा, राशि बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।

नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा किसानों के हित में कार्रवाही करते हुए भूमि विक्रय के नाम पर की गई 39 लाख रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया। उक्त प्रकरण में 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी की संपूर्ण राशि 39 लाख रु बरामद की।



राजगढ़ जिले में किसानों के साथ होने वाले आर्थिक अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा संचालित अभियान ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत यह कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्यवाही की। थाना नरसिंहगढ़ में भूमि विक्रय के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने संबंधी फरियादी जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम शिवपुरा थाना कुरावर की प्राप्त शिकायत पर अपराध क्रमांक 643/25 पंजीबद्ध कर धारा 318(4), 316(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। फरियादी जगदीश गुर्जर की भूमि बांध निर्माण के कारण डूब क्षेत्र में चली गई थी। शासन से प्राप्त मुआवजा राशि से वह अन्यत्र कृषि भूमि खरीदना चाहता था। इसी दौरान आरोपी धर्मेंद्र सिंह चौहान पिता राजेंद्र सिंह चौहान 35 वर्ष, निवासी ग्राम दामा रुसली, थाना पथरिया जिला विदिशा हाल करोद भोपाल। अजबसिंह राजपूत पिता कमल सिंह राजपूत 45 वर्ष निवासी ग्राम दामा रुसल्ली थाना पथरिया जिला विदिशा ने 72 लाख रुपये में भूमि विक्रय का झांसा देकर फरियादी से 25 लाख आरटीजीएस एवं 14 लाख नगद, कुल 39 लाख रुपये प्राप्त कर लिए। जांच में ज्ञात हुआ कि संबंधित भूमि पूर्व में ही अन्य व्यक्ति को विक्रय की जा चुकी है तथा मामला न्यायालय में विचाराधीन है। स्वयं को ठगा महसूस करने पर फरियादी द्वारा थाना नरसिंहगढ़ में शिकायत दर्ज कराई गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विशेष टीम गठित की गई। बैंक ट्रांजेक्शन एवं तकनीकी साक्ष्यों की गहन जांच की गई। आरोपियों की गतिविधियों की सतत निगरानी की गई। त्वरित दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की गई, जिसके परिणामस्वरूप 36,50,000/- आरोपी धर्मेंद्र सिंह चौहान से और 2,50,000/- आरोपी अजब सिंह राजपूत से कुल 39,00,000/- रु की शत-प्रतिशत राशि बरामदगी की गई।

### आरोपी आदतन अपराधी

आरोपी धर्मेंद्र सिंह चौहान के आपराधिक रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। राजगढ़ पुलिस आमजन, विशेषकर किसानों से आग्रह करती है कि भूमि क्रय-विक्रय से पूर्व संबंधित भूमि के राजस्व अभिलेख, स्वामित्व स्थिति एवं न्यायालयीन प्रकरण की विधिवत जांच अवश्य करें।

### कायथा महाविद्यालय में रासेयो शिविर का चतुर्थ दिवस

# नशा मुक्ति एवं साइबर जागरूकता पर जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कायथा

शासकीय महाविद्यालय, कायथा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम मल्लूपुरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस के समस्त कार्यक्रम की गतिविधियाँ स्वास्थ्य संवर्धन, नशा मुक्ति जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा विषयों पर केंद्रित रहीं।




प्रातःकालीन सत्र का शुभारंभ योग-प्राणायाम से हुआ, जिसका संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी घनेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इसके पश्चात डॉ. कृष्णकांत शर्मा एवं डॉ. रेखा चौहान के नेतृत्व में रा.से.यो. स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरण एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया।

दोपहर के बौद्धिक सत्र में साइबर क्राइम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय माधव महाविद्यालय के अपराधशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रदीप यादव ने साइबर अपराधों के प्रकार, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय एवं डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने युवाओं को सतर्क एवं जागरूक डिजिटल नागरिक बनने का आह्वान किया।

इस अवसर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार भी उपस्थित रहे। आपने रासेयो सम्बंधित जानकारी स्वयं सेवकों को प्रदान की।

शिविर में डिजिटल लिटरेसी विषय पर नुक्कड़ नाटक की तैयारी भी की गई जिसके माध्यम से ग्रामीणों को सरल एवं प्रभावी ढंग से डिजिटल साक्षरता का संदेश दिया जाएगा।

शिविर की समस्त गतिविधियाँ महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कैलाश मुजाल्दा के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. मुकेश कुमार शाह एवं डॉ. संजय कुमार सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

### पेयजल लाइन तोड़कर तालाब भर रहे किसानों पर प्रशासन सख्त

**राजगढ़-ब्यावरा।** जिले की मोहनपुरा ग्रामीण समूह पेयजल योजना अंतर्गत ग्राम कालीपीठ में पेयजल पाइपलाइन को तोड़कर तालाब भरने का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार किसान नाथू लाल, देवीलाल दांगी, विष्णु, रामप्रसाद दांगी एवं शिवनारायण, माताप्रसाद दांगी द्वारा मुख्य पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर पानी तालाब में छोड़ा जा रहा था। इस घटना के कारण क्षेत्र की 4 उच्च स्तरीय जल टंकियों से जुड़े लगभग 20 गांवों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जल निगम राजगढ़ की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। संयुक्त टीम द्वारा पाइपलाइन को तोड़कर तालाब भरने की गतिविधि को मौके पर ही बंद कराया गया एवं क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति व्यवस्था पुनः सुचारू करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है। डिप्टी टीम लीडर श्री तोमर द्वारा स्पष्ट किया कि पेयजल योजनाएं आमजन को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जाती हैं, ऐसे में पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है। महाप्रबंधक जल निगम श्री यूके चौधरी ने किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि पेयजल योजनाओं की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं। भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं सामने आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सूचना मिलने पर प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### सूने मकान और सरकारी स्कूल की थी चोरी

**सारंगपुर।** पुलिस ने सूने मकान और शासकीय स्कूल में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से करीब 45 हजार रुपये का चोरी का माल भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी सागर नायक निवासी ग्राम पाडल्यामाता ने 21 फरवरी 2026 को लीमाचौहान थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि जब वह परिवार सहित भोपाल रिश्तेदारी में गए थे, तब अज्ञात चोर ने उनके घर से घरेलू बर्तन, पानी की मोटर, चांदी की पायल और कडे सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

## होली से पहले ही गर्मी का अहसास, पंखे हुए शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

फरवरी का अंतिम सप्ताह आते-आते क्षेत्र में मौसम का मिजाज तेजी से बदलता नजर आ रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक सुबह और रात के समय हल्की सर्दी महसूस की जा रही थी वहीं अब तापमान में बढ़ोतरी के कारण दिन के समय गर्मी का अहसास होने लगा है। बीते दो-तीन दिनों से दोपहर के समय धूप तीखी हो गई है। जिससे लोगों ने हल्के ऊनी कपड़ों को अलमारी में रखना शुरू कर दिया है। सुबह और रात्रि के समय भी अब ठंड में काफी कमी आई है। पहले जहां लोग सुबह-शाम गर्म कपड़ों का सहारा लेते थे वहीं अब सामान्य कपड़ों में ही काम चल रहा है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी का असर यह है कि कई घरों में पंखे भी चालू कर दिए गए हैं। बाजारों और मुख्य सड़कों पर दोपहर के समय चहल-पहल तो बनी रहती है लेकिन लोग धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा या छाता लेकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 24 और 25 फरवरी को क्षेत्र में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। यदि वर्षा होती है तो कुछ समय के लिए तापमान में गिरावट आ सकती है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसके बाद फिर से गर्मी में इजाफा होगा। मौसम के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष ठंड का असर अपेक्षाकृत कम रहा और फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही गर्मी ने दस्तक दे दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस बार होली से पहले ही गर्मी का अहसास होने लगा है जो पिछले वर्षों की तुलना में थोड़ा अलग है। आमतौर पर मार्च के मध्य तक मौसम सुहावना रहता था लेकिन इस बार फरवरी के आखिरी दिनों में ही दोपहर की धूप चुभने लगी है। किसानों पर भी मौसम परिवर्तन का असर पड़ सकता है। विशेषकर उन फसलों पर जिन्हें मध्यम तापमान की आवश्यकता होती है।

चिकित्सकों ने भी मौसम में बदलाव को देखते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। दिन में पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव करने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। आने वाले दिनों में मार्च माह के साथ तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर और स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

# रीजन कांफ्रेस योग श्री का भव्य आयोजन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233G 2 के रीजन 3 की रीजन कॉंफ्रेस योग श्री का भव्य आयोजन तराना मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कुल मे आयोजन किया गया। रीजन चेयर पर्सन सत्यनारायण पाटीदार के द्वारा आयोजित जिसमे डिस्टिकट गवर्नर एम जे एफ प्रवीण वशिष्ट के मुख्य आतिथ्य मे व एरिया लीडर मुख्य वक्ता पूर्व गवर्नर, कुलभूषण मित्तल,महेश मालवीय की उपस्थिति मे कॉंफ्रेस चेयर मेन नरेंद्र कानडी की अध्यक्षता मे जिसमे केबिनेट सचिव सुशील पोरवाल केबिनेट कोषाध्यक्ष लायन कॉंफ्रेश सचिव राजेश डोडिया झोन चेयर पर्सन लायन नितिन परिहार झोन चेयर पर्सन लायन वीरेंद्र माल पानी झोन चेयर पर्सन बाबूलाल मालवीय, पूर्व झोन लायन रमेश झा द्वारा रीजन के 18 क्लबो द्वारा किये गए कार्यों का सदन को अवगत कराया गया। सभी नागदा ग्रेटर अध्यक्ष हिमांशु दत्त पांडे नागदा मेन अध्यक्ष नंद कुमार मिश्रा नागदा गोल्ड पीड़ी पांडे आगर क्लब अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल तराना क्लब अध्यक्ष द्वारकाधीश पलोड लायंस नारायण पुर के अध्यक्ष लायन मांगीलाल पाटीदार लायंस क्लब सारंगपुर अध्यक्ष लायन रुपेश जोशी पचोर के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र भदौरिया पचोर उड़ान अध्यक्ष लायन सीमा गोयल नर्सिंग गढ़ अध्यक्ष लायन जया भंडारी यावरा के अध्यक्ष चिराग मोदनी सभी क्लबो ने अपने बैनर प्रजेटेशन दिया सदन को अतिथियों का परिचय क्रमशः लायन राज कुमार मित्तल लायन सुनील जाजू लायन पुरषोतम चादक और लायन बलराम चौहान ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया। सभी क्लबो मे अच्छे कार्यों के लिए अवार्ड दे कर लायन सत्यनारायण पाटीदार रीजन चेयर पर्शन के द्वारा सम्मान किया गया।कुलभूषण मित्तल द्वारा सभी का सम्मान कर अपने डिस्टक्ट को ऊचाई देने का वचन लिया साथ ही उमिया धाम मंदिर समिति के सभी सदस्य और अध्यक्ष माखन लाल पालोतरा का सम्मान किया।




डिस्टिकट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ट ने सभी सदस्यों का उत्साह वर्धन कर डिस्टिकट कॉंफ्रेस के लिए तयारी करने को कहा। लायन महेश मालवीय द्वारा आने वाले सत्र किये नए लीडरो को तैयार रहने को कहा।

रीजन कांन्फ्रेंस में पूर्व गवर्नर लायन बीसी जैन पूर्व गवर्नर लायन बलबीर साहनी पूर्व गवर्नर लायन अजय गुप्ता लायन श्री कांत वेश्याम्पायन लायन राकेश शर्मा लायन राजेंद्र सिरोलिया लायन गिरीश जयसवाल लायन सुभाष दूबे लायन सजय सक्सेना लायन राजेश शुक्रमानी लायन सुयेश कुलश्रेष्ठ लायन महेश शर्मा लायन ओ पी विजयवर्गीय लायन हरीश तिवारी लायन सतीश बजाज लायन सतीश मित्तल आगर लायन सतीश मित्तल उज्जैन छाया लोखंडे लायन ऋषिराज सिंह अरोरा पंचारियालायन धर्मेंद्र सराफ लायन सव जैन आदि कई वरिष्ठ लायन ने शामिल होकर कॉंफ्रेश को सफल बनाया इस आयोजन के सूत्र धारलायन संजय जैन रहे लायन क्लब के सभी लायन साथियो का सहयोग रहा आभार ओम प्रकाश पलोड ने माना।



## सूने मकानों में चोरी करने वाले 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**राजगढ़-ब्यावरा।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी, द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छापीहेड़ा निरीक्षक हुकुम सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्वाई कर 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरियादी राम नारायण पिता कंवर लाल गुर्जर निवासी ग्राम मोहन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर के समय घर पर ताला लगाकर खेत पर जाने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी कर ली गई। अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। वही फरियादी भेरुसिंह पिता मांगीलाल वर्मा 50 वर्ष निवासी ग्राम मनोहरपुरा थाना राजगढ़ के ग्राम मनोहरपुरा स्थित फरियादी के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी एवं चांदी के आभूषण चोरी किए जाने संबंधी प्रकरण पंजीबद्ध था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी माखन सिंह द्वारा उक्त घटना करना स्वीकार किया। मामले में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।माखन सिंह पिता चंदर सिंह गुर्जर 38 वर्ष निवासी ग्राम हिनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर, बने सिंह पिता चंदर सिंह गुर्जर 48 वर्ष निवासी ग्राम हिनौती थाना मक्सी जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया आरोपी माखन सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड के विरुद्ध पूर्व में हत्या एवं नकबजनी, चोरी के कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं, आरोपी आदतन सूने मकानों की रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता रहा है।

## कॉलेज की समस्याओं को लेकर अभाविप ने दिया ज्ञापन

**राजगढ़-ब्यावरा।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुठालिया इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय सुठालिया जिला राजगढ़ में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर विभिन्न मांगे रखी जिसमे शुद्ध पेयजल एवं नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाना। महाविद्यालय के प्रथम तल को विद्यार्थियों हेतु खोलना, स्नातक स्तर पर सभी विषय प्रारंभ किए जाएं एवं एनसीसी की व्यवस्था करना, शिक्षक एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाना।,महाविद्यालय परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाना, विद्यार्थियों के हित में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करना, महाविद्यालय में तकनीकी तथा शैक्षणिक स्टाफ का अभाव,कार्यालयीन कर्मचारियों की कमी इत्यादि के कारण महाविद्यालय की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है।विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद छात्र हित में आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन में कार्यकर्ता राकेश सोंधिया ने बताया महाविधालय परिसर में तकनीति, शैक्षणिक, स्टाफ तथा कर्मचारियों का अभाव है जिसके कारण विद्यार्थियों की शिक्षा पर दुष्प्रभाव पड़ता है सोंधिया ने कहा विद्यार्थी परिषद की समस्त मांगो को पूरी कर समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण किया जावे अन्यथा परिषद उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी।

## महिला मंडल का रंगारंग फाग उत्सव, राधा-कृष्ण बने बच्चों ने मोहा मन



**सुसनेर।** नगर के छोटा जीन क्षेत्र में महिला मंडल द्वारा उल्लासपूर्वक फाग उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीतों के साथ होली के रंगों का स्वागत किया। माइक साउंड व्यवस्था के बीच ढोलक की मंजिरों की थाप पर जब फाग गीत गूंजे तो माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवी हो गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों द्वारा राधा और कृष्ण के स्वरूप में की गई मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। सजे-धजे बच्चों ने अपनी अदाओं से सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।उपस्थित महिलाओं ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर सामूहिक रूप से फाग गीत गाए और नृत्य किया। पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां उपस्थित रहीं और सभी ने मिलकर आपसी सौहार्द के साथ फाग उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। महिला मंडल की ओर से आयोजन को सफल बनाने में सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। वही पुराना बस स्टैंड स्थित कालिका माता मंदिर में भी फाग उत्सव मनाया गया।

आमलकी एकादशी को रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। यह विष्णु जी के साथ-साथ महादेव को प्रसन्न करने के लिए भी अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन विधि-विधान से प्रभु की उपासना करने से संकटों का निवारण होता है।

# आमलकी एकादशी



## इन 5 में से करें कोई एक उपाय भगवान विष्णु दूर करेंगे सभी संकट



इस साल आमलकी एकादशी 27 फरवरी को मनाई जा रही है। इसे रंगभरी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन शिव जी और भगवान विष्णु की उपासना करना अत्यंत शुभ होता है। इसके प्रभाव से साधक पर देवी-देवताओं की असीम कृपा बनी रहती हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शास्त्रों के मुताबिक, आंवले के वृक्ष में स्वयं भगवान विष्णु का वास होता है। इसलिए आमलकी एकादशी पर इस पेड़ की उपासना करने से मोक्ष की प्राप्ति और जीवन में सुख-सौभाग्य बढ़ने लगता है। हालांकि, कुछ सरल उपाय करने से विवाह मार्ग की बाधाएं, धन लाभ, करियर सफलता व कई रूके हुए कार्यों को गति प्रदान होती हैं। ऐसे में आइए आमलकी एकादशी से जुड़े सरल उपायों को जानते हैं।

### आमलकी एकादशी 2026

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का प्रारंभ 27 फरवरी 2026 को तड़के 12:33 से होगा।

तिथि का समापन 27 फरवरी 2026 की रात 10:32 पर होगा।

आमलकी एकादशी 2026 में 27 फरवरी को मनाई जाएगी।

व्रत पारण 28 फरवरी को सुबह 6 बजकर 47 मिनट से 9:06 तक की अवधि में किया जाएगा।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की संपूर्ण विधि से उपासना करनी चाहिए। इस दौरान पीले फूल, वस्त्र और चंदन प्रभु को अर्पित करें। इससे सुख-समृद्धि बढ़ती हैं।

आमलकी एकादशी के शुभ दिन पर आप आंवले के वृक्ष की विधिपूर्वक पूजा करें। इसके बाद 7 बार पेड़ की परिक्रमा कर लें। इस दौरान शुद्ध देसी घी का दीपक अवश्य जलाएं। इससे मानसिक शांति बनी रहती हैं।

इस दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करें। इस दौरान देवी पार्वती को 16 श्रृंगार का सामान अर्पित करें। फिर बेलपत्र शिवजी को चढ़ाएं। इससे सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती हैं।

आमलकी एकादशी पर आप केले के वृक्ष की पूजा अवश्य करें। धार्मिक ग्रंथों में इसे विष्णु स्वरूप माना गया है। पेड़ के पास आप दीप प्रज्वलित करते हुए प्रभु के नामों का जप करें। इससे वैवाहिक जीवन मधुरमय बनता है।

एकादशी के दिन शंख से भगवान विष्णु का अभिषेक करना अत्यंत लाभकारी होता है। इससे सौभाग्य और आध्यात्मिक उन्नति होती हैं। इस दौरान गुड़ का भोग विष्णु जी को लगाएं। इससे करियर में आ रही बाधाएं दूर होने लगती है और मार्ग प्रशस्त होता है।

# होली पर मंगल-राहु की युति इनके लिए समय रहेगा कष्टकारी

इस साल होली पर ग्रहण और अंगारक योग का संयोग रहेगा। इसका नकारात्मक प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए समस्याओं से भरा हो सकता है। साथ ही तनाव की स्थिति और जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव झेलने पड़ सकते हैं।



इस बार 4 मार्च 2026 को होली मनाई जा रही है। यह तिथि ज्योतिष दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगी। दरअसल, होली पर ग्रहों के सेनापति मंगल कुंभ राशि में विराजमान होंगे। इस दौरान छाया ग्रह राहु भी इस राशि में रहने वाले हैं। ऐसे में मंगल और राहु अंगारक योग का निर्माण करेंगे, जो 2 अप्रैल 2026 तक बना रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को अशुभ माना गया है। इसे संकट, क्रोध में वृद्धि और मानसिक अशांति का कारक माना जाता है। इसके प्रभाव से जातकों को धन लाभ, व्यापार विस्तार, नौकरी, रोजगार आदि में कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा तनाव का स्तर भी बढ़ने लगता है। ऐसे में होली पर बन रहें इस अंगारक योग से किन राशि वालों को अलर्ट रहने की आवश्यकता रहेगी। आइए इसके बारे में जानते हैं।

### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए समय मुश्किलों भरा हो सकता है। इस अवधि में कई तरह की समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। हालांकि, सेहत को लेकर कई तरह की सावधानियां रखना उचित रहेगा। नए लोगों से मिलेंगे। लेकिन कोई अजनबी पर विश्वास आपके व्यापार को प्रभावित कर सकता है। विदेश से जुड़े काम में कई बाधाएं आ सकती हैं। हालांकि, धैर्यवान रहना आपके कार्यों को आसान बना सकता है।

### कर्क राशि

कर्क राशि वालों के खर्च बढ़ सकते हैं। नई नौकरी, सेहत और व्यापार में दिक्कतें आएंगी। कोई कॉलेज में दाखिला लेना अगर चाह रहे थे, तो अभी धैर्य रखना होगा। इस समय किसी भी नए तरह के निवेश में न पड़े। व्यापार में इस दौरान काफी उथल-पुथल बनी रहेगी। कार्यों को पूरा करने में सामान्य से अधिक प्रयास करने होंगे। भावनात्मक निर्णय लेने से बचें।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के लिए समय थोड़ा सावधानी बरतने वाला रहेगा। आपको नया निवेश करने से बचना होगा। घर में वाहन खरीदने का प्लान टाल सकते हैं। अगर विवाह के लिए बात चल रही थी, तो उसमें भी कुछ परेशानियां आपको झेलनी पड़ सकती हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में कमी होती है। आप नई यात्रा करने से बचें। विद्यार्थियों को एकाग्रता बनाए रखने में थोड़ी कठिनाई हो सकती है।

## Sport

दूसरे दिन तक जम्मू-कश्मीर ने अपनी पहली पारी में छह विकेट गंवाकर 527 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण दिन के खेल को जल्दी रोक दिया गया। फाइनल मुकाबले में रोमांच के साथ-साथ मैदान पर दिखा यह विवाद भी चर्चा का विषय बन गया है।

# रणजी फाइनल में बवाल! जम्मू-कश्मीर के कप्तान ने कर्नाटक के फील्डर को मारा सिर, मयंक ने किया बचाव

**हुबली।** रणजी ट्रॉफी के फाइनल में बड़ा बवाल देखने को मिला है। जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक के बीच हुबई में खेले जा रहे इस मुकाबले में तब विवाद बढ़ गया, जब जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने कर्नाटक के फील्डर को सिर दे मारा। इसके बाद बीच बचाव में मयंक अग्रवाल लड़ाई में कूद पड़े। उन्होंने पारस को आगे बढ़ने से रोका।

### रणजी ट्रॉफी फाइनल में गरमाया माहौल

यह घटना रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन घटी। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा टीम की पारी के दौरान 101वें अपना आपा खो बैठे और कर्नाटक के एक फील्डर से भिड़ गए। उनको ऐसा करते देख फुटबॉल के महान खिलाड़ी जिनेदिन जिदान की याद आ गई। फ्रांस के इस दिग्गज फुटबॉलर ने 2006 फीफा विश्वकप फाइनल में इटली के खिलाड़ी को सिर दे मारा था। इससे उन्हें रेड कार्ड मिला था। फ्रांस की टीम उस फीफा विश्वकप के फाइनल में हार गई थी।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

डोगरा ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर चौका जड़ा। गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर स्लिप में चार रन के लिए गई। हालांकि, गेंद स्लिप क्षेत्र में खड़े फील्डर के बस बगल से गुजरी। इसके तुरंत बाद स्ट्राइकर एंड पर खिलाड़ियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। स्टंप माइक में भी कुछ तीखी बातें सुनाई दीं।

देखते ही देखते मामला बढ़ गया और डोगरा और कर्नाटक के फील्डर केवी अनीश के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसी दौरान पारस ने अनीश के हेल्मेट पर सिर मारा। इससे पहले कि अंपायर बीच-बचाव करते, कर्नाटक के सीनियर बल्लेबाज मयंक अग्रवाल दोनों खिलाड़ियों के बीच आ गए और स्थिति को संभालने की कोशिश की।



### स्लेजिंग बनी वजह?

माना जा रहा है कि लगातार की जा रही स्लेजिंग से डोगरा नाराज हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोगरा ने बाद में अनीश से सिर मारने के लिए माफी भी मांगी, लेकिन कर्नाटक के खिलाड़ी ने उसे स्वीकार नहीं किया। इस घटना के बाद कर्नाटक के फील्डर और ज्यादा आक्रामक हो गए और डोगरा का ध्यान भटकाने की कोशिश करते रहे। मैच अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर माहौल शांत कराया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों से बात की।

### पहले दिन चोटिल हुए थे डोगरा

फाइनल के पहले दिन केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर डोगरा नौ रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी कर्नाटक के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक की उछाल लेती गेंद उनके दस्ताने पर लगी। चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, 41 वर्षीय डोगरा अगले दिन फिर से बल्लेबाजी करने उतरे और धैर्यपूर्ण अर्धशतक जमाया। वह 166 गेंद पर आठ चौके की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें श्रेयस गोपाल ने बोल्ड किया।

### जम्मू-कश्मीर की मजबूत शुरूआत

अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में खेल रही जम्मू-कश्मीर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले दिन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 87 ओवर में 284/2 का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। दूसरे दिन तक जम्मू-कश्मीर ने अपनी पहली पारी में छह विकेट गंवाकर 527 रन बना लिए हैं। साहिल लोटरा 57 रन और आबिद मुश्ताक 20 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

शुभम पुंडीर ने शानदार शतक लगाया, जबकि अब्दुल समद ने अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पुंडीर ने 247 गेंद में 12 चौके और दो छक्के की मदद से 121 रन की पारी खेली। वहीं, यावेर हसन ने 150 गेंद में 13 चौके की मदद से 88 रन बनाए। समद ने 104 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाए। इसके अलावा कनहैया वाधवान ने 109 गेंद में नौ चौके की मदद से 70 रन बनाए।

# करो या मरो मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे रिंकू सिंह?

**चेन्नई।** सुपर-8 में अपने पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी शिकस्त के बाद टीम इंडिया की नजर जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच पर है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत को हर हाल में अब अपने दोनों मुकाबले जीतने होंगे। गुरुवार को खेले जाने वाले मुकाबले से पहले टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने रिंकू सिंह की उपलब्धता को लेकर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह आज शाम तक टीम से चेन्नई में जुड़ सकते हैं।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद लिवर कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। वह पिछले कुछ दिनों से नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार को रिंकू भी पिता का हालचाल जानने के लिए चेन्नई से नोएडा पहुंच गए थे।



इसके बाद से उनकी जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में उपलब्धता को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। वहीं, मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बताया कि रिंकू आज शाम तक टीम से जुड़ सकते हैं।

इस दौरान कोटक ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के फॉर्म पर भी चर्चा की। दरअसल, मौजूदा टूनामेंट में अभिषेक का बल्ला खामोश रहा है। लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अहमदाबाद में खाता तो खोला, लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गए। इस विषय पर बात करते हुए कोटक ने कहा, बीमारी के बाद अभिषेक शर्मा में मोमेंटम नहीं था लेकिन हमें एक खिलाड़ी पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। वह फॉर्म में वापसी से ज्यादा दूर नहीं हैं।

# अफगानिस्तान को मिला नया मुख्य कोच, रिचर्ड पायबस को मिली जिम्मेदारी

**काबुल।** इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पायबस को जोनाथन ट्रॉट की जगह अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। ट्रॉट का कार्यकाल मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम के बाहर होने के साथ ही खत्म हो गया था। पायबस अगले महीने यूएई में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज से पहले टीम की कमान संभालेंगे।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को बयान में कहा, 'एसीबी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि रिचर्ड पायबस को अफगानिस्तान राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह मार्च में श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की आगामी सीरीज से पहले टीम से जुड़ेंगे।' खिलाड़ी के रूप में उनका करियर चोटों के कारण प्रभावित रहा, लेकिन कोच के तौर पर उन्होंने उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

पायबस तीन बार विश्व कप जीतने वाली टीमों के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक रह चुके हैं। उनके पास शीर्ष स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव और हाई-परफोर्मेंस प्रणाली विकसित करने का रिकॉर्ड है। वह 2013 से 2019 तक वेस्टइंडीज के मुख्य कोच, क्रिकेट निदेशक और हाई-परफोर्मेंस प्रमुख रहे। इसी दौरान 2016 में वेस्टइंडीज ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब पुरुष, महिला और अंडर-19 तीनों टीमों ने एक ही कैलेंडर वर्ष में आईसीसी विश्व कप खिताब जीते।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### घर में घुसी युवती ने चाकू लहराया पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित आदित्यनाथ कॉलोनी में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 20 वर्षीय युवती अचानक एक घर में घुस गई। परिजनों ने उसे कमरे में झांकते हुए देखा तो पूछताछ की, जिस पर युवती ने बहस शुरू कर दी और जूते में छिपाकर रखा चाकू निकाल लिया। रहवासियों के मुताबिक युवती घर के भीतर कमरों में झांक रही थी। संदेह होने पर परिवार ने उससे पूछताछ की। युवती ने बताया कि वह यहां अपने एक साथी से मिलने आई है और उसका मोबाइल स्विच ऑफ है। जब उस पर चोरी की आशंका जताई गई तो वह आक्रामक हो गई और चाकू लहराते हुए मारने की धमकी देने लगी। इस दौरान उसने खुद के हाथ पर भी चाकू से वार कर लिया। स्थिति बिगड़ते देख परिजनों ने तत्काल एफआरवी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर युवती को काबू में लिया और थाने ले गई। बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर के अनुसार युवती लसूड़िया क्षेत्र की रहने वाली है और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई गई है। पुलिस ने उसका रिकॉर्ड भी चेक किया, जिसमें पूर्व का कोई आपराधिक मामला सामने नहीं आया। आवश्यक कार्रवाई के बाद युवती के परिजनों को बुलाकर उसे उनके सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में किसी प्रकार की आपराधिक मंशा की पुष्टि नहीं हुई है, फिलहाल युवती को परिजनों की देखरेख में भेजा गया है।

### महिला ने हैंड बैग में छिपा रखी थी एमडी ड्रग्स

#### 3 लाख 40 हजार की एमडी ड्रग्स बरामद

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार रात मुंबई की एक महिला को पकड़ा है। उसने हैंड बैग में 34.6 ग्राम एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 लाख 40 हजार रुपए है। महिला मूल रूप से मुंबई की रहने वाली है। ज्यादा पैसा कमाने के लिए वह ड्रग्स बेचती थी। टीम उससे और भी जानकारी निकाल रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जानकारी मिलने पर टीम अलग-अलग इलाकों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इस दौरान सांवरिया ग्रीन्स मैरिज गार्डन के सामने रीजनल पार्क के पास एक महिला नजर आई। क्राइम ब्रांच की टीम को देखकर महिला हड़बड़ा गई। उसकी हरकतें संदिग्ध लगीं तो टीम ने घेराबंदी कर उसे रोका और पूछताछ की, तो वह कुछ का कुछ बताने लगी। सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम फातिमा मंसूरी निवासी मुंबई महाराष्ट्र बताया। महिला आरक्षक ने जब उसकी तलाशी ली तो महिला के हैंड बैग से 34.6 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 लाख 40 हजार रुपए है। इसके चलते महिला पर कार्रवाई की गई।

इन्वेस्टमेंट-कमीशन, टैक्स और सिक्योरिटी एडवांस के नाम पर 12 अकाउंट में जमा कराए रुपए


# शेयर ट्रेडिंग के नाम से 1.31 करोड़ ठग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1 करोड़ 31 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने रिटायर्ड इंजीनियर की शिकायत पर एक महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़कर निवेश, कमीशन, टैक्स और सिक्योरिटी एडवांस के नाम पर अलग-अलग 12 बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई।

पुलिस के मुताबिक 62 वर्षीय राजेश शर्मा (निवासी नंदानगर) सरकारी विभाग से इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त हैं। अगस्त 2025 में वे मोबाइल पर वॉट्सऐप और फेसबुक देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें शेयर मार्केट में डेली प्रॉफिट दिलाने का दावा करने वाला एक विज्ञापन लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करने पर उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया, जहां शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का भरोसा दिया गया।

आरोप है कि शुरूआत में 1 लाख रुपए से ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया गया। सितंबर 2025 में 11 लाख रुपए और जमा कराए गए। इसके बाद निवेश बढ़ाने का दबाव बनाया गया। अलग-अलग बहानों से इन्वेस्टमेंट, कमीशन, टैक्स और सिक्योरिटी एडवांस के नाम पर 1 करोड़ 31 लाख रुपए 12 अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित को एक ट्रेडिंग ऐप (पेटीएम मनी जैसा इंटरफेस दिखाकर) में उनका पोर्टफोलियो 1 करोड़ 85 लाख रुपए बताया गया। जब उन्होंने रकम निकालने की बात कही तो आरोपी ने सिक्योरिटी रीजन बताकर भुगतान से इनकार कर दिया। इसके बाद भी अलग-अलग नामों से पैसे जमा कराने का सिलसिला चलता रहा। आखिरी तीन भुगतान के बाद आरोपी ने मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। कॉल भी रिसीव नहीं किए।



#### पीड़ित का नंबर किया ब्लॉक

6 जनवरी 2026 को पीड़ित का नंबर ब्लॉक कर दिया गया। परिचितों से चर्चा करने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद साइबर सेल में शिकायत की गई। जांच के बाद मंगलवार को परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपी यशस्विनी जिंदल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

### ट्रक हादसे में दोनों पैर व एक हाथ फ्रैक्चर परीक्षा देने पहुंची संस्कृति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एरोड्रम क्षेत्र में पिछले साल हुए ट्रक हादसे में गंभीर रूप से घायल संस्कृति वर्मा ने दोनों पैरों व एक हाथ में फ्रैक्चर व गंभीर सर्जरी के बाद भी हार नहीं मानी। बिस्तर पर रहते हुए भी संस्कृति ने पढ़ाई जारी रखी। वे असहनीय दर्द के बीच मंगलवार को सीबीएसई 12वीं का पहला पेपर देने पहुंचीं। संस्कृति कॉमर्स की छात्रा हैं। पहला पेपर अकाउंट का था। संस्कृति ने बताया कि उनका पेपर अच्छा गया है। मैं अपना एक साल खराब करना नहीं चाहती थी, इसलिए पढ़ाई जारी रखी। उम्मीद है कि अन्य पेपर भी अच्छे रहेंगे। दरअसल, हादसे में गंभीर घायल संस्कृति को पांच दिन बाद एयर लिफ्ट कर सर्जरी के लिए मुंबई भेजना पड़ा था। सर्जरी के बाद वे कई समय तक बेड रेस्ट पर रहीं। पिता अशोक वर्मा ने बताया संस्कृति को चलने और बैठने में परेशान थी। हाथों में फ्रैक्चर होने के कारण वह लिख नहीं पा रही थी।

# 4 माह पहले जब्त 3400 लीटर घी में बड़ा खुलासा

### मैसूर की लैब ने जिस घी को मनुष्य के लिए हानिकारक बताया, भोपाल में उसे ही पास कर दिया था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चार महीने पहले पालदा क्षेत्र से जब्त किए गए 3400 लीटर घी के सैंपलों की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। मैसूर की सेंट्रल लैब ने जांच में जिन तीन सैंपलों को मनुष्य के लिए हानिकारक बताया है, उन्हीं सैंपलों को भोपाल की लैब में पास कर दिया गया था। वहीं 7 सैंपल पहले ही फेल हो चुके हैं। सूत्रों का कहना है इस घी को अनसेफ या अमानक माना है। जल्द ही प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई कर सकता है।

दरअसल, जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की टीम ने अमानक घी की शंका में कलेक्टर के निर्देश पर दीपावली के सीजन में पालदा स्थित श्रीराम मिल्क फूड डेरी इंडस्ट्रीज एवं इसी परिसर मे संचालित एसआरएमआई राम मिल्क फूड एंड डेरी इंडस्ट्रीज पर कार्रवाई की थी। इस दौरान अलग-अलग ब्रॉन्ड के 10 से ज्यादा घी के सैंपल लिए थे। मौके से विभिन्न पैकिंग के लगभग 3409 लीटर घी (बाजार मूल्य 20 लाख रुपए) जब्त किया था। इसमें से 7 नमूने पहले ही अवमानक पाए गए थे। तीन सैंपल को लेकर कहा गया था कि इनकी जांच जारी है। बाद में जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी ने इस पर संशय जताते हुए इन्हें मैसूर लैब भेजा था। जिन ब्रॉन्ड के नमूने लिए गए थे, उनमें लूज घी, एसआरएमआई मदर चॉइस गाय का घी 1 लीटर, आधा लीटर सहित अन्य शामिल थे।

# टक्कर के बाद कार सवार युवक का अपहरण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में कार से टक्कर मारने के बाद युवक का अपहरण कर मारपीट और लूट की वारदात सामने आई है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट और लूट का केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है। सभी आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

संस्कृति पैराडाइज निवासी तनिष्क पुत्र महेश बैरागी ने शिकायत दर्ज कराई कि मंगलवार रात वह कार से जा रहे थे। कैलोद पाटा के पास पीछे से एक कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। वह नीचे उतरकर देखने लगे तो दूसरी कार से तीन लोग उतरे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने तनिष्क को जबरदस्ती अपनी कार में बैठा लिया। इसके बाद उसे बायपास पर करीब आधे घंटे तक घुमाया गया।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरुआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
Marketing Manager
Merketing Executive
Sales Executive
Team Leader
Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पंप, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करें, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करें।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com